खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम : 23°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 3 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 232 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 10 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




यूपी में आउटसोर्स सेवा निगम का गठन होगा: योगी

पेज 2



राशिद खान ने टी-20 विकटों का विश्व रिकॉर्ड बनाया

खेल टाइम्स



रेड कार्पेट, चियर्स गर्ल्स और कूटनीति

सम्पादकीय



फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी में बेल्जियम

पेज 12

# भूस्खलन से सूडान तबाह, 1000 की मौत

## दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच पूरा गांव हुआ दफन, केवल एक व्यक्ति जीवित बचा

खार्तूम, वार्ता

**सूडान के पश्चिमी** क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह-सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है। इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा है। सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है। केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है। अनुमान है कि लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं। गांव पूरी तरह से तबाह हो चुका है। राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद

- **सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने शवों को बरामद करने को यूएन से लगाई गुहार**
- **हजारों विस्थापितों ने मर्राह पहाड़ियों में ली है शरण**
- **इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा**

और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय सहायता समूहों से गुहार लगाई गई है। स्थानीय मीडिया द्वारा एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें दिखाया गया है कि पहाड़ों के बीच पूरा इलाका समतल हो गया है और लोग वहां मलबे में तलाश कर रहे हैं। यह आपदा ऐसे समय में आई



है, जब सूडान पहले से ही भयानक गृहयुद्ध से जूझ रहा है। अप्रैल 2023 से देश की सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच राजधानी खार्तूम समेत कई जगहों पर लड़ाई छिड़ी हुई है। सेना और आरएसएफ के बीच लड़ाई के कारण मर्राह पर्वत समेत दारफुर क्षेत्र का अधिकांश भाग संयुक्त राष्ट्र और सहायता समूहों की पहुंच से बाहर है। मर्राह पर्वत क्षेत्र में स्थित सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी, दारफुर और कोर्डोफन में सक्रिय कई विद्रोही संगठनों में से एक है। यह मौजूदा गृहयुद्ध में किसी भी पक्ष के साथ नहीं है। मर्राह पहाड़ियां 160 किलोमीटर लंबी ज्वालामुखीय पर्वत श्रृंखला हैं, जो अल-फशर के दक्षिण-पश्चिम में फैली हुई हैं। यह क्षेत्र राजधानी खार्तूम से करीब 900 किलोमीटर दूर है और संघर्ष से विस्थापित हजारों परिवार यहां शरण ले चुके हैं। सूडान में इस संघर्ष में अब तक 40,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 1.4 करोड़ से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। देश के कई हिस्सों में अकाल जैसी स्थिति है, जिसके कारण लोगों को जिंदा रहने के लिए घास खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों के अनुसार इस संघर्ष में जातीय हिंसा, नरसंहार और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने भी युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच शुरू कर दी है।

# दूसरे दिन भी फिर दहला अफगानिस्तान

## मरने वालों की संख्या 1411 हुई

काबुल, वार्ता

**अफगानिस्तान में** एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले अफगानिस्तान के जलालाबाद में रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप में मरने वालों की संख्या 1411 के पार हो गई है। जबकि घायलों का आंकड़ा 3250 से ज्यादा हो गया है।

न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक तालिबान ने इसकी जानकारी दी है। अफगानिस्तान में जलालाबाद के पास रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। इस वक्त ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दुनियाभर से मदद मांगी है। इसके बाद भारत ने मदद के लिए 1000 टेंट काबुल भेजे हैं। साथ ही 15 टन खाने का सामान काबुल से कुनार भेजा। विदेश

- **दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का फिर आया भूकंप**

मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि भारत आगे भी राहत सामग्री भेजेगा। 2021 में तालिबान सरकार बनने के बाद अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने अफगानिस्तान की मानवीय सहायता रोक दी थी। संयुक्त राष्ट्र ने भी मृतकों के लिए दुख जताया है।

एक्स पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि हमारी टीमें पहले से ही राहत बचाव काम में लगी हुई हैं। अफगानिस्तान की अपील के बाद भारत के अलावा चीन और ब्रिटेन जैसे देशों ने भी मदद भेजी है। ब्रिटेन ने भूकंप से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए 1 मिलियन पाउंड (10 करोड़) के इमरजेंसी फंड का ऐलान किया है। वहीं चीन ने कहा कि वह अफगानिस्तान की जरूरतों और अपनी क्षमता के मुताबिक उसकी मदद करेंगे।

### सोशल मीडिया आर्टिस्ट की पति ने की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नजफगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक सोशल मीडिया आर्टिस्ट की उसके पति ने गला दबाकर हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार सुबह की है। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी पति अमन (35) ने खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की, पर समय रहते पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसकी जान बच गई। दंपति के दो पुत्र हैं। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश में पीलीभीत के निवासी हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि पुलिस को मंगलवार तड़के करीब 4:23 बजे एक पीसीआर कॉल मिली थी, कॉल करने वाले व्यक्ति ने पुलिस को नजफगढ़ के पुरानी रोशनपुरा में किराये के मकान में महिला की हत्या की सूचना दी थी। इस मकान में वह दंपति अप्रैल 2025 से रह रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस को 30 वर्ष महिला का शव मिला। जांच में पता चला कि वह एक सोशल मीडिया आर्टिस्ट थी और सोशल मीडिया पर उसके 6,000 फॉलोअर्स थे।

### ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए अहम योजना का शुभारंभ

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार की ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए एक अहम योजना की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि क्रेडिट को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड का उद्घाटन किया और 105 करोड़ रुपये की राशि का जीविका निधि में ट्रांसफर किया। इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए कहा कि बिहार की माताओं, बहनों और बेटियों को अवसरों की कमी न हो, इसके लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जीविका निधि का उद्देश्य सामुदायिक सदस्यों को सस्ती ब्याज दरों पर आसानी से ऋण उपलब्ध कराना है।

# भारत का पहला स्वदेशी स्पेस प्रोसेसर 'विक्रम 3201' लॉन्च

## रॉकेट और सैटेलाइट मिशन होंगे और मजबूत

नई दिल्ली, वार्ता

**सेमिकॉन इंडिया** 2025 सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 'विक्रम 3201' पेश किया। इसे भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है।

इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) के सहयोग से तैयार किया गया है। यह एक 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है, जिसे खासतौर पर अंतरिक्ष मिशनों की कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए बनाया गया है। इसकी 55 डिग्री सेल्सियस से लेकर +125 डिग्री सेल्सियस तक तापमान झेलने की क्षमता इसे बेहद मजबूत बनाती है। इसका काम रॉकेट और लॉन्च व्हीकल्स में नेविगेशन, कंट्रोल और



- **सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम**

मिशन मैनेजमेंट को संभालना है। इसे मिलिट्री-ग्रेड स्टैंडर्ड्स के हिसाब से तैयार किया गया है, ताकि यह रेडिएशन और वाइब्रेशन जैसी कठिन परिस्थितियों में भी काम करता रहे। इससे पहले इसरो 2009 से 'विक्रम 1601' (16-बिट प्रोसेसर) का इस्तेमाल कर रहा था। अब 'विक्रम 3201' न सिर्फ 32-बिट आर्किटेक्चर लाता है, बल्कि इसमें 64-बिट फ्लोटिंग-प्वाइंट ऑपरेशन, एडीए प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का सपोर्ट और बेहतर कम्युनिकेशन के लिए ऑन-चिप 1553बी बस इंटरफेस जैसे कई बड़े अपग्रेड शामिल हैं। इसे एससीएल की चंडीगढ़ यूनिट में 180-नैनोमीटर सीओएमएस तकनीक से बनाया गया है, जो एयरोस्पेस एप्लिकेशंस के लिए भरोसेमंद है। 'विक्रम 3201' को पहले ही पीएसएलवीएंडसी-60 मिशन में टेस्ट किया जा चुका है। इसने पीएसएलवी ओरबीटल ईपैरामेंटल मॉड्यूल (पीओईएम-4) के मिशन मैनेजमेंट कंप्यूटर को सफलतापूर्वक संचालित किया। इस सफलता के बाद इसरो अब इसे अपने आगामी लॉन्च व्हीकल्स में व्यापक रूप से अपनाने जा रहा है। इसरो ने इसी साल मार्च 2025 में 'विक्रम 3201' के साथ 'कल्पना 3201' नाम का दूसरा प्रोसेसर भी लॉन्च किया था। यह 32-बिट एसपीएआरसी 8 आरआईएससी आर्किटेक्चर पर आधारित है।

### उमर खालिद और शरजील इमाम को हाईकोर्ट ने जमानत देने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने साल 2020 में हुए दंगों से जुड़ी कथित साजिश के मामले में अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद, शरजील इमाम सहित कई अन्य आरोपियों को जमानत देने से इन्कार कर दिया। मंगलवार को न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शैलिंदर कौर की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया। अदालत ने उमर खालिद, शरजील इमाम, मोहम्मद सलीम खान, शिफा उर रहमान, अतहर खान, मीरान हैदर, अब्दुल खालिद सैफी और गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। अदालत में सुनवाई के दौरान उमर खालिद और अन्य की ओर से पेश वकीलों ने दलील दी कि उनके मुवक्किल निर्दोष हैं। हालांकि हाईकोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि इस स्तर पर उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती। बचाव पक्ष ने साफ किया है कि वे इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे।

# जल आपदा की चपेट में दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड

## उत्तराखंड के सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद

नई दिल्ली, वार्ता

**पंजाब,** हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश जारी है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है।

भिवानी, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में मंगलवार को कुछ स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं। उधर दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कालोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कालोनियों में रहने वाले लोगों को



- **पंजाब के 12 जिलों में बाढ़, 29 लोगों की मौत**
- **दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ा, कई कालोनियां खाली कराई गई**

अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है। उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड से दो लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए।

भारी बारिश के कारण चार धाम यात्रा 5 सितम्बर तक स्थगित कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश में इस साल अगस्त की बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ा दिया। बीते महीने सामान्य से 68 प्रतिशत ज्यादा (256.8 एमएम) बारिश हुई। यह 1949 के बाद से सबसे ज्यादा है। शिमला में पिछले 24 घंटे में लैंडस्लाइड और मकान गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल के 6 जिलों में बहुत तेज बारिश का रेड अलर्ट है। 8 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे।

# कांग्रेस-आरजेडी ने मेरी मां को गाली दी: मोदी

नई दिल्ली/पटना, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के लिए मां की गरिमा, उसका सम्मान, उसका स्वाभिमान बहुत बड़ी प्राथमिकता है। मां ही तो हमारा संसार होती है, मां ही हमारा स्वाभिमान होती है। उन्होंने कहा कि बिहार में कुछ दिनों पहले जो हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी।

बिहार में राजद-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गई। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं है। ये देश की मां-बहन-बेटी का अपमान है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पता है कि आप सबको भी ये



- **प्रधानमंत्री ने कहा: यह देश की हर मां का अपमान, ये लोग जहां मिलें उनका विरोध करें**

देखकर और सुनकर कितना बुरा लगा है। मैं जानता हूं कि इसकी जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है। इसलिए, आज जब इतनी बड़ी तादाद में बिहार की लाखों माताओं-बहनों के दर्शन मैं कर रहा हूं, तो आज मेरा मन और मैं अपना दुख आपसे साझा कर रहा हूं। ताकि आप माताओं-बहनों के आशीर्वाद से मैं इसे झेल पाऊं। उन्होंने कहा कि मैंने हर दिन, हर क्षण अपने देश के लिए पूरी मेहनत से काम किया है और इसमें मेरी मां की बहुत बड़ी भूमिका रही है। मुझे मां भारती की सेवा करनी थी, इसलिए मुझे जन्म देने वाली मेरी मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त कर दिया था। उस मां के ही आशीर्वाद से मैं चल पड़ा था। इसलिए मुझे आज इस बात की पीड़ा है कि जिस मां ने मुझे देशसेवा का आशीर्वाद देकर भेजा, खुद से अलग करके मुझे जाने की इजाजत दी। मोदी ने कहा कि आप सब जानते हैं कि अब मेरी मां का शरीर तो इस दुनिया में नहीं है। कुछ समय पहले 100 साल की उम्र पूरी करके वो हम सबको छोड़कर चली गई। मेरी उस मां को जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, जिसका शरीर भी अब नहीं है। मेरी उस मां को राजद-कांग्रेस के मंच से भद्दी-भद्दी गालियां दी गई। ये बहुत ही दुख, कष्ट और पीड़ा देने वाला है। उस मां का क्या गुनाह है कि उसे भद्दी गालियां सुना दी गई। पीएम ने कहा कि आज मंगलवार के दिन बहुत मंगल कार्य की शुरुआत हो रही है। बिहार की माताओं- बहनों को आज एक नई सुविधा मिलने जा रही है। जीविका निधि साख सरकारी संघ। इससे गांव-गांव में जीविका से जुड़ी बहनों को अब और आसानी से पैसा मिलेगा। उन्हें आर्थिक मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे ये देखकर खुशी हो रही है कि जीविका निधि की व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल है। मैं बिहार की माताओं-बहनों को बहुत बधाई देता हूं और इस अद्भूत पहल के लिए मैं नीतीश कुमार और बिहार सरकार का भी अभिनंदन करता हूं।

# नागपुर से कोलकाता जा रहे इंडिगो विमान से पक्षी टकराया

**मुंबई।** नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो-6ई812 फ्लाइट से मंगलवार को पक्षी टकरा गया। इससे विमान की नागपुर में ही इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

प्लेन में 272 यात्री सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। घटना सुबह 7.01 बजे की है। विमान को 8.50 बजे कोलकाता पहुंचना था। एयरपोर्ट पर मौजूद अधिकारियों का कहना है कि उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान से एक पक्षी टकरा गया। इससे विमान की नोज (सबसे आगे का हिस्सा) को नुकसान पहुंचा। वह अंदर धंस गई। इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग का यह 5 दिन में

- **विमान की नोज को नुकसान, अंदर धंसी**
- **5 दिनों में इंडिगो विमान की दूसरी इमरजेंसी लैंडिंग**

दूसरा मामला है। 28 अगस्त को सूरत से दुबई जा रही इंडिगो फ्लाइट की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। विमान संख्या 6ई-1507 ने गुरुवार सुबह 9.30 बजे सूरत एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। विमान में 150 यात्री सवार थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा के पास दो वोटर आईडी: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र होने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं, जबकि कानून के मुताबिक देश के किसी भी नागरिक के पास सिर्फ एक वोटर आईडी होनी चाहिए। श्री भंडारी ने कहा कि ऐसे में जब श्री खेड़ा का सच सामने आ चुका है तो क्या देश भर में घूमकर आम मतदाताओं के वोटों को फर्जी बताने और वोट चोरी का आरोप लगाने वाले कांग्रेसी नेता राहुल गांधी अपने पार्टी के नेता के खिलाफ कुछ कार्रवाई करेंगे या कुछ बोलेंगे।

### दो जगह मेरे नाम के लिए आयोग जिम्मेदार : खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि वोटर सूची में अगर दो जगह उनका नाम है तो इसमें चुनाव आयोग की गलती है और आयोग को ये बताना चाहिए कि उनके नाम पर किससे वोट दिलवाया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख श्री खेड़ा ने मतदाता सूची में उनका नाम दो जगह होने के भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित मालवीय के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि वह नौ साल पहले नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से जंगपुरा शिफ्ट हो चुके हैं और यदि उनका नाम अब भी वहां की वोटर लिस्ट में है तो यह आयोग की गलती है। वह मंगलवार को यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। श्री खेड़ा ने कहा कि मैं नई दिल्ली से 9 साल पहले जंगपुरा गया हूं और मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म-7 भी भरा है। इसके बावजूद यदि अब भी मेरा नाम मतदाता सूची में है तो इसमें मेरी कोई गलती नहीं है।

# अभाविप कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज, सीओ पर गिरी सीएम की गाज

## एसएचओ सहित चौकी इंचार्ज को किया लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं पर एक दिन पूर्व बाराबंकी के श्रीराम स्वरूप मेमो. रियल विवि में हुए पुलिसिया लाठी चार्ज की घटना को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सीओ हर्षित चौहान को हटाने के साथ ही एसएचओ कोतवाली रामकिशन राणा और चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर किया गया है। जबकि दोषी पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन से सम्बद्ध कर दिया गया है।

पूरे मामले की जांच आईजी अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार को सौपी गयी है। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व राम स्वरूप यूनिवर्सिटी में अभाविप कार्यकर्ताओं और स्टूडेंट्स ने विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से लगातार की जा रही अवैध वसूली और लॉ कोर्स की संबद्धता बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से न होने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। छात्रों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए भीड़ को तितर बितर करने के लिए लाठी चार्ज कर दिया था। लाठी चार्ज की घटना में दर्जन भर कार्यकर्ता चोटिल हो गए थे। अभाविप अवध प्रांत के प्रदेश मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई ने बताया कि विवि में लंबे समय से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां की लॉ डिग्री की मान्यता नहीं है। ऐसे में लॉ स्टूडेंट्स के साथ धोखा किया गया है।उनका कहना था कि साल 2022 से विधि विभाग की बार काउंसिल ऑफ इंडिया से संबद्धता के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहा है। जिससे छात्रों को फर्जी झांसा देकर उनके भविष्य को अंधकार में धकेला जा रहा है। जब छात्रों ने इस बाबत सवाल किया तो छात्र आदर्श पांडे और अभय राम त्रिपाठी को विश्व. विद्यालय से निष्कासित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जब इन मुद्दों पर बात करने के लिए प्रतिनिधिमंडल कुलपति डॉ. विकास मिश्रा से मिलने उनके कार्यालय गया, तो कुल. पति ने छात्रों से संवाद करने के बजाय पुलिस बल का प्रयोग किया। कुलपति के कहने पर पुलिस द्वारा उन पर लाठी चार्ज किया गया।

### लाठी चार्ज के विरोध में अभाविप ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के मातृ संगठन के रूप में शामिल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को विधानसभा सहित लखनऊ विश्वविद्यालय व कैसरबाग स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने संजय प्रसाद होश में आओ, पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद, योगी सरकार मुर्दाबाद, छात्र शक्ति जिंदाबाद जैसे नारे भी लगाए। बाराबंकी के रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में एक दिन पूर्व हुए पुलिसिया लाठी चार्ज के विरोध में आज लखनऊ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। इस दौरान कुछ छात्र जो पहले से ही विधानसभा के सामने स्थित भाजपा कार्यालय पर मौजूद थे। वह विधानसभा का घेराव करने के लिए मुख्य सड़क पर आ गए।

# उप्र में अगले 24 घंटे के दौरान कई जिलों में भारी बारिश की सम्भावना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत यूपी के एक दर्जन से ज्यादा जिलों में बारिश जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान लखनऊ समेत कई जिलों में सामान्य से भारी बारिश होने की सम्भावना है।

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को आसमान बादलों से घिरा रहेगा और कुछ स्थानों पर बारिश एवं गरज के साथ बौछारें पड़ने के साथ सामान्यत: बादल छाए रहेंगे। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 31 और 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। वहीं राज्य में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

■ **प्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा जिलों में बारिश से जनजीवन प्रभावित**

साथ ही, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं मौसम विभाग के आंकड़ों की मानें तो पिछले छह सालों में शहर के लिए ये मानसून के सबसे अच्छे तीन महीने रहे। लखनऊ में 2020 के बाद से जून, जुलाई और अगस्त के महीनों में सबसे ज्याादा बारिश हुई है। अब तक कुल 542.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। पिछली बार इतनी भारी बारिश 2019 में हुई थी, जब जून से अगस्त तक कुल 577.7 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। राज्य मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने कहा कि अगर हम इस साल के आंकड़ों पर गौर करें तो अब तक 542.7 मिमी बारिश हुई है जबकि पिछले साल 525.9 मिमी बारिश हुई थी। 2023 में यह 483.9 मिमी, 2022 में बहुत कम 351.2 मिमी, 2021 में 450.3 मिमी और 2020 में घटकर 447.8 मिमी रह गई। ताज़ा पश्चिमी विक्षोभ, सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण और अन्य कारणों से अच्छी बारिश हुई। बुधवार तक और बारिश होने की संभावना है और तापमान में एक-दो डिग्री की गिरावट भी संभव है। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 4.4 डिग्री कम था, जबकि न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.1 डिग्री कम था।

## मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने दी15 फैसलों को मंजूरी

# आउटसोर्स सेवा निगम का गठन होगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें कई अहम फैसले लिए गए।

कैबिनेट की बैठक में 15 प्रस्ताव पास किए गए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि सरकार उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक में हुए फैसलों की जानक. ारी देते हुए नगर विकास मंत्री अरलवद कुमार शर्मा मंत्री ने बताया कि, कानपुर और लखनऊ ई बस सेवा की शुरुआत की जाएगी। नगरीय परिवहन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ई बस सेवा की सुविधा का प्रस्ताव रखा गया था जिसको मंजूरी मिली है। श्री शर्मा ने बताया कि कानपुर और लखनऊ के 10-10 रूट पर इन बसों का संचालन किया जाएगा। एक बस की कीमत 10 करोड़ रुपये आयेगा और इसको 12 साल के लिए लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक रूट पर एक बस चालाई जाएगी और जरूरत पड़ने पर इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी।

### कर्मचारियों के खाते में जाएगी सैलरी

आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधे पूरा वेतन कर्मचारी के खाते में जाएगा। बैठक में कुल 15 प्रस्तावों को स्वीकृति दी, जिसमें कम्पनीज एक्ट-2013 के सेक्शन-8 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन को मंजूरी देना भी शामिल रहा। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि यह एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी होगी, जिसे नान-प्रॉफिटेबल संस्था के रूप में संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से अब आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी का चयन करेगा। आउटसोर्स कर्मचारियों का चयन तीन वर्ष के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को 16 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया गया है।

सरकार उसकी निगरानी करेगी और भाड़े को नियंत्रित करेगी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सरकार उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। इसके ज़रिये जैम पोर्टल के माध्यम से एजेंसी का चयन किया जाएगा। श्री खन्ना ने बताया कि सरकार ने आउटसोर्सिंग को लेकर बड़ा फ़ैसला लिया है। सरकार ने इसमें पारदर्शी प्रकिया का प्रावधान किया गया है। इसमें सरकार अब आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

### मिलेगा रोजगार

यह निर्णय न केवल लाखों युवाओं को बेहतर अवसर देगा, बल्कि प्रदेश में रोजगार और सुशासन का नया मॉडल भी स्थापित करेगा। श्री खन्ना ने बताया कि लगातार यह शिकायतें सामने आ रही थीं कि उन्हें सरकार द्वारा स्वीकृत मानदेय का पूरा भुगतान नहीं मिल रहा। साथ ही ईपीएफ, ईएसआई जैसी अनिवार्य सुविधाओं का नियमित अंशदान भी कई बार एजेंसियों द्वारा नहीं किया जाता था। अब चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी तय करेगा। कर्मचारियों का मानदेय 16 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है।

# यूपी सरकार ने किया 13 पीसीएस का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार देर रात 13 वरिष्ठ पीसीएस अधिकारियों का तबा. दला कर दिया। एक दिन पहले ही सरकार ने आठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया था। सरकार की ओर से जारी की गई सूची के अनुसार राम प्रकाश को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण में भेजा गया है जबकि कुंवर पंकज महोबा में एडीएम (वित्त/राजस्व) होंगे।

नवीन चंद्र को अपर ज़िलाधिकारी मेरठ, ज्योति राय को अपर ज़िलाधिकारी बलरामपुर, प्रदीप कुमार को उपनिदेशक पशुपालन विभाग की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। सुनन्दु सुधाकरण को अपर आयुक्त वाराणसी मंडल, राकेश लसह को अपर ज़िलाधिकारी सुल्तानपुर बनाया गया है। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों को भी नए पद सौंपे गए हैं जिससे राज्य के प्रशासनिक ढांचे में बदलाव आया है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य में एक बार फिर 8 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया था।

### महोबा के जिला आबकारी अधिकारी को किया निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कदम उठाते हुए महोबा जनपद के जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। राजेंद्र प्रसाद वर्मा द्वारा रिश्वत लिए जाने से संबंधित वीडियो दिनांक 26 जून को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

सेंसेक्स 80157.88
निफ्टी 24579.60

सोना रु. 104662
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 123281
प्रति किलो




# बिकवाली से प्रमुख सूचकांक में रही गिरावट

**मुंबई, वार्ता**

बैंकिंग और फार्मा कंपनियों में बिकवाली के दबाव में मंगलवार को प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही, हालांकि मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सुबह बढ़त से साथ खुलने और 400 अंक से अधिक चढ़ने के बावजूद दोपहर बाद दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से सेंसेक्स 206.61 अंक (0.26 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,157.88 अंक पर बंद हुआ।

यह 155.60 अंक की बढ़त में 80,520.09 अंक पर खुला था। यह ऊपर 80,761.14 अंक तक और नीचे 80,008.50 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 45.45 अंक यानी 0.18 प्रतिशत टूटकर 24,579.60 अंक पर बंद हुआ। यह भी 27.95 अंक की तेजी के साथ 24,653 अंक पर खुला था। इसका उच्चतम स्तर 24,758.10 अंक और निचला स्तर 24,522.35 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों में गिरावट रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 2.45 प्रतिशत,



■ **सेंसेक्स लुढ़ककर 80,157.88 अंक पर बंद हुआ**
**निफ्टी-50 टूटकर 24,579.60 अंक पर बंद हुआ**

एशियन पेंट्स का 1.33, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.28 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.15 प्रतिशत लुढ़क गया। टाटा मोटर्स, एलएंडटी, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी टूट गए। पावर ग्रिड में सबसे ज्यादा 2.43 प्रतिशत की तेजी रही। एनटीपीसी में 1.60 प्रतिशत, टाटा स्टील में 1.44, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.09 और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.92 प्रतिशत की बढ़त रही। बीईएल, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, इटरनल, आईटीसी और सनफार्मा के शेयर भी मजबूती के साथ बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.53 प्रतिशत चढ़ गया। वित्तीय, बैंकिंग, ऑटो, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के सूचकांकों में गिरावट रही जबकि एफएमसीजी, तेल एवं गैस, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और धातु सेक्टरों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया। विदेशों में ज्यादातर शेयर बाजारों में गिरावट का रुख रहा। एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.45 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.47 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। जापान का निक्केई सूचकांक 0.29 प्रतिशत चढ़ा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.24 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.33 फीसदी उतर चुका था।

### सोने और चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 169 रुपए बढ़कर 1,04,662 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं चांदी की कीमत 481 रुपए बढ़कर 1,23,281 रुपए प्रति किलो हो गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,240 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,400 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,250 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,250 रही। वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,250 और भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,140 रही।

# चावल-गेहूं महंगे, दालों-खाद्य तेलों में घट-बढ़, चीनी के भाव चढ़े

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल की कीमत में उछाल देखा गया। गेहूं के दाम भी बढ़ गए। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा जबकि चीनी मजबूत हुई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 94 रिंगिट चढ़कर 4,474 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.56 प्रतिशत चढ़कर 52.43 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब आठ रुपये बढ़कर 3,856.64 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं भी सात रुपये की मजबूती के साथ 2,856.81 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपये मजबूत हुआ और 3,318.67 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। सरसों तेल औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल में 37 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी रही। सोया तेल के भाव कमोबेश स्थिर रहे। सूरजमुखी तेल 52 रुपये और वनस्पति 27 रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल भी 16 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत करीब 64 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी जबकि अन्य दालों में तेजी रही। चना दाल 11 रुपये और मूंग दाल 23 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत में 19 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त दर्ज की गयी। उड़द दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब नौ रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। चीनी भी करीब तीन रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे। दाल.दलहन : दाल चना 7991.88 रुपये, मसूर काली 8173.05 रुपये, मूंग दाल 10129.40 रुपये, उड़द दाल 10448.47 रुपये, अरहर दाल 10695.89 रुपये प्रति क्विंटल।

# किसानों, ग्रामीण अर्थव्यस्था के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दें बैंक

**चेन्नई, वार्ता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण हमारे बैंकिंग क्षेत्र की प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि कि समय पर और किफायती ऋण प्रदान करके, वित्तीय साक्षरता प्रदान करके और कृषि-तकनीक पहलों को समर्थन देकर, बैंक कृषि को टिकाऊ और लाभदायक बनाने में मदद कर सकते हैं। श्रीमती मुर्मु यहां सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थी। 'स्वदेशी बैंकिंग की विरासत 120 वर्षों का उत्सव' शीर्षक के इस समारोह में तमिलनाडु के राज्यपाल एन आर रवि , केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और तमिलनाडु सरकार की समाज कल्याण एवं



■ **सिटी यूनियन बैंक के स्थापना दिवस समारोह में बोलीं मुर्मू**

महिला सशक्तिकरण विभाग की मंत्री पी गीता जीवन उपस्थित थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि जैसे-जैसे हमारी डिजिटल और ज्ञान-संचालित अर्थव्यवस्था का विस्तार हो रहा है, डिजिटल परिवर्तन और उद्यमिता में बैंकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। स्टार्ट-अप से लेकर स्मार्ट सिटी तक, ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां बैंक मदद कर सकते हैं। बैंक एक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदार बन सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम क्षेत्र (एमएसएमई क्षेत्र) को विकास के इंजन में बदलने में बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे बैंकों को वंचित और हाशिये पर पड़े वर्गों की मदद के लिए भी कदम उठाने चाहिए। दिहाड़ी मजदूरों और प्रवासी मजदूरों को बैंकिंग सेवाओं से बेहतर ढंग से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और बैंकिंग उद्योग इसकी विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010




वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# बीसीए के छात्र की हादसे में हुई मौत, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका, पुलिस जांच शुरू

**गढ़ी देशराज में चारा काटने की मशीन में उतरे करंट से किसान की मौत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/तितावी।** ग्राम जसोई के निकट बाइक सवार बीसीए के छात्र की एक हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया यह मामला उस वक्त पेचीदा हो गया जब परिजनों ने एक युवक पर सीधे-सीधे हत्या का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। मामला हत्या का है या दुर्घटना का यह तो पुलिस जांच का विषय है, लेकिन कुछ परिजन इसको हत्या बता रहे है तो कुछ अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत होना बता रहे है फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। वहीं दूसरी ओर तितावी क्षेत्र के गांव गढ़ी देशराज में बिजली के करंट से एक ग्रामीण की मौत हो गई। इस घटना से जहां ग्रामीणों में करंट से मौत लेकर दहशत बन गई वहीं परिवार में भी कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है।तितावी क्षेत्र के गांव छतेला निवासी 22 वर्षीय आदित्यपाल पुत्र सत्यपाल पुत्र पप्पू बीसीए का छात्र था वह श्रीराम कॉलेज में पढ़ता था। घटना सोमवार की शाम की है बताया जाता है कि आदित्य पाल अपने घर यह कहकर निकला था कि वह अपने दोस्त के घर हवन में शामिल होने के लिए जा रहा है। शाम के समय आदित्यपाल के भाई अंकुर व चचेरे भाई अंकित को सूचना मिली कि आदित्य की जसोई के पास दुर्घटना हो गई है। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे जैसा कि चचेरे भाई अंकित का कहना है कि जब वह मौके पर पहुंचे तो आदित्यपाल वहां नहीं था। काफी देर तक वह आदित्य की तलाश में घुमते रहे, लेकिन घायल अवस्था में मिला आदित्य को जब अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद तितावी पुलिस भी मौके पर पहुंची और छानबीन की, हालांकि पुलिस इस मामले को दुर्घटना मान रही है जबकि कुछ परिवार के लोगों का कहना है कि आदित्य की दुर्घटना में मौत नहीं हुई है उसकी हत्या की गई है। कुछ लोग इसे एक हादसा भी मान रहे है फिलहाल पुलिस ने परिवार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है मामला हत्या का है या आदित्य की मौत एक हादसा है यह पुलिस जांच का विषय है।

वहीं दूसरी और तितावी थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी देशराज ग्रामीण बिजेन्द्र प्रजापति पुत्र कुंवर सिंह पशुओं के लिए चारा काट रहा था इस समय शाम के चार बजे थे जब वह घर में चारा काट रहा था तो अचानक ही मशीन में उतरे करंट ने बिजेन्द्र प्रजापति को जकड़ लिया। काफी समय तक परिवार इस हादसे से अंजाम थे जब किसान की पत्नी संतोष देवी दूध निकालने पहुंची तो चारा काटने वाली मशीन चलती हुई मिली, जबकि पास में ही बिजेन्द्र पड़ा हुआ था। इस घटना से परिवार में रोना पीटना पड़ गया और बिजेन्द्र का बेटा मोनू व प्रिंयाशु ने उनको अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन यहां उनको मृत घोषित कर दिया।

## अग्निवीर भर्ती में दिखाया जिले के युवाओं ने उत्साह

**मुजफ्फरनर।** अग्निवीर भर्ती के अंतिम दिन नुमाईश मैदान और स्टेडियम में 947 युवाओं ने शारीरिक दक्षता परीक्षा दी। जानसठ, खतौली, सदर और बुढ़ाना तहसील से आए युवाओं ने 1600 मीटर की दौड़ में भाग लेकर अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। यह परीक्षा 22 अगस्त से शुरू हुई थी जिसमें 11 जिलों के युवाओं ने भाग लिया। बुधवार को भर्ती का अंतिम दिन होने के कारण इन जनपदों के 1189 अभ्यर्थी अग्निवीर टैक्निकल, ट्रैडसमैन, क्लर्क और स्टोरकीपर पदों के लिए परीक्षा देंगे। दिनभर बारिश होने के कारण भर्ती के लिए आए युवा खासे परेशान नजर आए लेकिन सुनहरे भविष्य को देखकर उनके उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आई।

# नगर में चारों ओर सड़कों में गड्ढे और गड्ढों में भरा पानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अभी तक तो यह सुनते आए थे कि सड़कों में गड्डे और गड्डो में सडक और सडक पर पानी, लेकिन हाल में अब यह सब कुछ देखने को मिल रहा है। पूरा शहर आयने की तरह साफ है जहां गड्डे पालिका पर भारी है, हालांकि इस बात को भी झुठलाया नहीं जा सकता कि पहले से ही गड्डे है, लेकिन बारिश ने उन्हे एक छोटे जहोड की तरह बना दिया है या यू कहा जाए कि बारिश ने गड्डो को ओर गहरा कर दिया है जिसको लेकर गड्डों वाली सड़क से गुजरने वाले रोज दुर्घटना का शिकार हो रहे है। कई बार तो जिला अस्पताल में ही घायल देखने को मिले और पूछा जाने पर पता चला कि रात के समय बाइक सवार व साईकिल सवार गहरे गड्डे में गिर जाने के कारण घायल हो गया है। इससे गड्डों को लेकर लोगों की हर समय यहीं चर्चा रहती है टूटी हुई गड्डायुक्त सड़के जहां आम लोगों के लिए जीवन पर खतरा बनी हुई है वहीं इन गड्डों युक्त सड़कों के कारण रोजाना हो रहे एक्सीडेंट की वजह से शहर के कई डॉक्टरों की दुकान भी चल रही है।

लोग इस बात पर हैरत जता रहे है कि नगर पालिका के खजाने में विकास कार्यो के लिए अरबो रूपये पड़े हुए है उसके बावुजूद पालिका प्रशासन आम लोगों की जिन्दगी को बचाने के लिए इन गड्डो को भरवाने के लिए गंभीर नहीं है। बारिश और भारी भरकम वाहनों के कारण इन गड्डों का साइज हर घंटे बड़ा और गहरा होते जा रहा है जिस कारण करोडों रूपयें की लागत से बनने वाली सड़कों के अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है क्योकि यदि इन गड्डों को शुरूआती दौरान में ही पालिका भरवाने की जहमत उठा ले तो शायद ही पूरी सड़क को बनवाने की नौबत न आए, लेकिन लगता है कि पालिका में बंदरबांट का खेल इस कदर बढ़ गया है कि सड़कों को बरबाद जानबुझकर किया जा रहा है ताकि पुनः सड़क निर्माण के नाम पर राजस्व से प्राप्त करोडों रूपये खर्च किए जा सके। दुख की बात यह है कि पालिका के आंख मिचने से बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग इन गड्डों की चपेट में आकर चोटिल हो रहे है जिनकी ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

पिछले दिनों से रूक रूक कर हो रही बारिश ने जनपद के हालात बद से बदत्तर कर दिए है सबसे खस्ता हालत रेलवे रोड की है जहां पर हर रोज सैकडों यात्री गुजरते है, लेकिन सड़कों पर गहरे गड्डे की सूद लेने का तैयार नहीं है। पंजाबी बारात घर के आसपास की सड़कों का भी ऐसा ही हाल है यहां से भी हर रोज सैकडों लोगों का आवागमन रहता है और इस दौरान कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी है।



मुजफ्फरनगर: पंचमुखी तुलसा मंदिर से गणेश विर्सजन यात्रा निकालते श्रद्धालु।

# स्कूलों में एक दिन का और अवकाश घोषित

**12 वीं तक के विद्यालय आज भी रहेंगे बंद।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनर।** भारी बरसात के चलते डीएम उमेश कुमार मिश्रा ने 12वीं तक के सभी विद्यालयों में अवकाश की घोषणा की है। डीएम के निर्देश पर बीएसए संदीप कुमार ने पत्र जारी कर तीन सितंबर को सभी 12वीं तक के विद्यालयो में अवकाश की घोषणा की है। मौसम विभाग बारिश के बारिश और बिगड़ते मौसम के चलते जिला प्रशासन ने स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। सोमवार को भी पूरे दिन बारिश जारी रही जिससे जन जीवन अस्त-व्यस्त रहा। भारी बारिश और बिगड़ते मौसम के अलर्ट पर जिला प्रशासन ने सतर्कता बरतना शुरू कर दिया है। डी एम उमेश मिश्रा ने स्कूलों में अवकाश घोषित करने के साथ ही कच्चे मकान में रहने वाले लोगों को भी एहतियात बरतने की सलाह दी है। दिनभर बारिश होने से जनजीवन ठहर सा गया है। बाजारों में चहल पहल नदारत रही वहीं बच्चे भी घरों में कैद होकर रह गए। रिमझिम बारिश ने मौसम सुहावना और ठण्डा बना दिया है।

## बारिश के बीच गिरी मकान की छत, मलबे मे दबा सामान

**मोरना।** गांव वजीराबाद मे बारिश के बीच मजदूर के मकान की छत गिरने सहित पशु शेड गिर गया। मलबे मे दबकर घर का कीमती सामान खराब हो गया।वहीं शेड के नीचे बंधी गाय घायल हो गयी। भोपा थाना क्षेत्र के गांव वजी. राबाद निवासी रोहित ने बताया की मंगलवार की सुबह सवेरे पिता कटार सिंह, माता सुदेश देवी, बहन बीना व भांजा स्पर्श बरामदे मे बैठे थे की बारिश के बीच अचानक कमरे की छत व पशु शेड भरभरा कर गिर गये।शेड गिरने से गाय घायल हो गयी तथा छत के मलबे मे दबकर वहां रखा सामान खराब हो गया। मजदूर परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# भाकियू ने पंजाब भेजी कई टन राहत सामग्री

## राकेश टिकैत ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पंजाब में आई बाढ़ ने पूरे राज्य का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है यहां के खेत खलीयान पूरी तरह जलमग्न है। इतना ही नहीं यहां के निवासियों के घरों में भी पूरी तरह पानी भर चुका है, जिसको लेकर हाल में सड़को पर सन्नाटा देखा जा रहा है। इसी समय भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के नेतृत्व में बाढ़ प्रभावित इलाको का दौरा किया जा रहा है इतना ही नहीं किसानों और ग्रामीणों की पीड़ा को देखते हुए उन्हे राहत सामाग्री भी पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। किसान यूनियन के प्रवक्त चौधरी राकेश टिकैत पंजाब के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों के दौरे पर निकले हुए है। भाकियू प्रवक्ता प्रभावित क्षेत्रों व गांवों में घूमकर यहां का जायजा ले रहे है और यहां के निवासियों की समस्याएं सुनकर उन्हे राहत सामाग्री पहुंचाने का प्रयास कर रहे है। मंगलवार को राहत और भोजन सामाग्री भेजने का कार्यवाही की जा रही है।

राहत कार्यो को रूप देने के लिए भाकियू ने चंडीगढ़ में किसान भवन में पंजाब बाढ़ राहत बेस कैम्प किया हुआ है। इनके साथ सिसौली स्थित किसान भवन में भी यूनियन के आह्वान पर ग्रामीण राहत सामाग्री इकट्ठा कर रहे है। नरेश टिकैत को पांच सितम्बर को यह सामाग्री लेकर स्वयं पंजाब के लिए जाना है। उन्होने अमृतसर पहुंचकर स्वर्ण मंदिर में सबसे पहले माथा टेका और वाहे गुरू से पंजाब वासियों की सलामती के लिए प्रार्थना भी की। इस दौरान उन्होने एसकेएम (संयुक्त किसान मोर्चा) और भाकियू के पदाधिकारी व कर्मचारियों से भी मुलाकात की। इस दौरान यहां पर कैम्प कार्यालय में राहत प्रयासों पर विचार विमर्श किया गया।



राकेश टिकैत को जब यहां तबाही का मंजर देखने को मिला और काफी मकान बरसात में गिरे हुए मिले तो उन्होने यहां के लोगों से उनका हाल जाना और केन्द्र सरकार से भी उन्होने राहत पैकेज की घोषणा करने की मांग की। मंगलवार को जनपद मुजफ्फरनगर से राहत सामाग्री से भरा ट्रक पंजाब के लिए रवाना हो चुका है। जल्द ही भाकियू के कार्यकर्ता व पदाधिकारी प्रभावित क्षेत्र में सामाग्री लेकर पहुंच जाएगे।

## 37वीं क्षेत्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्या भारती की 37वीं क्षेत्रीय रायफल शूटिंग एवं शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि उद्योगपति अनिल स्वरूप, विशिष्ट अतिथि शिक्षक एमएलसी डॉ श्रीचंद शर्मा, क्षेत्रीय खेल प्रमुख सत्यपाल सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष ललित महेश्वरी, प्रबंधक देवेंद्र कुमार गर्ग, समा. जसेवी अवनीश मोहन तायल, पूर्व प्रधानाचार्य भूदेव सिंह, नितिन तायल, संजय कर्णवाल एवं मनोज शर्मा ने संयुक्त रूप से माँ शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश शर्मा ने आगंतुक अतिथियों का परिचय कराया क्षेत्रीय खेल प्रमुख सत्यपाल सिंह ने 37वीं क्षेत्रीय रायफल शूटिंग एवं शतरंज प्रतियोगिता की प्रस्ताविकी प्रस्तुत की। हापुड़ बालिका विद्या मंदिर की बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संगीत शिक्षिका अनन्या त्रिपाठी ने एकल गीत प्रस्तुत कर सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षक एमएलसी डॉ श्रीचंद शर्मा ने कहा कि सभी खिलाडी अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करें। खेल शिक्षक मेरठ नीरज कुमार के द्वारा सभी खिलाड़ियों को शपथ ग्रहण कराई गई। साथ ही खेल प्रशिक्षक रवि प्रकाश एवं जॉनी कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के संबंध में तथा खेल परिसर संबंधी सूचनाओं से अवगत कराया।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए आगे आई जमीयत उलमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जमीयत उलमा-ए-हिंद की जिला इकाई जनपद मुजफ्फरनगर ने पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए एक लाख की राहत सामग्री और सहायता पहुँचाने का महत्वपूर्ण ऐलान किया है। जिला अध्यक्ष मौलाना मुकर्रम अली क़ासमी ने एक प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद हमेशा से हर मुश्किल घड़ी में मुल्क के मजलूमों और पीड़ित इंसानों के साथ खड़ी रही है। आज जब पंजाब में बाढ़ से भारी तबाही हुई है, हजारों परिवार बेघर हो गए हैं तथा पशुओं की मृत्यू हो गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में खाद्य सामग्री व अन्य ज़रूरी सामान की कमी हो गई है, तो ऐसे समय में हमारा फर्ज़ है कि हम उनका सहारा बनें।





मौलाना मुकर्रम अली क़ासमी ने बताया कि जिला जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से राहत सामग्री एकत्रित करने का काम शुरू कर दिया गया है। इसमें अनाज, दाल, आटा, चावल, पीने का पानी, दवाइयाँ, कपड़े और अन्य ज़रूरी सामान शामिल है।

यह राहत सामग्री बहुत जल्द पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तक पहुँचाई जाएगी। इस दौरान मौलाना मुकर्रम अली क़ासमी ने सभी जिम्मेदारों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से खास अपील की है कि वे इस मुहिम में आगे आएँ और अपनी हैसियत के मुताबिक राहत सामग्री व आर्थिक सहयोग दें। उन्होंने कहा हआज पंजाब के बाढ़ पीड़ित हमारे भाई बहन बहुत परेशान हैं। इंसानियत का तक़ाज़ा है कि हम उनके दर्द को अपना दर्द समझें और हर संभव मदद करें। आप सब से गुज़ारिश है कि ज्यादा से ज्यादा राहत सामग्री और आर्थिक सहयोग जमा कराकर इस नेक काम में शरीक हों। मौलाना ने कहा कि इस तरह की इंसानी मदद से समाज में भाईचारे और हमदर्दी की मिसाल कायम होती है ।

इस दौरान जिला महासचिव मौलाना अब्दुल खालिक क़ासमी, वरिष्ट जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मीडिया प्रभारी मौ0आसिफ कुरैशी व मौलाना सुहैल अख्तर रहीमी आदि मौजूद रहे।





मुजफ्फरनगर: स्थापना दिवस पर पौधा रोपण करता रेशू परिवार।

## रेशू एडवरटाइजिंग ने मनाया 43वां स्थापना दिवस

**मुजफ्फरनर।** उत्तर भारत में एडवरटाइजिंग का चिर परिचित नाम बन चुकी रेशु एडवरटाइजिंग ने आज अपना 43वां स्थापना दिवस धुमधाम से मनाया। इस दौरान हरियाणा की अजंलि आर्य, योग सेवा केन्द्र के अध्यक्ष जय प्रकाश गर्ग ने हवन पूजन और गायन कराया पर्यावरण शुद्धी के लिए पौधे लगाए तथा गोमाता का पूजन किया गया। सभी का स्वागत सत्यप्रकाश रेशु, साधना गर्ग, शैला गर्ग, मोहित गर्ग, वार्षिक गर्ग, रविकांत अग्रवाल, विजय गोस्वामी, रमन शर्मा, मनीष भारती, भारत भूषण आदि ने किया। रेशू ने कहा कि उन्होने विज्ञापन के क्षेत्र में पांच लाख लोगों को रोजगार देने की योजना परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष रखा है।

# दहेज हत्या में पति को दस वर्ष की कैद

## कोरोना में मौत बताकर दफनाया था शव, जांच में पाया आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एडीजे एफटीसी प्रथम के न्यायाधीश ने दहेज हत्या का आरोप सिद्ध होने पर पति को दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पति ने घटना के दिन पत्नी की कोरोना में मौत बताकर उसको सुपुर्दे खाक कर दिया था, लेकिन कब्र से निकाले गए शव को पोस्टमार्टम के बाद आरोपी पति को जेल भेजा गया था।

भौराकलां पुलिस को आठ जून 2020 में एक तहरीर देकर बताया गया था कि उसकी भतीजी की अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर पति आस मौहम्मद पुत्र निसार निवासी ग्राम शिकारपुर थाना भौराकलां में गला दबाकर हत्या कर दी है और अपराध छिपाने की नियत से शव को दफ्ना दिया गया है। पुलिस ने पति आदि के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर इस मामले में छानबीन करते हुए मृतका के शव को कब्र से बाहर निकाला था।

लगाए गए आरोपों के आधार पर पुलिस ने मृतक महिला का पोस्टमार्टम कराया था इसके बाद आरोपी पति आस मौहम्मद को नौ सितम्बर 2020 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने दर्ज हुए मुकदमे के आरा. पों को देखते हुए इस मामले में विवेचना शुरू की और कुछ लोगों के बयान सबूत आदि इकट्ठा कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। इसके बाद धारा 498 ए, 323, 201, 342, 316, 302 आईपीसी व 3/4 दहेज अधिनियम के तहत मामला कोर्ट में चला। 11 सितम्बर को कोर्ट में पेश किए गए आरोप पत्र पर कोर्ट में दोनो पक्षों के वकीलों ने कुछ दलीले पेश की और न्यायाधीश के समक्ष घटना से संबंधित कुछ सबूत भी पेश किए। यह मामला एडीजे एफटीसी प्रथम के यहां विचाराधीन था और इस केस की पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता अमित त्यागी ने की। न्यायाधीश ने सबूत व गवाहों के आधार पर पति को दोषी मानते हुए उस को दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाते हुए 56 हजार रूपयें का अर्थदण्ड भी दिया है।



मुजफ्फरनगर: हाइट चैक कराते अग्निवीर।



मुजफ्फरनगर: अग्निवीर भर्ती में आए युवकों का प्रशिक्षण करते सैन्य अधिकारी।

# पंजाब में बुढ़ाना के युवक की हुई संदिग्ध मौत

■ पांच बहनों का इकलौता भाई था फैसल सलमानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना के मौहल्ला मिर्दगान का निवासी करीब 25 वर्षीय फैसल सलमानी पुत्र वकील अहमद पंजाब प्रदेश के चंडीगढ़ जिले में बीती सोमवार के दिन संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हो गया। जहां मंगलवार की सुबह उपचार के चलते हस्पताल में उसकी मौत हो गयी। मृतक फैसल सलमानी का शव बुधवार की प्रथम रात्रि बुढ़ाना लाया गया तो शोकाकुल परि. जनों में चीख पुकार मच गयी। घटना को लेकर पूरे मौहल्ले में भी शोक की लहर है। बुढ़ाना निवासी फैसल बीते अगस्त माह में घर से पंजाब राज्य के चंडीगढ़ के सेक्टर 16 क्षेत्र के धनास गांव में अपने फूफा के यहां रह रहा था। जो वहां रहकर आसपास के क्षेत्र में साड़ियां बैंचने का कार्य कर रहा था। फैसल अपनी 05 बहनों का इकलौता भाई था। बीते दिन वह एक हादसे में घायल हो गया था। परिजनों को आज मंगलवार की सुबह चंडीगढ़ पुलिस ने फोन कर घटना की जानक. ारी दी कि उनका पुत्र हस्पताल में भर्ती है तो परिजन चंडीगढ़ पहुंचघ गये। इसी बीच फैसल ने उपचार के चलते दम तोड दिया। उक्त शव का पोस्टमार्टम हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम बाद शव परिजनो को सौंपा। फैसल का शव बुधवार की प्रथम रात्रि बुढ़ाना आया तो परिजनों में चीख पुकार मच गयी। फैसल की मौत ऊंचाई से गिरकर हुई है।

# बारिश का अलर्ट: चार दिन में 13 मकान क्षतिग्रस्त

■ कच्चे मकान में रहने वालों की चिंता बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पिछले तीन दिन रुक-रुक कर हो रही बारिश ने जनपद के कई हिस्सों में तबाही मचाना शुरू कर दिया है। लगातार बरसात से जहां ग्रामीण और शहरी इलाकों में मकानों को नुकसान पहुंचा है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बीते तीन दिनों में जनपद की चारों तहसीलों से 13 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। वहीं, बारिश और जलभराव के कारण ग्रामीण इलाकों में लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आपदा की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। जनपद में 10 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं और 16 बाढ़ शरणस्थल बनाए गए है। ग्रामीणों को लगातार सूचित किया जा रहा है कि यदि कहीं बाढ़ की स्थिति बनती है तो वे तुरंत अपने कीमती सामान और पशुधन के साथ शरणस्थलों पर पहुंचें, जहां प्रशास. निक टीमें पहले से तैनात हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में मुख्य रूप से सोलानी नदी का जलस्तर बढ़ने से खतरा उत्पन्न होता है।

गंगा का जलस्तर बढ़ने से केवल कृषि क्षेत्र प्रभावित होता है, आबादी पर उसका सीधा असर नहीं पड़ता। अभी तक सोलानी नदी का जलस्तर नियंत्रण में है, हालांकि 15-20 दिन पहले जलस्तर बढ़ने से कुछ गांवों का संपर्क मार्ग टूट गया था, जो अब सामान्य हो चुका है।

# लापता युवक का शव गैर जनपद में तालाब से हुआ बरामद

**फाइल फोटो समाचार**

**मोरना।** तेवड़ा गांव निवासी युवक जाहिद छः दिन पूर्व अचानक लापता हो गया था। जाहिद का शव निकटवर्ती जनपद के गांव स्थित तालाब से बरामद हुआ। युवक की मौत से कोहराम मच गया गमगीन माहौल मे युवक के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

थाना ककरौली क्षेत्र के गांव तेवड़ा 24 वर्षीय जाहिद पुत्र जमील मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार जनपद बिजनौर निवासी मछुआरों के साथ वह कभी-कभी मछली पालन का कार्य भी करता था। बीते 28 अगस्त को जाहिद बिना बताए घर से कहीं चला गया था। परिजन थाने में गुमशुदगी दर्ज कराकर उसे रिश्तेदारियों में ढूंढ रहे थे। रविवार को जनपद बिजनौर के चांदपुर थाना पुलिस द्वारा बसंतपुर नंगला गांव के तालाब में जाहिद का शव मिलने की सूचना परिजनों को मिली।मृतक के परिजनों ने बिजनौर निवासी मछुआरों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए चांदपुर पुलिस को तहरीर दी है। पोस्टमार्टम के बाद परि. जनों ने शव को तेवड़ा लाकर सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। जाहिद की मौत से पत्नी शाहना, मां शहनाज़, भाई सलमान, दानिश, जावेद व बहन जाबिदा, तमन्ना, जाहिदा का रोरोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे डेढ़ वर्षीय बालिका मुबश्शिरा व सात वर्षीय आयशा को छोड़ गया है।

# तेज रफ्तार कार ने छात्रा को मारी टक्कर, हालत नाजुक

**खतौली।** मंगलवार को शेखपुरा निवासी छात्रा वंशिका पुत्री सचिन टड्यूशन पढ़ने के लिए घर से जा रही थी। जैसे ही वह शुगर मिल केन यार्ड के समीप पहुँची, तभी तेज रफ्तार से आ रही कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर मौके पर जुटे लोगों ने कार सवार को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह फरार हो गया। आनन-फानन में घायल छात्रा को खतौली सीएचसी लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# रोटरी सखी ने वृहत वृक्षारोपण किया

**मुजफ्फरनगर।** रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर सखी द्वारा सार्थक संस्था के माध्यम से सरकुलर रोड स्थित वाटिका में वृहत वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम चैयरमैन रो. नीलम जैन ने बताया कि आज के वृक्षारोपण में 50 से अधिक छायादार, फलो एवं सजावटी वृक्षों का रोपण किया गया। इस अवसर पर सार्थक संस्था के संस्थापक श्री कांति राठी, रोटरी क्लब की अध्यक्ष नीलम गुप्ता, सचिव शशी सिंघल, पूर्व अध्यक्ष अर्चना बंसल, रिया जैन, रो.अनिल बंसल, रो. मधुस. ूदन बंसल, रो. अशोक सिंघल, सी.ए संजय जैन, संपादक सृजन अरविन्द गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने वृक्षारोपण हेतू सार्थक संस्था सहित सभी पधारे सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# एसडी कॉलेज में शारीरिक दक्षता परीक्षण सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म महाविद्यालय में जिसमें ब्विविद्यालय द्वारा निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षण कराया गया तथा उनके सर्टिफिकेट आदि की जांच की गई जिसमें आज सहारनपुर के कॉलेजों ने हिस्सा लिया कल मुजफ्फरनगर और शामली के वह कॉलेज हिस्सा लेंगे जिनमें बीपीएड संचालित है आज 210 छात्र-छात्राओं ने फिजिकल फिटनेस टेस्ट में प्रतिभा किया जिसमें से पांच या छह छात्र-छात्राओं ने नॉट क्वालीफाई किया बाकी सभी बच्चों ने क्वालीफाई किया बीपीएड मैं एडमिशन के लिए फिजिकल फिटनेस टेस्ट और साथ में स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट के आधार पर एडमिशन किया जाता है इस चयन प्रक्रिया में मा शकुंभरी ब्विविद्यालय के स्पोर्ट्स काउंसलिंग के अध्यक्ष



डॉक्टर सुधीर कुमार पुंडीर जी स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ संदीप गुप्ता, डॉ हरबीर चौधरी, फिजिकल फिटनेस टेस्ट के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर अंशुल शर्मा सह समन्वयक प्रवेश तथा बाहरी विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रोफेसर शरद चौधरी, मनीष जी वह भीमसर, रोहित पुंडीर तथा एसडी कॉलेज मुजफ्फरनगर के बीपीएड विभाग के डॉक्टर अंशुल शर्मा डॉक्टर संदीप कुमार डॉ नितिन सिंह डॉक्टर कर्मजीत कौर डॉक्टर चंद्रमणि आदि इंटरनल सिलेक्टर के रूप में उपस्थित रहे। सनातन धर्म महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार पुंडीर ने सभी छात्रों को आशीर्वाद दिया तथा इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने पर बल दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अकाउंटेंट अनुपम जैन तथा राहुल मिश्रा आदि का सहयोग रहा।

# वैश्य सभा कमैटी का सम्मान समारोह सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिन मंगलवार को आलू मंडी, मुजफ्फरनगर स्थित समाजसेवी अंशुमान अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर वैश्य सभा जनपद मुजफ्फरनगर (रजि.) का एक भव्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री प्रमोद मित्तल एवं नवनियुक्त महामंत्री श्री ब्विजीत गोयल का समाजजनों ने गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया। उन्हें फूलमालाएँ पहनाकर तथा पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। यह नियुक्ति एक लम्बी चुनावी प्रक्रिया के पश्चात पूर्ण बहुमत से हुई है। सभा का संचालन नीरज बंसल ने किया तथा अध्यक्षता संदीप



अग्रवाल ने की।

कार्यक्रम में उपस्थित वैश्य समाज के सभी गणमान्य व्यक्तियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। समाजसेवी अंशुमान अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सदैव तन, मन और धन से समाज के साथ खड़े रहेंगे। जब भी समाज को हमारी आवश्यकता होगी, हम कंधे से कंधा मिलाकर योगदान देंगे। इसके पश्चात अध्यक्ष प्रमोद मित्तल एवं महामंत्री ब्विजीत गोयल एवं ने समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें विशेष रूप से युवाओं को आगे लाने पर बल दिया जाएगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वैश्य समाज सदैव राष्ट्रहित और सामाजिक सेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है, चाहे वह राजस्व संग्रह हो, गरीब तबके की मदद हो अथवा कन्याओं के विवाह का सहयोग वैश्य समाज हर क्षेत्र में समाजसेवा हेतु तत्पर रहता है।

अंत में नचिकांत गर्ग एवं नीरज बंसल ने अध्यक्ष एवं महामंत्री का आभार प्रकट कर कार्यक्रम का समापन किया।

# बायो साईंस विभाग में किया मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के अन्तर्गत श्री राम कॉलेज, मुजफ्फरनगर के बायो साइंस विभाग मे संचालित पाठयक्रम बी0एस0सी0 बायोटेक्नोलॉजी एवं बी0एस0सी0 माइक्रोबायोलॉजी तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमे बी0एस0सी0 बायोटेक्नोलोजी तृतीय वर्ष मे हिमानी शर्मा ने 76.38 प्रतिशत अंको के साथ महाविद्यालय मे प्रथम, अनुष्का ने 74.14 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय व तानिया सिंह ने 73.14 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम मे बी0एस0सी0 माइक्रोबायोलॉजी तृतीय वर्ष मे आफरीन ने 81. 65 प्रतिशत अंको के साथ महाविद्यालय मे प्रथम, जोया राणा ने 80.48 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय व अतिका ने 79.31 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यार्थीयो की इस सफलता पर बायोसाइंस विभाग मे हर्ष का माहौल हैं और विभाग के शिक्षको की छात्रो के प्रति आशाए भी पूरी होती दिखायी दी। इस अवसर पर राम ग्रुप ऑफ कॉलेज, के संस्थापक डा0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ने विद्यार्थियो को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होने विद्यार्थीयो का उत्साहवर्धन किया व लगातार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राम कॉलेज की प्राचार्या डा0 प्रेरणा मित्तल ने छात्रो को बताया की कडी मेहनत, लगन व लक्ष्य पाने की ललक ही सफलता की कुँजी है। सफलता का कोई शोर्टकट नही होता। इस अवसर पर बायोसाइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 विपिन कुमार सैनी विभागाध्यक्ष बायोसाइंस ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि विभाग निरन्तर विद्यार्थियो के शैक्षिक तथा बौद्धिक विकास के लिए प्रयास करता रहेगा। इस अवसर पर सफल हुए सभी विद्यार्थीयो ने कडी मेहनत, लगन, शिक्षको और माता पिता का सही मार्गदर्शन तथा सभी शिक्षको के द्वारा उच्च कोटि का शिक्षण व जटिल विषयो को भी सरल तरीके से समझाना और महाविद्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध ज्ञानवर्धक पुस्तकों को अपनी सफलता का राज बताया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक एवं शिक्षकाओं डा. विपिन कुमार सैनी प्रवक्ता विकास त्यागी, अंकित कुमार, डा बुशरा अकिल, दिशा शर्मा, शबा राणा, जेहरा हुसैनी, शालिनी मिश्रा, सचिन कुमार, मौ0 सलमान, आयुषी पाल, तनु त्यागी, अनुप्रिया, दिव्या पाटियाल व प्रयोगशाला सहायक सुबोध कुमार तथा पिंकू कुमार ने सफल हुये विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी।

# 2014 के बाद भारत ने किया हर क्षेत्र में विकास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुजफ्फरनगर में आज इंफोटेनमेंट क्लब की ओर से एक विशेष गति. विधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 2014 के बाद भारत का विकास विषय पर एक विस्तृत प्रस्तुति (पीपीटी) प्रस्तुत की गई, जिसने विद्यार्थियों और शिक्षकों को भारत की विकास यात्रा की गहराई से जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने की। उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्ष 2014 के बाद भारत ने अनेक क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज का भारत शिक्षा, तकनीक, उद्योग, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य सेवाएँ, अंतरिक्ष अनुसंधान, डिजिटल क्रांति, स्टार्टअप संस्कृति और वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आज केवल एक विकासशील राष्ट्र नहीं, बल्कि विश्व समुदाय में एक महत्वपूर्ण नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने कहा कि भारत के विकास की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि अब भारत केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि उत्पादक और इनोवेशन केंद्र बन चुका है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। यह भी बताया कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियाँ, जैसे मंगलयान, चंद्रयान और हाल ही में आदित्य मिशन, भारत की वैज्ञानिक प्रगति को दर्शाती हैं। इस गतिविधि में बीबीए विभाग के सभी प्राध्यापकों संजय शर्मा, प्राची, मौ0 अंजर, पूर्वी, सोनिका, प्रशांत गुप्ता, विनिता चौधरी, अमित, सतीश, शशांक भारद्वाज, पवन कुमार एवं लवी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

**सूचना**

मेरे पुत्र **Mohd Ahmad** के जन्म प्रमाण पत्र संख्या B202409900200008452 (जारी करने के दिनांक 18/11/2024), उक्त में त्रुटिवश माता के रूप में मेरा नाम **Zeba Parveen** हो गया है, जबकि मेरे सभी अभिलेखों में मेरा नाम जेबा प्रवीन (**Zeba Praveen**) अंकित है तथा भविष्य में भी मुझे इसी नाम से जाना जाएगा। नाम शुद्धीकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**जेबा प्रवीन पत्नी अजीम अलीशान**
निवासी 827/50, खालापार, मुजफ्फरनगर
**मोबाइल नम्बर- 9837745786**

**सूचना**

मेरी पुत्री **Aayat** के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 6419 (जारी करने के दिनांक 20/07/2018) व मेरी पुत्री **Ifra** के जन्म प्रमाण पत्र संख्या B-2018: 9-90020-004985 (**Remark**-798/21-1-17) (जारी करने के दिनांक 20/07/2018), उक्त दोनों में त्रुटि वश माता के रूप में मेरा नाम जेबा नाज हो गया है, जबकि मेरे सभी अभिलेखों में मेरा नाम जेबा प्रवीन (**Zeba Praveen**) अंकित है तथा भविष्य में भी मुझे इसी नाम से जाना जाएगा। नाम शुद्धीकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**जेबा प्रवीन पत्नी अजीम अलीशान**
निवासी-827/50, खालापार, मुजफ्फरनगर
**मोबाइल नम्बर- 9837745786**

# श्री गणेश भगवान की विसर्जन शोभा यात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** गणेश चतुर्थी महोत्सव के समापन के अवसर पर पुरकाजी नगर में श्री गणेश भगवान की विसर्जन शोभा यात्रा निकल गई। शोभा यात्रा का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के छोटे भाई गौरव कुमार उर्फ मोनू ने फीता काटकर किया। उन्होंने पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया और यात्रा को रवाना किया। गणेश महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष अंकुर गुप्ता और ऋषभ गोयल भाजपा नेता सुनील तायल, तरुण मित्तल, राजेश साहनी, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज चौहान (नूरनगर), धीर सिंह प्रधान, ब्रजकिशोर गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, अर्जुन कर्णवाल, निर्दोष जैन, अमित गोयल, अंकुर गुप्ता, अमन गोयल, विकास पाल, शिवा चौधरी, मोहित गर्ग, निशु चौधरी, जॉनी आर्य सहित गणेश महोत्सव समिति के समस्त युवा सदस्य शामिल रहे।



# बीएससी जीव विज्ञान व गणित का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी ब्विविद्यालय, सहारनपुर द्वारा बीएससी (विज्ञान) चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें एस डी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर इन सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य डा. सचिन गोयल एवं विभागाध्यक्षा डा0 मोनिका रूहेला द्वारा बीएससी (विज्ञान) चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया।

बीएससी (जीवविज्ञान समूह) से नजमी ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर यशफी ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त



किये व जिया ने 82 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएससी (गणित समूह) से कृतिका भारद्वाज व हिमांशु ने संयुक्त रूप से 79 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रिया ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किये तथा छाया तोमर ने 77 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डा0 सचिन गोयल ने सभी विद्यार्थियों को उनके इस प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सभी छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है ऐसा अवसर हमें छात्र/छात्राओं एवं शिक्षको के निरंतर प्रयासो के फलस्वरूप प्राप्त हुआ है और भविष्य में भी सभी छात्र/छात्राओं को इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाये रखने के लिए आर्शीवाद दिया। इस अवसर पर विभागाध्यक्षा डा.मोनिका रूहेला ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उन्नति करने हेतु प्रेरित किया साथ ही उन्होने कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है, जिनके जीवन का एक लक्ष्य होता है और वे अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार होते हैं और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए सच्चा दृढ़संकल्प लेते हैं, और इसके लिए वे लगातार प्रयास करते रहते हैं।इस अवसर पर विज्ञान संकाय से डा0 महेन्द्र सिंह, डा. सौरभ जैन, डा0 नीरज कुमार, डा0 ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय, डॉ. वर्तिका गर्ग, मो. निका पंवार, वर्षा पांचाल, अनामिका शर्मा, रजत धारीवाल, ओंमकार सिंह, वंशिका गुप्ता, शिखा पाल, राखी धीमान, प्राची बिंदल, राधिका धीमान, महक, मुसन्निफ व दीपक आदि मौजूद रहे।

# आईएएस अपराजिता ने महिला अस्पताल और कस्तूरबा विद्यालय की व्यवस्था देखी

**मुजफ्फरनगर।** असिस्टेंट मजिस्ट्रेट अपराजिता आर्यन ने मंगलवार को जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला अस्पताल और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया।

आईएएस अपराजिता आर्यन को हाल ही में शासन द्वारा जनपद में असिस्टेंट मजिस्ट्रेट के तौर पर तैनात किया गया था। एक ओर जहां वे जिलाधिकारी उमेश मिश्रा जैसे अनुभवी अधिकारी से अपने प्रशिक्षण काल में प्रशासनिक गुर सखेखा रही हैंवहीं विभिन्न सरकारी विभागों की कार्य प्रणाली की वारीकियों को भी क्षेत्र में उतरकर जान व समझ रही हैं। मंगलवार को इसी कड़ी में असिस्टेंट मजिस्ट्रेट अपराजिता जिला चिकित्सालय में महिला अस्पताल स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण करने पहुंची।

इस दौरान उन्होंने यहां मौजूद प्रसूता महिलाओं से अस्पताल में मिल रही उपचार, पोषण सामग्री व अन्य सामग्री के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मौजूद सीएमओ डॉ सुनील तेवतिया से पोषण वितरण की कार्य प्रणाली को जाना और प्रसूता, नवजात शिशुओं, गर्भवती महिलाओं को बेहतर उपचार मिलने को लेकर मंथन किया। इसके बाद असिस्टेंट मजिस्ट्रेट अपराजिता सर्कुलर रोड स्थित करत. ूरवा गांधी बालिका आवास आवासीय विद्यालय पहुंची जहां उन्होंने यहां रहकर शिक्षा ग्रहण कर रही छात्राओं से मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली उन्होंने छात्रावास के साथ-साथ यहां मैच में बनने वाले भोजन की गुणवत्ता और छात्रों के रहन-सहन की सुविधाओं को परखा उन्होंने इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य से छात्राओं को अधिक अधिक सुविधा व सुरक्षा मिलने की लेकर मंथन किया।

# अखिलेश यादव ने सभासद अब्दुल सत्तार को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद हरेंद्र मलिक के नेतृत्व में मंगलवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिला। इस दौरान आगामी चुनावों को लेकर रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान अखिलेश यादव ने नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के वार्ड संख्या 51 के सभासद चौधरी अब्दुल सत्तार मंसूरी को पार्टी के लिए उनके लंबे समय से किए जा रहे योगदान के लिए सम्मानित किया। अखिलेश यादव ने सत्तार मंसूरी का हाथ उठाकर अभिनंदन करते हुए कहा कि हसत्तार मंसूरी जैसे समर्पित कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी की रीढ़ हैं और उनकी कार्यशैली आने वाले चुनावों में संगठन को और मजबूती देगी।ह चौधरी अब्दुल सत्तार मंसूरी 1993 से लगातार सपा के लिए सक्रिय हैं और पार्टी के प्रतीक पर कई बार सभासद निर्वाचित हो चुके हैं। मंसूरी समाज के अध्यक्ष होने के साथ ही, उन्हें हाल ही में पसमांदा मुस्लिम समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी शामिल किया गया है। इस अवसर पर सपा सांसद व महासचिव



हरेंद्र मलिक ने पार्टी को मजबूत बनाने पर विचार रखे। इस दौरान चरथावल विधायक पंकज मलिक, भावी प्रत्याशी राकेश शर्मा, वाजिद सभासद नदीम खान समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। स्थानीय स्तर पर मंसूरी समाज और कार्यकर्ताओं ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और इसे सपा संगठन की मजबूती की दिशा में अहम कदम बताया।

# शाहपुर जैन मंदिर में उत्तम संयम धूप दशमी पर्व मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** कस्बे के जैन मंदिरो मे दशलक्षण महापर्व का छठा दिन उत्तम संयम धुप दशमी के रूप मे बड़े ही श्रद्धा भक्तिभाव व धूमधाम से मनाया गया। प्रातः काल बड़ी संख्या मे मंत्रोच्चार के बीच श्रीजी का अभिषेक विशेष पूजा अर्चना की। दशलक्षण पर्व के प्रत्येक दिन रात्रि मे मंदिरो मे संगीतमय धार्मिक आयोजन व सामूहिक मंगल आरती किये जा रहा है।जिसमे जैन शक्ति महिला मंडल का विशेष योगदान रहता है। धुप दशमी के दिन दोपहर मे विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जैन शक्ति महिला मंडल द्वारा नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसमे धुप दशमी का महत्व बताया गया। इस दौरान समाज से जुड़े अनेको वक्ताओं ने अपने विचार रखे। जिसमे ललित जैन ने कहा कि दशलक्षण पर्व हमे आत्म शुद्धि, त्याग तपस्या का संदेश देकर जाता है। यह पर्व जैनों का प्रमुख त्योहारों मे से एक है।अमित जैन, विक्की ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दशलक्षण पर्व के महत्व बताते हुए कहा कि त्याग से तप, तप से मोक्ष की ओर अग्रसर अध्यात्मिक यात्रा है दशलक्षण पर्व। दशलक्षण पर्व सहनशीलता, शुद्ध भाव, व्यवहार मे सरलता, शुद्धसात्विक आहार,



संयम, तप त्याग आदि शुद्ध आचरण का विशेष संदेश देता है।

समाज से जुड़े अनेको वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन पुनीत जैन (पुस्तक वाले) व अमित जैन (पेंट वाले) संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कस्बे मे पदमप्रभु जिनालय, नेमिनाथ जिनालय, शांतिनाथ जिनालय, मुनिसुवरत नाथ मानस्तम्भ जैन मंदिरो व मंदिरो के मार्गो को दुल्हन की तरह सजाया गया। कार्यक्रम के दौरान बालेश जैन, राकेश जैन, मदन जैन, सतीश जैन, जीवेन्द्र जैन, अरविन्द जैन, अमित जैन, ललित जैन, उमंग जैन, वैभव जैन, अभिषेक जैन, पुनीत जैन, श्रेनिक जैन, आगम जैन, अनंत जैन, शुभम जैन, हर्षित जैन, रजत जैन, पंकज जैन, पारस् जैन, बिट्टू जैन, संजीव जैन, आदि महिला पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा बेटा मुफीद व उसकी पत्नी श्रीमती रजिया जो अपना अच्छा बुरा समझने में सक्षम है और मुफीद व रजिया मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है इसीलिए दो सितम्बर 2025 को मैने व मेरे परिवार ने मुफीद व उसकी पत्नी श्रीमती रजिया से संबंध विच्छेद कर लिए है तथा मैने अपने पुत्र मुफीद व उसकी पत्नी रजिया को चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**साजिद पुत्र शराफत**
**निवासी-म.न.156, ग्राम निराना**
**थाना-सिखेडा**
**जिला मुजफ्फरनगर**
**मो. न.-9520323164**

# खतरे की आशंका को लेकर निरगाजनी झाल पुल पर हुई दीवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** निरगाजनी झाल पर ब्रिटिश कालीन जज्जर हुए पुल का मलबा गिरने से खतरे की आशंका व्याप्त हो गयी। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा दीवार कराकर पुल को बंद कर दिया गया है। पुल के बंद हो जाने से शुकतीर्थ-बरला मार्ग बंद हो गया है। जिससे हजारों वाहनों को मार्ग बदलना पड़ा है, वहीं क्षेत्र के किसानो को खेत पर जाने की समस्या पैदा हो गयी है। क्षेत्रवासियो ने शीघ्र पुल के निर्माण की मांग शासन-प्रशासन से की है।

भोपा थाना क्षेत्र के निरगाजनी झाल की पंचक्की के पास सेंकड़ो वर्ष पुराने जज्जर पुल पर मंगलवार को दीवार कर चोपहिया वाहनों के लिए प्रवेश बंद कर दिया गया।जिसके बाद शुकतीर्थ-बरला मार्ग बंद होने से हज़ारो वाहनों को अपना रास्ता बदलना पड़ा है। लोक निर्माण विभाग के बेलदार दीपराज ने बताया की पुल के मध्य से भारी मलबा नीचे गिर गया। जिसकी सूचना अधिकारियो को दी गयी।मंगलवार को विभाग के एक्सईएन अनिल राना, एसडीओ मोनी सिंह,जेई विपिन कुमार द्वारा निरिक्षण कर पुल के दोनों ओर दीवार कराकर पुल को बंद कर दिया गया है। रहमतपुर निवासी ग्रामीण धनपाल सिंह ने बताया की छरूदिन पूर्व एक ट्रक के गुज़रने के दौरान पुल के बीच से भारी मात्रा मे ईंट आदि नीचे गिर गयी थी। उनके द्वारा प्रथम सूचना सिंचाई विभाग को दी गयी थी। पुल के बंद हो जाने से रहमतपुर, गड़वाडा, सिकंदरपुर गांव के किसानो को खेत पर जाने की समस्या उत्पन्न हो गयी है। वहीं प्रतिदिन इस मार्ग से शुकतीर्थ व मोरना क्षेत्र से बसेड़ा,बरला, देवबन्द, सहारनपुर आदि की ओर जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। क्षेत्र वासियो ने निरगाजनी झाल के पनचक्की पुल सहित जज्जर हो चुके पक्क्वर हाउस पुल को शीघ्र बनवाने की मांग शासन प्रशासन से की है।



# खतौली में जर्जर स्कूल इमारत बनी खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली घण्टाघर गली में स्थित सैकड़ों वर्ष पुराना भगवती देवी जूनियर हाई स्कूल आज खुद अपनी जर्जर हालत के कारण खतरे का कारण बना हुआ है। कभी नर्सरी से लेकर आठवीं तक सैकड़ों बच्चों की शिक्षा का केंद्र रही यह स्कूल इमारत अब खंडहर में तब्दील होती जा रही है।

कॉलोनीवासियों का कहना है कि बरसात के मौसम में यह जर्जर इमारत उनके लिए बड़ा खतरा बनी रहती है। चारों ओर घनी आबादी के बीच बनी इस इमारत के गिरने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस डर से दो वर्ष पूर्व यहां पढ़ने वाले बच्चों को दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया गया था। सोमवार को मुजफ्फरनगर जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने जिले में पुरानी व जर्जर इमारतों का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को तकनीकी जांच कराने के निर्देश दिए थे।

इसी कड़ी में खतौली नगरवासियों ने भी मांग उठाई है कि भगवती देवी जूनियर हाई स्कूल की इमारत की तुरंत तकनीकी जांच कराई जाए, ताकि संभावित हादसे को रोका जा सके। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस इमारत को गिराया या दुरुस्त नहीं किया गया तो किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।



# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में लोगों को करें जागरुक: रंजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शासन के निर्देशानुसार एवं बुढाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन के नेतृत्व में आज मंगलवार के दिन नगर पंचायत बुढ़ाना के सभागार में विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन क्षमता संवर्धन के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुशील कुमार द्वारा कचरे के प्रकार, डोर टू डोर कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, होम कम्पोस्टिंग, कम्युनिटी कम्पोस्टिंग, एमआरएफ सेंटर, आरआरआर सेंटर और आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण आदि के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी गई कि सभी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा वार्ड वाइज स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियों को प्रशिक्षण कराएं और घर घर जाकर डोर टू डोर कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में वार्ड के निवासियों को जागरूक करें। इस कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी अलोक रंजन, स्वच्छ ब्रांड अम्बेसडर डॉक्टर राजीव कुमार, सभासद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय, सीबीएम, बाबू, वरिष्ठ लिपिक सतीश कुमार, नगर पंचायत स्टाफ और सफाई नायक आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्कूली छात्रों को जोड़कर बनाई कार्य की रुपरेखा

**बुढ़ाना।** मंगलवार को जमीयत उलेमा हिंद की बैठक लुहसाना रोड फूंस वाली मस्जिद में हुई। जिसमें स्कूली छात्रों को जोड़कर काम करने की रुपरेखा बनाई गई। यहां जमियत उलेमा हिंद शाखा बुढ़ाना के शहर अध्यक्ष मुफ्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने कहा कि उम्मत के जितने भी मसले हैं हम सब उनके हल करने के जिम्मेदार हैं। ऐसा नही कि इमाम पर छोड़कर निश्चित हो जाएं। ज़िंदा क़ौमें कभी बेफिक्र नहीं रहती वे खुद करने की चिंता करती हैं। हलक़ा नंबर एक के अध्यक्ष और फूंस वाली मस्जिद के खतीब इमाम मौलाना बिलाल ने कहा कि जब हम सब मिलकर काम करेंगे तो काम क़ाबू में आ सकता है। यह समय अपने वक्त की क़ुर्बानी देने का है। हल्क़ा नंबर 1 के खज़ांची व सितारा मस्जिद के खतीब मौलाना फ़ारूक़ इमाम ने कहा कि नौजवान हर काम में तरक्की की सीढ़ी होते हैं।



क़ौमों की कामयाबी और नाकामी क़ौम के नौजवानों पर होती है। हाफ़िज़ निज़ामुद्दीन ने कहा कि जब जब भी आपको बुलाया जाए समय पर हाज़िर हों। आखरि में सभी हाज़िरीनों को सरकारी कागज़ात बनाना सिखाए जाने का समय तय हुआ।

## एक ही रात में बेखौफ चोरों ने 14 ट्यूबवैलों में की चोरी

**बुढ़ाना।** फुगाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव खरड़ में एक ही रात में 14 ट्यूबवैलों में हुई चोरी ने फुगाना पुलिस की सक्रियता की भी पोल खोलकर रख दी है और किसान अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और खेतों में जाते हुए भी कतरा रहे हैं। किसानों पर इस समय दोहरी मार पड़ रही है। एक तरफ तो भारी बारिश ने फसलों को तबाह कर दिया है वहीं दूसरी ओर बेखौफ बेलगाम चोर किसानों की टड्बवेल पर चोरी कर किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों का आरोप है कि पूर्व में भी किसानों की टड्बवैलो में चोरी हो चुकी है। किसानों द्वारा थाने में तहरीर दी गई लेकिन पुलिस ने अपराध कम दर्शाने की . ष्टि से रिपोर्ट दर्ज नही की है। जिससे बदमाशों के हौसले ओर बुलन्द हो गए हैं।

## 70 नेत्र रोगियों का होगा ऑपरेशन

**जानसठ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जानसठ पर राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के अन्तर्गत 70 नेत्र रोगियों का चयन किया गया। जानसठ सीएचसी पर नेत्र रोगियों की जांच कर निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन कराने के लिए सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अर्जुन सिंह ने विवेकानंद नेत्रालय देहरादून की बस को रवाना किया। सीएचसी जानसठ के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नन्द किशोर ने जानकारी देते हुए बताया, कि कुल 70 नेत्र रोगी महिला और पुरुषों का निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। उन्होंने बताया,कि सभी 70 मरीजों को विवेकानंद नेत्रालय देहरादून की बस में बैठा कर देहरादून के लिए रवाना किया गया। सीएचसी जानसठ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अर्जुन सिंह ने बताया कि एनपीसीबी का लक्ष्य जनसंख्या में निवारणीय अंधता को कम करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### रामराज में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का जन जागरण अभियान प्रारंभ

**रामराज।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा मंगलवार को जन जागरण अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर नगर व क्षेत्र के व्यापारी बंधुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 'स्वदेशी वस्तुओं' को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को विदेशी उत्पादों के बजाय देश में निर्मित वस्तुओं के प्रयोग के लिए प्रेरित करना तथा स्थानीय व्यापारियों को सशक्त बनाना बताया गया। जन जागरण अभियान के तहत 'स्वदेशी जन जागरण हस्ताक्षर अभियान' भी चलाया गया, जिसमें भारी संख्या में व्यापारियों और नागरिकों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दर्ज कराया। सभी ने एक स्वर में कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विपिन मनचंदा, नगर अध्यक्ष सुदर्शन गोयल, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष विपेन्द्र सुधा, वाल्मीकि समाज के ओम प्रकाश, दीपक भड़ाना, मनीष राणा, सत्येंद्र शर्मा और डॉ. श्रीपाल कोहली सहित कई व्यापारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। अधिकारियों ने अभियान की सफलता के लिए व्यापारियों से लगातार सहयोग करने का आह्वान किया और इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### कुएं से अवैध कब्जा हटवाने को प्रदर्शन

**जानसठ।** भीम आर्मी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीएम से मिलकर गांव तिस्सा में गांव के ही लोगों द्वारा सार्वजनिक कुएं पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाने को लेकर मांग करते हुए प्रदर्शन किया। एसडीएम जयेंद्र सिंह ने नायब तहसीलदार को उक्त प्रकरण की जांच कर तत्काल प्रभाव से अवैध कब्जा हटवाने के आदेश दिए हैं। सरकार के स्पष्ट दिशा निर्देश है कि तालाब, कुएं ,पोखर, झील आदि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस सब के बावजूद क्षेत्र के गांव तिस्सा में स्थित एक सार्वजनिक कुएं एवं उसकी जमीन पर गांव के विजय कुमार, अमरपाल पुत्र बल्लू उर्फ बलबीर ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है और उक्त कुएं को आटकर उसके ऊपर खोखा रख लिया है। उक्त कुएं से अवैध कब्जा हटाया जाना जनहित में आवश्यक है। भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को शिकायती पत्र देते हुए उक्त कुएं को कब्जा मुक्त कराने एवं खोखे को वहां से हटाने की मांग की है। एसडीएम जयेंद्र सिंह ने नायब तहसीलदार को आदेशित करते हुए तत्काल प्रभाव से अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दिए हैं ।प्रदर्शन करने वालों में भीम आर्मी के जानसठ ब्लॉक संयोजक मोहित बौ) , रतन पाल, लोकेश, गोपाल, आकाश, अमन, धर्मवीर, श्रीपाल मधु राणा, ओमपाल आदि मौजूद रहे।

### शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**जानसठ।** समग्र शिक्षा (माध्यमिक) अभियान के तहत राजकीय इंटर कॉलेज कवाल में दो दिवसीय एसएमडीसी (स्कूल मैनेजमेंट एंड डेवलपमेंट कमेटी) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चार विद्यालयों-राजकीय इंटर कॉलेज कवाल, राजकीय हाई स्कूल हुसैनपुर, राजकीय हाई स्कूल जँधेडी और राजकीय हाई स्कूल संभलहेड़ा - के प्रधानाचार्य और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर आशीष द्विवेदी व मांगेराम ने प्रशिक्षण दिया। द्विवेदी ने यूथ क्लब, विज्ञान क्लब, गणित क्लब और इको क्लब सहित एसएमडीसी के चार प्रमुख क्लबों और विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। वहीं, मांगेराम ने वित्तीय अभिलेखों, व्यावसायिक शिक्षा, रानी लक्ष्मीबाई प्रशिक्षण, शैक्षिक भ्रमण, परख पोर्टल और पंख पोर्टल जैसी महत्वपूर्ण जानकारियों पर प्रकाश डाला। इस प्रशिक्षण में राजकीय इंटर कॉलेज कवाल के प्रधानाचार्य रणवीर सिंह और उनके स्टाफ के साथ-साथ राजकीय हाई स्कूल जँधेडी से प्रधानाध्यापिका अंशु सिंह और दीपा चौधरी, राजकीय हाई स्कूल संभलहेड़ा से मीनाक्षी आर्य, और राजकीय हाई स्कूल हुसैनपुर से शशि मैडम ने प्रतिभाग किया। इनके अलावा, महेंद्र सिंह और गुलशन सहित कुछ अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। समापन पर प्रधानाचार्य रणवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### हिंडन का जल स्तर बढ़ने पर कराई गई मुनादी

**बुढाना।** लगातार दो दिनों से रात दिन हो रही बारिश को देखते हुए कस्बे की हिंडन नदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ता दिखाई दे रहा है। नदी किनारे बसे सैंकड़ों मकान हैं जिनके लिए बुढ़ाना नगर पंचायत ने आज एडवाइजरी भी जारी कर दी है। तहसीलदार बुढ़ाना महेंद्र सिंह यादव और नगर पंचायत बुढ़ाना के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने भी मंगलवार के दिन हिंडन नदी का निरीक्षण किया और नदी किनारे बसे मकानो का भी अवलोकन किया। चर्चा है कि हिंडन नदी में पानी छोड़ा सकता है। इसलिए इसी को देखते हुए मुनादी कराई गयी है कि नदी किनारे बसे घरों के स्वामी अपना घरेलू सामान निकलकर एक दो दिनों के लिए सुरक्षित स्थान पर चले जाएं ताकि किसी भी गृह स्वामी को किसी भी असुविधा का सामना ना करना पड़े। नदी के जलस्तर को बढ़ते हुए देखकर आसपास के मकान मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है और वे किसी अनहोनी की आशंका से भी इंकार नहीं कर रहे हैं। उधर बारिश के बुधवार को भी होने की प्रबल संभावना बनी हुई है। अगर वाकई में ऐसा होता है तो हिंडन नदी किनारे बसे सैंकड़ों घरों को खाली करने का काम गृह स्वामियों को करना होगा और किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचना होगा। कुल मिलाकर दो दिन से चल रही बारिश से जन जीवन भी अस्त व्यस्त सा होकर रह गया है।

# एसडीएम ने अल्ट्रासाउंड सेंटरों का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के जिला अधिकारी उमेश चंद्र मिश्रा और मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी डाक्टर सुनील तेवतिया के संयुक्त निर्देश पर बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में डिप्टी सीएमओ एवं उनकी टीम के साथ बुढ़ाना उप जिला अधिकारी अपूर्वा यादव ने गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के अंतर्गत संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। यहां पर इस निरीक्षण के दौरान पंजीकरण प्रमाणपत्र, मशीनें और अभिलेखों आदि की भी जांच की गई तथा उपस्थित मरीजों से संवाद स्थापित किया गया। रिकॉर्ड संधारण, चेतावनी पट्टों के प्रदर्शन एवं स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। यहां पर उपस्थित चिकित्सकों एवं स्टाफ को अधि. नियम के सभी प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए भी स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान कस्बे और क्षेत्र के अल्ट्रासाऊंड सेंटरों के संचालकों में जबरदस्त हडकम्प मचा रहा। चिकित्सा टीम को कोई कमी ना मिल जाए इसको लेकर कुछ सेंटरों के शटर भी बंद होते हुए नजर आए। एसीएमओ के अनुसार समय समय पर टीम के द्वारा अल्ट्रासांउड सेंटरों की चौकिंग का अभियान चलाया जाता रहेगा ताकि मरीजों का उत्पीडन ना हो सके।

# हिंदू गोष्ठी में स्वामी ने एकजुटता पर दिया बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे के एक बैंकट हाल में आयोजित की गयी हिंदू गोष्ठी में स्वामी यशवीर महाराज जी पहुंचे। जहां पर उन्होंने हिंदुओं की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि एकता में ही बहुत बडी शक्ति है। गोष्ठी मं हिन्दू धर्मावलंबियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें आयोजन की भव्यता और सफलता सुनिश्चित हुई। स्वामी यशवीर जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन से उपस्थित जनसमूह में धार्मिक चेतना और राष्ट्रभक्ति का संचार किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज में एकता, सद्भाव और धार्मिक मूल्यों को सुदृढ़ करना था। उन्होंने यहां पर उपस्थित सभी हिंदुओं को योग साधना यशवीर आश्रम के वार्षिक महोत्सव का निमंत्रण भी दिया। इस अवसर पर मृगेन्द्र ब्रह्मचारी ने सब हिन्दू वीरों को 20 सितंबर को योग साधना यशवीर आश्रम बघरा में आयोजित होने जा रहे वार्षिक महोत्सव व महायज्ञ में आने का निमंत्रण देते हुए सभी से धर्म लाभ प्राप्त करने का आह्वान भी किया। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने और उपस्थित जनसमूह द्वारा दिए गए सम्मान और प्रेम के लिए सभी हिंदू का हृदय से आभार व्यक्त किया। इसके पहले यशवीर ने बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव लुहसाना मे भी कई ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सभी को 20 सितम्बर को बघरा में आने का निमंत्रण दिया।



# प्रतिभागियों के समूह बना कराई प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** स्थानीय शिक्षा विभाग की बीईओ किरण यादव की अध्यक्षता में मंगलवार के दिन बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान तथा एनसीईआरटी पाठ्ड पुस्तकों पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें एआरपी नरेश कुमार, संजीव कुमार, रवि शंकर, अमीर अहमद व क्षमा जांगिड़ द्वारा प्रशिक्षण की शुरुआत कर प्रार्थना सभा की गई। फिर दिवस 2 के सत्र प्रारंभ हुए। दिवस 1 के दोहराव के बाद कक्षा 1 व 2 की निपुण सूची को समझाया। कक्षा 1 व 3 के बच्चों में मौखिक तर्कशीलता विक. सित करना बताया। ब्लेडिंग और ग्रिड के प्रभावी उपयोग के माध्यम से शब्द पठन को विस्तृत रूप में समझाया। यहां पर सब प्रतिभागियों के 2 समूह बनाकर केस स्टडी पर विस्तृत चर्चा



की गई। कक्षाएं 1 व 3 की पाठ्य पुस्तक एवं कार्यपुस्तिका की गति. विधियों पर बच्चों की सहायता करने की रणनीति एवं रिमीडियल शिक्षण कार्य की रणनीति पर चर्चा की गई। शिक्षण के दौरान समावेशी वातावरण का निर्माण करने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों के समूह बनाकर उनमें प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें विजेता टीम के लिए तालियां बजी।

यहां गय्यूर अली, तनवीर अहमद, रवि कुमार, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद इलियास, इमरान अली, उम्मेद अली, अनुज कुमार, अर्चना, नरेंद्र कुमार, रश्मि कुमारी, निर्मेश कुमारी, सुमेधा, विपिन कुमार, पवन कुमार, कप्तान सिंह पंवार, सुबोध कुमार, राजीव कुमार बालियान और दिनेश कुमार ने प्रतिभाग किया।

# एपीएल में हुसैनपुर कलां के शोहराब पठान का हुआ चयन

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां के शोहराब पठान ने आज मंगलवार के दिन अरुणाचल प्रदेश में शुरु हुए एपीएल मैच में अपना दम खम दिखाते हुए अच्छा प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया। उनका इसके लिए चयन होने पर गांव में खुशी की लहर है। बीपीएड के छात्र शोहराब पठान बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां के रहने वाले हैं। जो कि इदरीश खान व राबिया के बेटे हैं। अपने 5 भाइयों व 3 बहनों में सबसे होनहार शोहराब ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वे पहला मैच एपीएल के लिए खेलेंगे। बस वे तो गांव में बने मैदान में प्रेक्टिस कर चौके व छक्के लगाने का काम बड़े ही जोशीले अंदाज में करते दिखाई देते थे। तेज गैंदबाजी में भी उनका कोई सानी नही। शोहराब को बचपन से ही क्रिकेट खेलने का शोक था। वे अभी भी गांव के फिल्ड में समय समय पर तेज गेंदबाजी के साथ साथ बेहतरीन बल्लेबाजी भी करते दिख जाते हैं। शोहराब की प्रतिभा को पहचानते हुए पारे पैंथर्स की टीम ने उन्हें अरुणाचल प्रीमियर लीग के लिए बतौर ऑल राउंडर अपनी स्कावायड में गत दिनों शामिल किया था जो कि शोहराब के लिए गर्व की बात थी। शोहराब के चयन पर सब खुश हैं और सब इसके लिए शोहराब को बधाई देते नहीं थक रहे। इस घ्लीग का लाइव प्रसारण फैन कोड एप्लिकेशन पर हुआ। जिसमें शोहराब के प्रशंसकों ने मैच का जमकर मजा लिया। घरेलू स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अब उन्हे बड़े मंच पर खेलने का मौका पहली बार मिला है तो इसको लेकर शोहराब बहुत उत्साहित हैं।

## शिक्षक अच्छी शिक्षा दें: बाबू

**पुरकाजी।** नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश बाबू का खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर पहुंचने पर शिक्षकों द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश बाबू ने कहा कि शिक्षक गण छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों से मित्रता का व्यवहार करते हुए उन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करने का कार्य करें उन्होंने शिक्षकों को आ्श्वासन दिया कि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से महताब आलम अंसारी नितिन कुमार मुकुल कुमार बच्चन सिंह विजेन्दरकुमार उपाध्यक्ष निर्वोश राणा अध्यक्ष रूपक राणा जयगिरि आकिंत कुमार मंत्री सजीवंकुमारअध्यक्ष जू हा शि सघ मुकेश कुमार मनोज कुमार रविन्द्र कुमारधर्मेदर कमार सेठपाल अक्षय अध्यक्ष शिक्षामित्र आदि शामिल रहे।

# 9 माह से फरार दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग का आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हुए लाखों के सोने-चांदी के गहने हड़पने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी पिछले नौ माह से फरार चल रहा था। पुलिस ने मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर करीब दो लाख रुपये के जेवर बरामद किए हैं।

खतौली निवासी नाबालिग युवती के भाई ने कोतवाली पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन को मेरठ निवासी ऋषभ पुत्र जोगेंद्र निवासी बेगमपुल, लालकुर्ती, मेरठ करीब नौ माह पूर्व बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। युवती घर में रखे लाखों रुपये के गहने भी साथ ले गई थी। तहरीर लेने के बाद खतौली पुलिस ने इस कार्रवाई को एसएसपी संजय कुमार के आदेश और सीओ खतौली रामआशीष यादव के निर्देशन में, कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल के नेतृत्व में नगर प्रभारी आरिफ अली, हेड कांस्टेबल उमेश कुमार और कांस्टेबल कुलदीप ने आरोपी को मेरठ मोदीनगर फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार कर कर लिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने युवती से शारीरिक संबंध बनाए और उसकी अश्लील वीडियो तैयार कर ली। इसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसने युवती से सोने-चांदी के गहने हड़प लिए। पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ की, जिसमें आरोपी के कब्जे से पुलिस सोने-चांदी के गहने बरामद कर लिए। बरामद गहनों की कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया।

# आत्मनिर्भरता के लिए प्रयासरत हों: डॉ. सोनू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे के मौहल्ला शाहवाडा में स्थित नदी वाला मंदिर के समीप आज मंगलवार के दिन श्याम फाइनैंस कम्पनी का शुभारंभ हिंदू धर्म के रीति और रिवाजों के अनुसार किया गया। जिसका उद्घाटन सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में बतोर मुख्य अतिथि बुढाना कश्यप समाज की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया। उन्होनें इस दौरान सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि श्याम फाइनैंस कंपनी आत्मनिर्भरता व स्वावलंबन को नई उड़ान देगी।

यह अर्थ व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाएगी। यह कंपनी खासकर महिलाओं को कम ब्याज दर पर आसान ;ण सुविधा उपलब्ध कराएगी ताकि वे अपने



काम और व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें।

इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से महर्षि कश्यप एक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्यप के अलावा मास्टर ऋषिपाल कश्यप, लोकेंद्र कश्यप, श्याम कश्यप, अंकित कश्यप, नसीम प्रधान, राके कश्यप, जनेश्वर कश्यप, जितेंद्र कश्यप और गुलफाम अहमद आदि गणमान्य लोगों की उपस्थिति देखने को मिली।

# निःशुल्क नेत्र चिकित्सा कैंप का हुआ आयोजन

■ आंखों के बिना जीवन सूना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर में आज मंगलवार के दिन आईएएस एजुकेशनल हैल्थ एंड सोशल इशूज ट्रस्ट की पहल पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सैंकड़ों ग्रामीणों की आँखों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। कई मरीजों को आगे के उपचार एवं ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। जिससे उन्हें नई रोशनी की उम्मीद मिली। ट्रस्ट के संस्थापक इंजिनियर मौहम्मद अरशद शाह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को दूर करना हमारा संकल्प है। ऐसे शिविरों के माध्यम से हम चाहते हैं कि हर ज़रूरतमंद तक बेहतर इलाज पहुँचे।

गाँववासियों ने इस मानवीय प्रयास की सराहना की और ट्रस्ट को धन्यवाद दिया। इस निशुल्क शिविर के दौरान उत्साह और जागरूकता का माहौल देखने को मिला। सहयोग देने मे मास्टर मुनीर, इसरार, इश्तेकार, राकेश, डॉक्टर आदेश, मुर्सलीम, यासर खान, शोकीन सलमानी, अय्यूब, प्रदीप, पूरन, हारून, अनिल, सोमदत्त, हरि सिंह, किरण प्रजापति, सोमपाल, रहीश, इश्तेकार, नोशाद, असगर अंसारी, मोटा अंसारी, बारू सैफी और संजय आदि गणमान्य लोगों ने अपना योगदान दिया। कुल मिलाकर यहां भारी भीड़ देखने को मिली।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**बारिश बनी आफत**



चौसाना



कैराना



चौसाना
निरीक्षण करते एसडीएम



कैराना
निरीक्षण करते एसडीएम

# हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़ने के बाद बाढ़ आना तय

**शाह टाइम्स टीम**

## कैराना में खतरे के निशान को पार कर गई यमुना

**कैराना।** एक दिन पूर्व हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में छोड़े गए 3.29 लाख क्यूसेक पानी ने कैराना पहुंचते ही अपना रौद्र रूप दिखा दिया। कैराना में यमुना खतरे के निशान को पार करके 50 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। यमुना के पानी की जद में आकर खादर क्षेत्र के किसानों की हजारों बीघा फसल जलमग्न हो गई है। यमुना के रौद्र रूप को देखकर तटवर्ती इलाकों के बाशिंदे सहमे हुए है। हालांकि बैराज से यमुना में छोड़े जा रहे पानी की मात्रा में कमी आई है, जिसके चलते मंगलवार देर रात तक यमुना का जलस्तर घटने की संभावना है।

पहाड़ी एवं मैदानी क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से हो रही रिकॉर्डतोड़ बारिश से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है। बारिश से हरियाणा के यमुनानगर जिले में बने हथिनीकुंड बैराज पर पानी का दबाव बढ़ रहा है, जिसके चलते यमुना नदी में पानी छोड़े जाने का सिलसिला निरन्तर जारी है। विगत सोमवार को प्रातः नौ बजे हथिनीकुंड बैराज से यमुना में छोड़े गए दिनभर के अधि. कतम 3,29,313 क्यूसेक पानी ने कैराना पहुंचते ही अपना रौद्र रूप दिखा दिया, जिसके चलते सोमवार शाम पांच बजे तक चेतावनी बिंदु से 50 सेंटीमीटर नीचे बह रही यमुना खतरे के निशान को पार कर गई। मंगलवार को प्रातः 11 बजे यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से 50 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया। यमुना के पानी से खादर क्षेत्र की हजारों बीघा फसल जलमग्न हो गई। यमुना के बढ़ते जलस्तर से प्रशासन व ड्रेनेज विभाग के अधिकारी अलर्ट मोड़ पर है।

### मोहम्मदपुर राई में यमुना तटबंध में हुए लीकेज को कराया दुरुस्त

गांव मोहम्मदपुर राई निवासी अब्दुर्रहीम का खेत तटबंध के निकट स्थित है। बताया गया है कि मंगलवार को किसान के खेत के पास तटबंध में रिसाव हो गया। मामले की सूचना किसान ने प्रशासन व अन्य ग्रामीणों को दी, जिस पर रिसाव को मिट्टी से भरे प्लास्टिक के बैग आदि लगाकर बंद कर दिया गया। इसके अलावा, रामड़ा, मण्डावर, बल्हेड़ा व इस्सापुर खुरगान में भी कई जगहों पर तटबंध में दरार आ गई थी, जिसे प्रशासन ने ग्रामीणों की सहायता से दुरुस्त करा दिया। हालांकि यमुना में उफनती लहरें अभी शांत होने का नाम नही ले रही है। वही, तहसीलदार अर्जुन चौहान का कहना है कि तटबंध में कुछ जगहों पर दरार आ गई थी, जिसे दुरुस्त करा दिया गया है। टीमें बनाकर पूरे तटबंध की निगरानी की जा रही है। यमुना की स्थिति का निरन्तर जायजा लिया जा रहा है।

### एडीएम ने यमुना तटबंध का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से प्रशासन भी पूरी तरह चौकन्ना नजर आ रहा है। मंगलवार को एडीएम शामली सत्एंद्र सिंह ने एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज के साथ में तहसील क्षेत्र में स्थित यमुना तटबंध का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मातहतों को यमुना तटबंध पर निरन्तर निगरानी करने समेत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान तहस. ीलदार अर्जुन चौहान भी मौजूद रहे। एसडीएम का कहना है कि यमुना तटबंध का गहनता से निरीक्षण किया गया है। कुछ जगहों पर यमुना तटबंध की मरम्मत कराई गई है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। देर रात तक जलस्तर घटने की भी संभावना है।

**चौसाना।** सोमवार की सुबह हथनीकुंड बैराज से 3।29 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था जो रात्रि तक चोसाना के तटवर्ती क्षैत्र मे पहुंचा। जिससे लोगो की सिसकियां निकल गई। उफनी यमुना को देखकर ग्रामीण खौफजदा हो गए।लोगो ने रात्रि मे जागकर रातें काटी। वही सुबह होने तक लोगो ने कुछ राहत की सांस ली।मंगलवार को पुलिस-प्रशासन सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुॅंचें और ग्रामीणों को विश्वास में लेकर सुरक्षा प्रबंध की जानकारी साझा की गई।

चौसाना क्षेत्र के गांव भडी मे यमुना नदी के उफान से सबसे अधिक संकट की स्थिति बनी हुई है। किसानों की करीब तीन हजार बीघा से अधिक फसले जलमग्न हो गई जबकि 25 हेक्टेयर से अधिक फसल यमुना मे बही है। जिससे किसानो को लाखों का नुकसान हो चुका वही पशुओं के चारे पर भी संकट के बादल छाए हुए है। सिचांई विभाग के जेई रामकुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह को करीब डेढ लाख क्यूसेक पानी यमुना मे छोडा गया है जो सुबह तक हमारे गावों तक पहुॅंचेंगा।

मंगलवार को यमुना के भयावह स्थिति की जानकारी मिलने पर एसडीएम संदीप त्रिपाठी राजस्व टीमें के साथ मौके पर पहुॅंचें और यमुना क्षैत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सिचांई विभाग के एसडीओ संजय मित्तल सहित अन्य कर्मचारी मौके पर रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता की और सुरक्षा के नियमो व सुझाव को साझा किया। एसडीएम संदीप त्रिपाठी ने अतिसंवे. दनशील बिंदुओं का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के बाद ड्रेनेज विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। ग्रामीणों के प्रशासनिक के साथ सहयोग की सराहना की और ग्रामीणों से अपील की कि वें पानी के नजदीक न खुद जाए न ही बच्चों को जाने दे। यमुना के बढते जलस्तर को देखने के लिए लोगो को तांता लगा रहा और लोग सेल्फी लेते नजर आए। इसके अलावा बीजेपी नेता व जिपं सदस्य ठाकुर कर्ण सिंह भी अपने कार्यकर्ताओ के संग मौके पर पहुॅंचें और बाढा राहत व बचाव प्रबंधन की जानकारी ली। उन्होने सिंचाई विभाग के अधिकारी रामकुमार को पीडितो का सहयोग करने के निर्देश दिए।



### अधिकारियों ने डाला डेरा, पुलिस-प्रशासन मुस्तैद

भडी क्षैत्र मे यमुना के बढे जलस्तर की खबरे छपने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों की नींद टूटी और तमाम अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर राहत बचाव के कार्यो की समीक्षा की।

### तीन हजार बीघा फसले डूबी, 400 बीघा फसल बही

भडी, लक्ष्मीपुरा, मंगलौरा व नाईनंगला नवीन क्षैत्र के रकबे की करीब तीन हजार बीघा से अधिक फसले डूब गई है। जबकि 25 हैक्टेयर उडद व धान की फसल यमुना नदी मे समा गई है। इसके अलावा 100 से अधिक लिप्टिस के पेड भी यमुना अपने साथ बहा ले गई।

### बचाव कार्य मे लगा विभाग, अधिकारी तैनात

भडी मे यमुना से लगती पटरी तक पानी बह रहा है। ग्राम प्रधान फरमान का कहना है कि रात्रि मे हालात भयावह थे। जैसे जैसे यमुना का शोर होता रहा वैसे वैसे बच्चों की चीखे निकल रही थी। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारी रात्रि से मौके पर है और कटान को रो. कने के प्रबंध कर रहे है।

### बिडौली में बारिश से सड़कें बनी तालाब

**बिडौली।** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ने लोगों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण मुख्य सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जगह-जगह गड्ढों में पानी भरने से सड़कें तालाब का रूप ले चुकी हैं।



राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चाल. कों को गड्ढों से गुजरने में मुश्किल हो रही है, वहीं पैदल चलने वाले लोग फिसलने व गिरने के खतरे से जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात शुरू होते ही हर साल यही स्थिति बन जाती है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। ग्रामीणों ने बताया कि खराब सड़कों के कारण स्कूली बच्चों और मरीजों को अस्पताल आने-जाने में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे हुए हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द जलभराव की समस्या के समाधान और सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आमजन की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। क्षेत्र वासियों को कहना है शराफत अली का का कहना है कि सही मानक के हिसाब से ठेकेदार माल नहीं गए थे इसलिए समय से पहले सड़के टूट जाती है जिससे आने जाने वाले व्यक्तियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नीरज कुमार का कहना है की प्रशासन को ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों की ओर ध्यान देना चाहिए क्योंकि बड़े हाईवे की औरतें सरकार का पूरा ध्यान रहता है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर ध्यान नहीं दिया जाता इसलिए सड़कों को जल्द से जल्द गड्ढा मुक्त किया जाए। सोनू कुमार का कहना है कि इस सड़क का चौड़ीकरण कान होना चाहिए क्योंकि इस सड़क पर दर्जनों गांव के लोगों का आगमन रहता है। सड़क पर पानी की निकासी का ध्यान रखा जाना चाहिए।



### रुक-रुक कर हो रही बारिश से जमींदोज हो रहे घर

**शामली।** क्षेत्र के गांव भैंसवाल में पिछले तीन दिनों से लगातार रूक-रूककर हो रही बारिश के बाद एक विधवा महिला का कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के समय कोई मकान में नही था, जिससे बडा हादसा टल गया। मकान गिरने से महिला का हजारों रूपये का सामान दबकर क्षतिग्रस्त हुआ है।

क्षेत्र के गांव भैंसवाल निवासी विधवा महिला संतोष पत्नी स्व ओमप्रकाश का मकान अचानक बारिश के चलते भरभराकर गिर गया। हादसे के समय महिला घर के बाहर गई हुई थी, जबकि तीन पुत्र दीपक, सचिन और विपिन मजदूरी पर गए हुए थे। महिला घर पहुंची तो मकान गिरा देख उसके होश उड गए। महिला ने बताया कि मकान की छत गिरने से उसके नीचे दबकर खाने पीने का राशन, कपडे, संदूक, साईकल, कपडे सभी सामान खराब हो गया है। जिससे उसको हजारों रूपये के नुकसान हुआ है और परिवार के सामने आर्थिक संकट खडा हो गया है। महिला ने बताया कि उसने ग्राम प्रधान और जिला प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत की, लेकिन कोई भी उसके मकान का सर्वे करने नही आया। पीडित महिला ने जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।



बिडौली। जमींदोज हुआ घर

# खतरे के निशान के करीब यमुना, अलर्ट

**कांधला।** थाना क्षेत्र से होकर गुजर रही यमुना नदी इन दिनों उफान पर है। हथिनी कुंड बैराज से लगातार छोड़े जा रहे पानी के कारण नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ता जा रहा है और अब यह खतरे के निशान के बेहद करीब पहुंच चुका है। हालात को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने नदी किनारे बसे ग्रामीणों को पूरी तरह सतर्क रहने की हिदायत दी है।मंगलवार को गंगेरू चौकी प्रभारी विक्रम सिंह भाटी पुलिस बल के साथ यमुना नदी के किनारे बसे ग्राम इस्सोपुर टील, डूंडूखेड़ा, गढ़ी रामकौर,सहितआदि गांवों में पहुंचे। यहां उन्होंने लाउडस्पीकर के जरिए मुनादी कर ग्रामीणों को सचेत किया। चौकी प्रभारी ने स्पष्ट शब्दों में ग्रामीणों से कहा कि कोई भी व्यक्ति नदी के किनारे न जाए और न ही बच्चों को वहां जाने दे। यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में किसी भी तरह की लापरवाही भारी पड़ सकती है।नदी के उफान का असर आसपास की खेती पर भी साफ दिखाई देने लगा है। बढ़ते जलस्तर की वजह से सैकड़ों बीघा फसलें पूरी तरह से जलमग्न हो गई हैं। खेतों में खड़ी धान, जवार, ईंख और अन्य फसलें बर्बाद हो गई। किसानों की मेहनत पर पानी फिरने से ग्रामीणों में मायूसी छा गई है। किसान प्रशासन से राहत और मदद की गुहार लगा रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई सालों में यमुना का जलस्तर इतनी तेजी से नहीं बढ़ा था। इस बार अचानक नदी का उफान गांवों के लिए खतरे की घंटी बनता जा रहा है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की टीमें हालात पर नजर बनाए हुए हैं और लगातार अलाउंसमेंट कर लोगों को सुरक्षित रहने की सलाह दे रही हैं।



# जहानपुरा संघर्ष प्रकरण में नामजद एक और आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस ने दस दिन पूर्व गांव जहानपुरा में दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष प्रकरण में नामजद एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का पुलिस ने चालान कर दिया है।

विगत 24 अगस्त की रात्रि क्षेत्र के गांव जहानपुरा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया था, जिसमें दोनों पक्षों के बीच जमकर फायरिंग व पत्थरबाजी हुई थी। संघर्ष में दोनों पक्षों के आठ लोग गम्भीर रूप से घायल हुए थे। पुलिस की ओर से दोनों पक्षों के 16 नामजद व 8-10 अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमला समेत विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी शामली ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत संघर्ष प्रकरण में नामजद आरोपी मुबारिक निवासी ग्राम जहानपुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है। पुलिस इससे पूर्व मामले में नामजद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि एक अन्य आरोपी जावेद पुराने मामले में जमानत तुड़वाकर कोर्ट के माध्यम से जेल चला गया था। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच हुए संघर्ष में नामजद एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अभी तक कुल पांच आरोपी जेल जा चुके है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निरन्तर प्रयास किए जा रहे है।

## शव पोस्टमार्टम से आने पर गमगीन माहौल में किया सुपुर्द-ए-खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के किवाना मार्ग पर युवक का शव मिला था। मृतक के शव के समीप बाइक क्षतिग्रस्त खड़ी मिली थी। आशंका लगाई जा रही थी कि युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हुई है।पुलिस में शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। मृतक युवक का शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है।

कस्बे के किवाना मार्ग पर कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी आलम पुत्र शब्बीर का शव मिला था। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा भरकर कर पीएम के लिए भेज दिया था। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया था। बुधवार को मृतक युवक का शव पीएम होने के बाद घर पहुंचा। परि. जनों ने मृतक के शव को गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मृतक युवक के परि. जनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## थूकने पर युवक की जमकर पिटाई

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव खेडीकरमू निवासी एक युवक को दुकान के बाहर थूकना महंगा पडा गया। दुकान मालिक ने युवक की जमकर पिटाई करते हुए घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव खेडीकरमू निवासी गौरव पुत्र संजीव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गत एक सितंबर को वह दोपहर करीब 12 बजे अपने चाचा के लड़कें सावन की नाई की दुकान पर गया था, जो उसने मनोज पुत्र जयपाल से किराए पर ले रखी है। आरोप है कि दुकान के बाहर थूक देने पर दुकान मालिक मनोज ने देख लिया और गाली गलोच करते हुए लात घूसों व बुरी तरह से मारपीट की और सिर में ईंट मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# बीमारी से आईटीबीपी के सिपाही की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव लिसाढ़ निवासी आईटीबीपी के सिपाही की बीमारी के चलते मौत हो गई। मंगलवार को पैतृक गांव पहुंचे सिपाही के शव को देख परिजनों में कोहराम मच गया। सिपाही के शव का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

क्षेत्र के गांव लिसाढ़ निवासी 36 वर्षीय विनीत कुमार पुत्र सुभाष सिंह वर्ष 2012 में आईटीबीपी में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। बताया जाता है कि पिछले डेढ वर्षो से उनकी तैनाही गोहाटी में चल रही थी, जहां पिछले कई दिनों से विनीत कुमार का स्वास्थ्य ठीक नही होने पर उनको गोहाटी के मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था।



गत एक सितंबर को हालत ज्यादा नाजुक होने पर आईसीयू में भी भर्ती किया गया, लेकिन उपचार के दौरान विनीत कुमार की मौत हो गई। विनीत की मौत से परिजनों में को. हराम मच गया।



मंगलवार सवेरे करीब 8 बजे विनीत का शव गांव लिसाढ पैतृक आवास पर पहुंचा, जहां शव को देख परिजनों में कोहराम मच गया। सिपाही के शव का पूरे राजकीय सम्मान के साथ गांव के ही शमशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया है। मृतक अपने पीछे दो छोटे बच्चे एक लडका और एक लडकी छोड गया है। मृतक का छोटा भाई रवि कुमार एनएसजी गुडगांव में तैनात है।

# विव्रत सागर ने उत्तम संयम धर्म पर किया प्रवचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में चल रहे दशलक्षण धर्म महापर्व के अवसर पर मंगलवार को वात्सल्य 108 विव्रत सागर मुनिराज ने उत्तम संयम धर्म पर प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में बंधन अनिवार्य हैं। चाहे पारिवारिक हों, सामाजिक हों या आध्यात्मिक, वे हमें दिशा और संरक्षण देते हैं।

श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जैन मुनि ने कहा कि विद्यार्थी अनुशासन में रहकर शिक्षा पाता है, दांपत्य बंधन जिम्मेदारी और सुरक्षा प्रदान करता है तथा साधु धर्म का बंधन आत्मा की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। मुनिराज ने कहा कि बंधन सुखद भी लग सकते हैं और बोझ भी, यह व्यक्ति की .ष्टि पर निर्भर करता है। यदि इन्हें सहयोग



और मार्गदर्शन के रूप में देखें तो आनंद मिलता है, लेकिन मजबूरी या रोक-टोक मानने पर असंतोष उत्पन्न होता है। उन्होंने अकबर-बीरबल की प्रसिद्ध कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि इच्छाएं बकरे की तरह असीमित होती हैं, जो भोगों से कभी शांत नहीं होतीं। केवल सही दृष्टि, संयम और विवेक से ही संतोष पाया



जा सकता है। उन्होंने धूप दशमी का महत्व बताते हुए कहा कि इस दिन विशेष रूप से दान, पूजा और भक्ति का कार्य किया जाता है। जी को धूप अर्पित करने और पुड़िया बनाने की परंपरा का भी विशेष महत्व है। इस दिन किए गए दान और अनुष्ठान से स्वास्थ्य, शांति और सुख की प्राप्ति होती है।

मुनिराज ने कहा कि असली सुख भोगों में नहीं, बल्कि संयम, सही .ष्टिकोण और आस्था में है। आज की सामग्री व्यवस्था डॉ। राकेश जैन व रचना जैन परिवार द्वारा की गई। इस अवसर पर मोहित जैन, राजीव जैन, स्वीटा जैन, रमेश चंद, राजकुमारी जैन, अरुण जैन, गीता जैन, महेश जैन, अलका जैन आदि मौजूद रहे।

# ओपन मेरिट से पंजीकरण का दिया अंतिम अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (एलएलएम, एमफार्मा, एमएड, एमफिल को छोड़कर) में प्रवेश हेतु ओपन मेरिट से पंजीकरण का अन्तिम अवसर प्रदान किया है। 2 सितम्बर से 4 सितम्बर तक नवीन पंजीकरण के साथ-साथ पूर्व पंजीकृत परन्तु अप्रवेशित अभ्यर्थियों को अपनी जानकारी संशोधित करने तथा अन्य पाठ्क्रम चुनने का अवसर मिलेगा।

प्रवेश समन्वयक प्रो। ओमकार सिंह ने बताया कि अभ्यर्थी अपनी सही स्ट्रीम, अर्हता, कक्षा प्राप्तांक प्रतिशत एवं अन्य विवरण संशोधित कर सकते हैं। साथ ही नियमावली 2025-26 के अनुसार वे उन पाठ्क्रमों का चयन कर सकते हैं जिनकी वे न्यूनतम अर्हता पूरी करते हैं।

विश्वविद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार, अंतिम ओपन वरीयता सूची के आधार पर प्रवेश हेतु ऑफर लैटर 5 सितम्बर की शाम तक जारी किए जाएंगे। इन ऑफर लेटर में कैम्पस अथवा महाविद्यालय का नाम अंकित नहीं होगा। अभ्यर्थियों को 6 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से 11 बजे के बीच ऑफर लेटर की प्रति जमा करनी होगी। यदि किसी पाठ्क्रम की रिक्त सीटों से अधिक संख्या में ऑफर लेटर जमा होते हैं, तो नियमानुसार वरीयता सूची बनाकर प्रवेश पूर्ण किए जाएंगे।

# किक बॉक्सिंग में शामली के खिलाड़ियों का रहा जलवा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सब जूनियर व कैडेट्स नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 27 से 31 अगस्त तक नेहरू इनडोर स्टेडियम चेन्नई में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में शामली जिले से 5 खिलाड़ियों ने अलग-अलग भार वर्ग में प्रतिभाग कर स्वर्ण पदक जीते है। जिनका शामली पहुंचने पर स्वागत किया गया।

शामली जिले से इंटरनेशनल रेफरी व किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के टेक्निकल हेड सोनू सैनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे देश से लगभग 1400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विभिन्न राज्यों से आए हुए खिलाड़ियों के बीच में लगभग 600 से अधिक मुकाबले हुए।

जिसमें से अभिमन्यु मलिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 57 किलोग्राम श्रेणी के पॉइंट फाइट इवेंट में स्वर्ण पदक और संयम सैनी ने -42 किलोग्राम पॉइंट फाइट व किक लाइट कैटेगरी में 2 सिल्वर मेडल व आर्यन तोमर ने- 69 किलोग्राम भार वर्ग के पॉइंट फाइट व किक लाइट इवेंट में 2 ब्रोंज मेडल जीतकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया। अभिमन्यु मलिक ने अपने वर्ग के सभी खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर देते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मैच में गुजरात के खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। इस पांच दिवसीय चौंपियनशिप में निर्णायक मंडल के 80 निर्णायकों के निर्देशन में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया गया। सभी खिलाड़ियों के अद्वितीय प्रदर्शन के लिए उनके कोच सुशील कौशिक ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पत्रकार संजीव शर्मा की माता का निधन

**बिजनौर।** गोविंदा मॉर्निंग क्लब ने शोक सभा का आयोजन कर क्लब के साथी संजीव शर्मा वरिष्ठ पत्रकार की माताजी श्रीमती रघुवती शर्मा (94 वर्ष) के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए 2 मिनट का मौन रख ईश्वर से प्रार्थना की गई। संजीव शर्मा की माता का 2 सितंबर 2025 को प्रात: 4:45 बजे सेंट मेरी रोड स्थित उनके निवास पर देहांत हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट राजीव चौहान, सिविल बार एसो. के पूर्व जिलाध्यक्ष एड. संजीव अग्रवाल, इंजी. चरण सिंह, इंजी. प्रकाश वीर रस्तोगी, संजीव विश्नोई, गणेश ठाकुर, दिनेश आदि रहे।

# पुलिस के कार्रवाई न करने पर पीड़िता ने लगाई सीएम से गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक युवती के साथ दो युवकों ने एक सप्ताह पूर्व दुकान पर पहुंचकर अभद्रता करते हुए मारपीट की थी। मारपीट में युवती के कपड़े फट गए थे। पीड़िता का आरोप है की शिकायत के बाद भी आरोपी के खिलाफ पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी एक युवती ने एक सप्ताह पूर्व थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता के पास क्षेत्र के गांव आल्दी निवासी प्रीति सैनी का आना-जाना है। प्रीति सैनी की शादी दो वर्ष पूर्व कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव किशोरपुर निवासी विपिन सैनी के साथ हुई थी। शादी के बाद पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उक्त मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पीड़ित का आरोप है कि एक सप्ताह पूर्व पीड़िता अपनी कॉस्मेटिक की दुकान पर बैठी कार्य कर रही थी। आरोप है इसी बीच विपिन सैनी अपने साथी संदीप सैनी के साथ पीड़िता की दुकान पर पहुंचा और प्रीति के बारे में जानक. ारी करने लगा। पीड़िता ने किसी भी प्रकार की जानकारी होने से मना किया तो आरोप है कि आरोपी आग बबूला हो गया और गाली गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार करने लगा। आरोप की आरोपी युवक ने पीड़िता के साथ मारपीट की और पीड़िता के कपड़े फाड़ दिए थे। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक आए दिन सोशल मीडिया पर पीड़िता के खिलाफ आपत्तिजनक बातें लिखता है, जिससे पीड़िता मानसिक रूप से परेशान है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर आरा. पी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मां शाकुंभरी को रवाना हुए श्रद्धालु







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को शहर के विभिन्न स्थानों से मां शाकुंभरी देवी के दर्शनों के लिए पदयात्राएं रवाना हुई। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालु मां के भजनों पर झूमते नाचते व जयकारे लगाते हुए रवाना हुए। पदयात्रा का जगह जगह स्वागत भी किया गया।

मंगलवार को शहर से कई पदयात्राएं मां शाकुंभरी देवी के लिए रवाना हुई। शहर के माजरा रोड स्थित सिद्धपीठ मंदिर भाकूवाला से जय जगदंबे पद यात्रा संघ के नेतृत्व में मां शाकंभरी देवी के लिए पदयात्रा धूमधाम के साथ रवाना हुई। इससे पूर्व मंदिर में मां का झंडा पूजन व आरती का आयोजन किया गया। पूजा अर्चना पंडित कमलकांत पांडे ने संपन्न कराई। इसके बाद पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। पद यात्रा में श्रद्धालु हाथों में लाल झंडे लेकर मां शाकंभरी के दर्शनों के लिए भजनों पर झूमते हुए रवाना हुए। पद यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर भिक्की मोड, धीमानपुरा रेलवे फाटक, एसटी तिराहा से होते हुए शाकुंभरी देवी के लिए रवाना हुई।

इस दौरान हरिश्याम, अरूण मित्तल, दिनेश भारद्वाज, सचिन श्याम, सोनू गुणदेव, राजेन्द्र स्वामी, हिमांशु धीमान, विशाल धीमान, मुक. ेश, सौरभ, बिजेन्द्र गुणदेव आदि भी मौजूद थे। वहीं शिव दुर्गा हनुमान मंदिर सेवा समिति रेलपार द्वारा भी 32वीं शाकुंभरी देवी पदयात्रा का आयोजन किया गया। सुबह के समय पं। धनप्रकाश द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इसके बाद पदयात्रा का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पं। धनप्रकाश ने बताया कि 32 वर्षों से सैकडों श्रद्धालु मां शाकुंभरी देवी के दर्शनों के लिए रवाना होते हैं। तीन दिन में वे शाकुंभरी देवी पहुंच जाते हैं जहां माता के दर्शन कर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। श्रद्धालु माता रानी से देश में अमन चौन की प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर सतएन्द्र नारायण, सोनू शर्मा, बबीता, कनिका शर्मा, सोनू, धर्मसिंह नाचते गाते मां के दर्शनों के लिए रवाना हुए।

## वार्षिक डीलर मीट का आयोजन

**चांदपुर।** अपना पशु आहार एक वार्षिक डीलर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को पशुओं की उत्तम नस्लों के चयन, सही आवास प्रबंधन, प्रजनन नीतियों और गुणवत्तापूर्ण पशु आहार के महत्त्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतीक केडिया जीएम मार्केटिंग ने प्रेसवार्ता में बताया कि अपना पशु आहार ब्रांड की अब तक हर माह 12000 मेट्रिक टन का प्रोडक्शन बहुत ही कम समय में हो गया है, जो किसानों के भरोसे और उनकी संतुष्टि का प्रतीक है। इस अवसर पर वर्षों से जुड़े हुए हमारे समर्पित डीलरों, वितरकों एवं किसानों को उनकी निष्ठा के लिए सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पशु आहार व्यापारियों में मंच पर व्यापारी नेता अनुज कुमार गुप्ता, पंकज कुमार गुप्ता, अपार गुप्ता, वीरेन्द्र राजपूत आदि रहे।

# सुंदर कांड में बनारस से पहुंचे रामानुज शास्त्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मंगलवार को प्राचीन मंदिर जगन्नाथ बाला जी धाम मे आयोजित सुंदर कांड़ मे बनारस से आए प. रामानुज शास्त्री ने कहा साधना के जगत में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण अगर कोई बात है है तो वो है संग। हम कितना भी भजन कर लें, ध्यान कर लें लेकिन हमारा संग अगर गलत है सुना हुआ, पढ़ा हुआ, और जाना हुआ तत्व आचरण में नहीं उतर पाएगा। तन्मयता में जीना अर्थात अपने द्वारा संपन्न प्रत्एक कार्य को पूर्ण निष्ठा के साथ सावधानी पूर्वक इस प्रकार करना कि कर्म ही पूजा और आत्म संतुष्टि ही परिणाम बन जाए। जीवन अगर नाव है तो प्रभु उसे डूबने से बचाने वाली पतवार। जीवन अगर पतंग है तो प्रभु उसे भटकने से बचाने वाली डोर। और जीवन अगर एक वृक्ष है तो प्रभु इसे सूखने से बचाने वाला खाद-पानी। उन्होंने कहा जीवन मे अगर एक बार जो फैसला कर लिया तो फिर मुडकर कभी मत देखना क्योंकि बार बार मुडकर देखने वाले कभी इतिहास नही बनाते है। प्रभु के दो अमूल्य उपहार जो हमें प्रदान किए हैं , पहला धैर्य, जब हमारे पास कुछ भी न हो। दूसरा ष्व्यवहारष, जब हमारे पास सब कुछ हो।का धारण सर्व हितकारी होता हैं। मनुष्य मन के संकल्प और विकल्प पानी के बुलबुले की तरह ही एक क्षण में बनते और दूसरे ही क्षण में फूट भी जाने वाले अर्थात् मिट जाने वाले हैं। इसलिए हमारे महापुरुषों ने निर्णय दिया है कि कभी बुरा करने का विचार आए तो कल पर टालो और कभी अच्छा करने का विचार आए तो अभी कर डालो। सुन्दर कांड़ में किरण गर्ग सोनिया गर्ग अनिता गोयल सरोज रानी सुनिता अग्रवाल, श्रुति तायल शोभा रानी कमलेश रानी, आदि मौजूद रहे।

## व्यापारियों के उत्पीड़न के खिलाफ वित्त मंत्री से मिले घनश्याम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ने लखनऊ में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से जीएसटी विभाग एसआईबी टीम द्वारा व्यापारियों के किए जा रहे उत्पीड़न से अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग व उनके साथ गाजियाबाद महानगर के महानगर अध्यक्ष ओम दत्त गुप्ता ने लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना को प्रदेश भर के सभी जिलों में जीएसटी विभाग की एसआईबी टीम द्वारा किए जा रहे हैं उत्पीड़न के संबंध में अवगत कराया।मांग की कि जीएसटी विभाग की एसआईबी टीम द्वारा व्यापारियों का उत्पीडन बंद होना चाहिए। क्योंकि प्रदेश का व्यापारी जीएसटी विभाग में भरपूर टैक्स जमा कराकर सरकार को मालामाल कर रहा है। फिर भी जीएसटी टीम समय-समय पर पर व्यापारियों के सर्वे छापे की आड़ में व्यापारियों का आर्थिक और मानसिक उत्पीडन कर रही है। यह व्यापारियों पर अन्याय है जो बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश का व्यापारी सरकार की नीतियों का पालन करते हुए सरकार को सहयोग कर रहा है।

## एक नजर

### नामदेव युवा जन कल्याण समिति का प्रतिनिधिमंडल डिप्टी सीएम से मिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को नामदेव युवा जनकल्याण समिति तत्वावधान में एक प्रतिनिधि मंडल रजनीश नामदेव के नेतृत्व में समाज की कुछ समस्याओं व नई योजनाओं को लेकर लखनऊ पहुंचा और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मुलाकात की। मंगलवार को नामदेव युवा जनकल्याण समिति तत्वावधान के पदाधिका. रियों ने रजनीश नामदेव के नेतृत्व में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मुलाकात कर बताया कि समाज की अनेकों समस्याऐं है, जिसको लेकर पूर्व में भी ज्ञापन दिया जा चुका है। साथ ही समाज के महापुरूषों के नाम से शामली में चौराहे की स्थापना की जाए। दोनों नेताओं ने उस पर जल्दी ही विचार करने का आश्वासन दिया। समिति की ओर से भी दोनों नेताओं का धन्यवाद कर संत शिरोमणी नामदेव महाराज की प्रतिमा व अंग वस्त्र भेंट किया गया।

### लाठीचार्ज के विरोध में पुलिस का पुतला दहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला शामली इकाई ने लखनऊ में हुए लाठीचार्ज की घटना के विरोध में पुलिस का पुतला दहन किया। इस दौरान उन्होने लखनऊ पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। परिषद कार्यकर्ताओं का कहना था कि शांतिपूर्ण विरोध के दौरान पुलिस प्रशासन ने कार्यकर्ताओं पर बर्बर लाठीचार्ज किया, जिसकी कड़ी निंदा की जाती है। जिसके विरोध में प्रदेशभर में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन कर पुतलों का दहन किया जा रहा है। इस मौके पर जिला संयोजक विष्णु दत्त शर्मा, प्रांत सह सोशल मीडिया संयोजक वैभव ऐरन, वंश वर्मा, रजत, अभिनव, वंश, अभिषेक, हनी, वंश जिंदल, वंश प्रजापति, विश्वास मौजूद रहे।

### जसाला स्वास्थ्य केंद्र पर जच्चा-बच्चा केंद्र का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकास खंड क्षेत्र के गांव जसाला स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्य चिकित्साधिकारी अनिल कुमार ने स्वास्थ्य केंद्र पर बीस बेड वाले जच्चा-बच्चा लेबर रूम का फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया। उद्घाटन के मौके पर स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम मौजूद रही क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी ने केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया और प्रभारी रामबीर सिंह को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाली हर गर्भवती महिला को समय से इलाज और बेहतर सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर रामबीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, आशुतोष सिंह, महिला चिकित्सक डॉ। मयूरी, स्टाफ नर्स ममता समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### कुख्यात गैंगस्टर इनाम उर्फ धुरी पुलिस मुठभेड़ में घायल, जेल रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गैंगस्टर का आरोपी इनाम उर्फ धुरी मुठभेड़ के दौरान पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा, तीन जिंदा कारतूस व बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद हुई है। इनाम उर्फ धुरी व उसके दो साथियों के खिलाफ तीन दिन पूर्व ही स्थानीय कोतवाली पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ था। एसपी शामली ने धुरी पर 25 हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था। सोमवार रात्रि एसपी शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस सीओ कैराना श्यामसिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री के नेतृत्व में कस्बे के भूरा मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाए हुए थी। भूरा रोड फ्लाईओवर के पास पुलिस टीम की गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित 25 हजार रूपए के ईनामी इनाम उर्फ धुरी के साथ में मुठभेड़ हो गई, जिसमें पुलिस की ओर से आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में इनाम पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, एक अन्य आरोपी निजाम मौके से फरार होने में सफल हो गया। मुठभेड़ में घायल आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 315 बोर का अवैध तमंचा, तीन जिंदा कारतूस व खोखा तथा बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## तहसील कार्यालय में धरना 74वें दिन भी रहा जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** ऊर्जा निगम के द्वारा किए गए मुकदमे व जुर्माने को लेकर शहीद भगत सिंह युवा समिति के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पर 74 वे दिन भी धरना जारी रखा। मंगलवार को धरने में आए किसानों ने कहा कि सरकार किसानों का उत्पीड़न कर रही हैं धरना चलते दो महीने से ज्यादा हो गए लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। विधुत विभाग द्वारा समझौता करने के बाद मुकदमा करना व किसानों पर जुर्माना के नोटिस भेजना किसानों के साथ अन्याय है।वही शहीद भगत सिंह समिति के कार्यकर्ताओं ने कहा जब तक विद्युत विभाग समझौते के अनुसार मुकदमे व जुर्माने के नोटिस वापस नहीं लेता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में दीपक सभासद, सुरेंद्र,,पोलु,निरंकार, संजीव कुमार,ब्रजपाल,वासु, आदि शामिल रहे।

# तमंचे संग आरोपी गिरफ्तार, पत्नी की वायरल तस्वीर से मचा था हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सफलता हासिल की है। पुलिस ने ग्राम डुढार निवासी सुन्दर पुत्र लख्मी को धर दबोचा। पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को तमंचे सहित हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव ढूढर निवासी सुन्दर की पत्नी ममता का विगत सोमवार को फोटो सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ वायरल हुआ था, जिसके बाद से पूरे इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। महिला के साथ फोटो वायरल होने से पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए महिला की तलाश शुरू कर दी थी।पुलिस ने आरोपी सुन्दर को अवैध तमंचे के साथ उसके घर से दबिश देकर पकड़ लिया तो गांव वालों के बीच यह सवाल जोर पकड़ रहा है कि आखिरकार पुलिस उसकी पत्नी तक कब पहुंचेगी, जिसकी तस्वीर तमंचे के साथ खुलेआम वायरल हुई थी।पकड़े गए आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विक्रम सिंह, कांस्टेबल प्रवेश कुमार और कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार शामिल रहे। गांव में इस बात की चर्चाएं तेज हो गई हैं कि पति तो पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है, अब क्या पत्नी भी पुलिस के शिकंजे में आएगी।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़े गए आरोपी ने अपनी पत्नी के हाथों में तमंचा देकर अपने मोबाइल से तस्वीर खींची थी और वायरल कर दी थी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है फिर भी पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# रिमझिम बारिश से सूने हुए बाजार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। हल्की बारिश के चलते मौसम खुशनुमा हो गया और उमस भरी गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली। आसमान में छाए बादल और ठंडी हवाओं ने वातावरण को सुहाना बना दिया।

मंगलवार को मौसम का अधि. कतम तापमान 27 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। पिछले लगातार तीन दिनों से बारिश का दौर जारी है। मौसम के बदलाव से जहां लोगों के चेहरे खिल उठे, वहीं दूसरी ओर इसका असर स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। लगातार नमी और ठंडक के कारण बच्चों और बुजुर्गों में बुखार, नजला-जुकाम और खांसी की शिकायतें बढ़ गई हैं। शहर के सरकारी अस्पताल और निजी चिकित्सालयों में मरीजों की संख्या में इजाफा दर्ज किया जा रहा है। स्थानीय चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में अचानक हो रहे बदलाव से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है, जिससे वायरल संक्रमण तेजी से फैलता है। उन्होंने लोगों को सलाह दी है कि इस मौसम में बच्चों और बुजुर्गों को विशेष देखभाल की आवश्यकता है। साफ-सफाई का ध्यान रखें, और भीगने से बचें। बारिश से किसानों के चेहरे पर भी मिश्रित असर देखने को मिला। जहां धान और गन्ने की फसल को बूंदाबांदी से फायदा है, वहीं सब्जियों की फसल पर नमी और रोग लगने का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में हल्की बारिश का दौर जारी रह सकता है। विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। वही दूसरी ओर बारिश के चलते शहर की सड़कों पर फिसलन बनी रही और कई बाइक सवार गिरकर चोटिल भी हुए है।

## बारिश में ढहा गरीब का आशियाना

**स्योहारा।** ग्राम मुकरपुरी में बीती रात हुई भारी बारिश के कारण एक गरीब परिवार का कच्चा मकान अचानक ढह गया। मकान स्वामी सतपाल सिंह प्रजापति पुत्र चेतराम सिंह ने बताया कि वह परिवार सहित इसी जर्जर मकान में रह रहा था।

लगातार हो रही बारिश से मकान की दीवारें कमजोर हो चुकी थीं और सोमवार देर रात अचानक भरभराकर गिर पड़ीं। घटना के बाद परिवार के पास सिर छुपाने की जगह तक नहीं बची। सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान सलीम अहमद व लोकपाल इरशाद अहमद मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने परिवार को हर संभव मदद और आर्थिक सहयोग दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

# सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर प्रशासनिक कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलने के बाद मंगलवार को अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने पहुंचकर भूमि की पैमाइश कराई और जगह को चिन्हित किया।मामला थाना भवन नगर के पट्टी नौगांवा स्थित किसान इंटर कॉलेज के पास नोजल रशीदगढ़ रोड किनारे खसरा नंबर 749 का है। यहां कुछ लोगों द्वारा कब्र बनाकर उसे निजी कब्रिस्तान बताते हुए कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। शिकायत पर अधिशासी अधिकारी ने नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ राजस्व टीम को मौके पर बुलाया और भूमि की पैमाइश कराई।

पैमाइश के दौरान कुछ लोगों ने उक्त भूमि को कब्रिस्तान बताते हुए विरोध किया। जब अधिशासी अधिकारी ने उनसे संबंधित काग. जात दिखाने को कहा, तो वे बिना कोई दस्तावेज प्रस्तुत किए वहां से चले गए।अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा की सख्ती और राजस्व टीम की कार्रवाई के चलते अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। नगरवासियों ने इस कार्रवाई की सराहना की और सरकारी भूमि को पूरी तरह कब्जा मुक्त कराने की मांग की।अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि शिकायत पर भूमि की पैमाइश कराई गई है। इसे नगर पंचायत कब्जे में लेकर जल्द ही चारदीवारी कराएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा या अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा, राजस्व प्रभारी निरीक्षक सुनील दत्त शर्मा, हल्का लेखपाल यतेंद्र सिंह, अंकुर कुमार, लिपिक संजय कुमार, वसीक अहमद सहित नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

## विवाहिता ने मारपीट कर घर से निकालने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विवाहिता ने पति पर मारपीट कर बच्चो सहित घर से निकालने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई हैं।

मोहल्ला पठानपुरा निवासी गजाला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया हैं कि 11 वर्ष पूर्व उसकी शादी सहारनपुर के रसूलपुर गांव निवासी व्यक्ति से हुई थी, उसके दो बच्चे हैं। पति नशे का आदी है जो आए दिन उससे मारपीट करता है और घर खर्च भी नहीं देता। ससुरा. लिए भी उसका शारीरिक और मान. सिक उत्पीडन करते हैं। आरोप है कि सोमवार को पति ने उसे बच्चों सहित मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# झांकियां, ढोल नगाड़े व बैंड बाजे के साथ निकाली गोगा का प्रतीक नेज्जा (छड़ी) यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर में श्री जाहरवीर गोगा. जी का प्रतीक नेज्जा (छड़ी) यात्रा धूमधाम से निकाली गई। यात्रा में शामिल सुंदर झांकियां, ढोल नगाड़े व बैंड बाजे आकर्षण का केंद्र रहे। यात्रा श्री त्रिपुर माँ बाला सुंदरी देवी मंदिर स्थित गोगा म्हाड़ी पहुंचकर सम्पन्न हुई।

श्री शिवेश्वर महादेव मंदिर समिति (नयाबास जाटव कॉलोनी) के तत्वावधान में 33वीं पदयात्रा का शुभारंभ लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राघव दास अग्रवाल ने फीता काटकर व दीप जलाकर किया। शोभायात्रा एचएवी इंटर कॉलेज, श्री राधा वल्लभ मंदिर (पुरानी म्हाड़ी) मित्तर सेन चौक, मेन बाजार, बस स्टैंड रोड और शाहजी लाल चौक से होते हुए श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर स्थित गोगा म्हाड़ी पर पहुंची। जहां पर विधि



विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस दौरान मंदिर समिति अध्यक्ष मोहन लाल, महामंत्री सत्यप्रकाश, मुकेश कुमार, गोपीचंद, अजय कुमार, राज. कुमार जाटव, जोगिंदर जाटव आदि मौजूद रहे।

वहीं, नगर की इंदिरा कॉलोनी में दीपक भगत के नेतृत्व में छड़ी की पदयात्रा ढोल नगाड़ों के साथ निकली। इसमें श्रद्धालु नाचते गाते विभिन्न मार्गों से होकर कॉलोनी स्थित गोगा म्हाड़ी पर पहुंचे और प्रसाद व निशान चढ़ाकर मन्नत मांगी। बिन्नी, प्रदीप, ध्यानदास, कमल सेन, बबलू, यशपाल, उमाशंकर, राहुल आदि मौजूद रहे।

## पालिकाध्यक्ष ने किया मेले का उद्घाटन

**देवबन्द।** जाहरवीर गोगा म्हाड़ी पर लगने वाला पारंपारिक मेले का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने किया।

देवी कुंड पार्क स्थित जाहरवीर गोगा म्हाड़ी पर लगने वाला पारंपारिक मेले का पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने उद्द्घाटन करने के उपरांत कहा कि मेले हमारी सभ्यता का प्रतीक होते हैं इससे हमें अपने पूर्वजो देवी देवताओं को जानने और उनके गुनगान करने का अवसर मिलता हैं। इसलिए हमें अपने देवी देवताओं और उनके आयोजन में होने वाले मेलो में भाग लेकर उनके आदर्शो को अपनाना चाहिए। भाजपा नगर अध्यक्ष अरूण गुप्ता ने कहा कि जहारवीर जी की महिमा का कोई भी शब्दो में बखान नहीं कर सकता उनके आशिर्वाद का सिर्फ महसूस किया जा सकता हैं। इस अवसर पर राजीव गुप्ता ने जाहरवीर जी को नेजा भेंट एवं अश्वणी मित्तल व अनुज गर्ग ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण



किया। सभासद सुधा गांधी पत्नी अजय गांधी ने मां काली का माल्यार्पण कर आशिर्वाद लिया। इस अवसर पर सुधीर भारद्वाज, सुलेख गर्ग, कुलदीप सैनी, अर्विंद जोहरी, आलोक खटीक, राजेश तनेजा, मोहन लाल कोरी, नरेश प्रधान आदि लोग शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाया सुगंध धूप दशमी का पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दशलक्षण पर्व के छठे दिन जैन मंदिरों में उत्तम संयम धर्म की विशेष पूजा हुई। सुगंध धूप दशमी का पर्व भी धूमधाम से मनाया गया। तत्वार्थ सूत्र विधान का छठे अध्याय के 27 अर्ध चढ़ाए गए।

सरागवाड़ा स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रात: श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम एवं सोलहकरण पूजा हुई। शांतिधारा का सौभाग्य सुबोध जैन परिवार को प्राप्त हुआ। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बाहरा में सुगंध दशमी पर्व पर कार्यक्रम का शुभारंभ सुगंध दशमी की कथा से किया गया। मंदिर सरागवाड़ा, मंदिर कानूनगोयान और मंदिर नेचलगढ़ में श्रद्धालुओं ने अष्टकर्मों के नाश को हवन कुंड में आहुति दी। आचार्य अरुण सागर महाराज ने कहा कि आत्म नियंत्रण और इंद्रियों पर विजय प्राप्त करना ही उत्तम संयम धर्म है। यह हमें क्रोध, माया, लोभ, दुख से मुक्ति दिलाकर आंतरिक सुख की ओर ले जाता है। इस मौके पर श्री दिगंबर जैन वीर कला मंडल ने जल कलश यात्रा में इंद्र बनने वालों का अभिनंदन किया।



श्री मदनलाल जैन मैमोरियल ट्रस्ट व श्री महिपाल जैन मैमोरियल ट्रस्ट ने समाज के 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व स्कालरशिप देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनुज जैन, मनोज जैन, विजेंद्र जैन, अतुल जैन, अंकित जैन, संजीव जैन, मिलन जैन, सुरेश जैन, विकास जैन, मुकेश जैन, चंदन जैन आदि मौजूद रहे।

## मुकदमा वापिस न लेने पर मारने की धमकी

**देवबन्द।** मुकदमा वापिस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप पुलिस ने रणखंडी गांव निवासी विष्णु की तहरीर पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पछाया पट्टी रणखंडी गांव निवासी दिनेश, अंकित, कन्हैया और राजेश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि उक्त लोगों ने भाई लक्ष्मी शंकर को शराब में जहरीला पदार्थ पिलाकर उसकी हत्या कर दी थी, इसमें रिपोर्ट भी दर्ज है। 13 अगस्त को आरोपी उसके घर पहुंचे और बेटे करण और भाभी विनीता को मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# नफरत भड़काने वालों के लिए देश में कोई स्थान नहीं: मदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मौलाना महमूद मदनी ने असम राज्य में हुई हालिया कार्रवाइयों पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि नफरत भड़काने वालों के लिए इस देश में कोई स्थान नहीं है। मदनी ने सभी कार्रवाई को मानवीय सिद्धांतों के विरुद्ध और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन करार दिया।

मौलाना महमूद मदनी ने जारी अपने बयान में कहा कि असम के कई स्थानों का दौरा कर अपनी आंखों से दुखद दृश्य देखे, लोगों के चेहरों पर बेबसी और निराशा झलक रही थी। ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि लोगों को धर्म के आधार पर विभाजित जा रहा है और एक विशिष्ट पहचान रखने वाले समुदाय के विरुद्ध मियां और डाउटफुल जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। मौलाना मदनी ने स्पष्ट कहा कि अगर कोई विदेशी यहां पाया जाए तो उन्हें बाहर किया जाए, हमारी संवेदना उनके साथ नहीं है। लेकिन जो भारत के नागरिक बेदखल किए गए हैं, उन्हें फिर से बसाया जाए। जहां बेदखली अपरिहार्य हो, वहां सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुख्यमंत्री जैसे उच्च पद पर आसीन व्यक्ति उन्हें बांग्लादेश भेजने की बात करते हैं, लेकिन वह उनके बयान से डरने वाले नहीं है। इसके उल्ट आम



मुसलमानों के प्रति उनका रवैया कैसा होगा? यह सोचनीय विषय है। कहा कि देश में घृणा फैलाने वालों को कभी सहन नहीं किया जाएगा। जो लोग नफरत और दुश्मनी की आग भड़काते हैं, उनके लिए इस देश में कोई स्थान नहीं है, बेहतर होगा कि वह पाकिस्तान चले जाएं।

# पूर्व विधायक इंद्रदेव ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने जिलाधिकारी को तीन महत्वपूर्ण समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापनों में ग्रामीणों और किसानों की गंभीर परेशानियों को तत्काल दूर करने की मांग की गई।

पहले ज्ञापन में उन्होंने चक मार्ग संख्या-012 को अवैध रूप से बंद किए जाने का मुद्दा उठाया। उनका कहना है कि गांव के कुछ दबंग लोगों ने लेखपाल की मिलीभगत से इस मार्ग को बंद कर दिया है। यही नहीं लगभग एक वर्ष पूर्व ग्राम प्रधान शकीला पत्नी रईस द्वारा बनवाए गए सरकारी खड़ंजे को भी बिना किसी प्रशासनिक अथवा न्यायिक आदेश के उखाड़ दिया गया।

पूर्व विधायक ने बताया कि यह चक मार्ग लगभग 50 वर्षों पूर्व चकबंदी प्रक्रिया के दौरान निर्धारित



किया गया था और यही 45 से 50 परिवारों तथा किसानों के लिए मुख्य मार्ग है। इसके बंद हो जाने से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को गंभीर परेशानी झेलनी पड़ रही है।

उन्होंने मांग की कि इस मार्ग को शीघ्र खुलवाया जाए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। दूसरे ज्ञापन में डॉ. इंद्रदेव सिंह ने बाढ़ ग्रसित किसानों की समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि नजीबाबाद ब्लॉक के ग्राम लालपुर सीजीमल में गंगा के कटान से लगभग 500 बीघा कृषि भूमि प्रभावित हुई है। इससे किसानों की खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। उन्होंने मांग की कि प्रभावित किसानों की जांच कराकर उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही जनपद के अन्य इलाकों में जहां-जहां बाढ़ और कटान की समस्या आई है, वहां भी जांच कराकर किसानों को मुआवजा दिलाया जाए।

तीसरे ज्ञापन में उन्होंने बढ़ापुर क्षेत्र के गांव छायली में नदी पर पुल निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि पुल न होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है। ग्रामीण लंबे समय से पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं।

ज्ञापन देने के दौरान पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह के साथ जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ लव कुमार, महिपाल सिंह फौजी, जयप्रकाश सिंह सैनी, लाल सिंह कश्यप, घनश्याम सिंह कश्यप, ठाकुर विजय सिंह, सुरेंद्र सिंह, जयप्रकाश सिंह, महावीर सिंह, राजेंद्र सिंह चौधरी, नसीम अहमद, रामपाल सिंह, इरशाद अहमद, पवन सिंह राणा, अरविंद कुमार मलिक, अभिनव चौधरी, लोकेन्द्र चौधरी, नकुल सागर, गोपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# जनपद में हुई सभी प्रकार के उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता: जिला कृषि अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली को 1337 मै.टन के.एफ.एल. की यूरिया प्राप्त हुई है, जिससे जनपद में यूरिया 4741।77 मै.टन डी.ए.पी 1312।200 मै.टन तथा एन.पी.के. 1130।900 मै.टन उपलब्ध है। साथ ही जिन सहकारी समितियो पर किसी भी प्रकार के उर्वरक की कमी हो रही है पी.सी.एफ. प्रबन्धक तथा सहका. रिता विभाग द्वारा उनकी मांग तथा पोस मशीन की उपलब्धता के आधार पर तत्काल उर्वरक प्रेषण की कार्यवाही की जा रही है। जनपद में यूरिया तथा डी.ए.पी. सहित सभी प्रकार के उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता के साथ ही इनकी निर्धारित दरो पर इनकी बिक्री की जा रही है।यह जानकारी देते हुए आज जिला कृषि अधिकारी, शामली



प्रदीप कुमार यादव द्वारा कृषको भाईयो से निवेदन है कि वह सन्तुलित मात्रा में उर्वरको का प्रयोग करे और अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार के उर्वरको का भण्डारण न करे साथ ही आवश्यकता से अधिक उर्वरको का क्रय न करे। उर्वरको की संतुलित मात्रा फसलो के अनुसार निम्नानुसार है जिसके अनुसार किसान भाई अपनी फसल में उर्वरको का प्रयोग करे। जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रही। जनपद के सभी उर्वरक विक्रेताओ को उर्वरक बिक्री पर अनिवार्य रूप से कैश मैमो देने व पी. ओ.एस. मशीन से उर्वरक बिक्री के साथ-साथ स्टॉक रजिस्टर को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए है एवं सभी कृषको को पी.ओ.एस. मशीन से उनकी जोत के अनुसार उर्वरक देने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद के किसी भी उर्वरक बिक्री केन्द्र पर आई.एफ.एम.एस. पोर्टल में उपलब्ध सम्भार एवं बिक्री केन्द्र पर उपलब्ध सम्भार में भिन्नता या अनियमितता पाई जाती है अथवा कृषक विक्रेताओ द्वारा अवैध भण्डारण पाया जाता है तो उस उर्वरक विक्रेता अन्य के विरुद्ध जांचोपरान्त उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 उर्वरक संचलन नियंत्रण आदेश 1973 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# अल्ट्रासाउंड सेंटरों का किया निरीक्षण

**शामली।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार ने अवगत कराया है कि नोडल अधिक. री पी.सी.पी.एन.डी.टी. शामली डा. अतुल बंसल के नेतृत्व में जनपद में सचालित अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रोर्ध्ईको केन्द्रोध्एम.आर.आई/सी.टी. स्कैन केन्द्र का औचक निरीक्षण करने हेतु टीम गठन कर निरीक्षण कराया गया। टीम द्वारा वर्मा डायग्नोस्टिक सेन्टर शामली एव अग्रवाल डायग्नोस्टिक शामली के निरीक्षण में पाया कि:- वर्मा डायग्नोस्टिक सेन्टर के अन्तर्गत जिस कक्ष में अल्ट्रासाउण्ड मशीन संचालित है उसमें लिंग निर्धारण न करने सम्बन्धी चेतावनी बोर्ड नही लगा है संचालक को निर्देशित किया गया कि तत्काल बोर्ड लगवाकर उसकी फोटो मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय शामली में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। संच. ालक एव सेवा प्रदाता चिकित्सक डा. ऋषभ बंसल निरीक्षण के समय मौजूद थे अन्य सभी अभिलेखो का परीक्षण करने पर सही पाया गया।अग्रवाल डायग्नोस्टिक सेन्टर निकट हनुमान टीला शामली के निरीक्षण में फार्म एफ, निरीक्षित किए



गए जो कि सही पाए। अल्ट्रासाउंड केन्द्र में गन्दगी व्याप्त थी जिसके सफाई करने हेतु निरीक्षण के समय मौजूद डा.सौरभ अग्रवाल संचालक एव सेवा प्रदाता चिकित्सक को निर्देशित किया गया। अन्य कोई कमी नही पाई गई। कैराना में संचालित एस.डी. अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर का निरीक्षण किया गया जहां पर सेवा प्रदाता चिकित्सक डा. अमित कुमार निर्मल अनुपस्थित थे। केन्द्र खुला हुआ था इस कारण एस.डी. अल्ट्रासांउण्ड सेन्टर कैराना की अल्ट्रासाउण्ड मशीन को तत्काल प्रभाव से सील करते हुए मौके पर उपस्थित कर्मी को सुपूर्द कर दी गई है। पी.सी.पी.एन.डी.टी. नियमो के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 02-09-2025 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा डा. अतुल बंसल के साथ जलालाबाद शामली में सचा. लित भारत डायग्नोस्टिक सेन्टर की अल्ट्रासाउण्ड मशीन का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय सेवा प्रदाता चिकित्सक डा. करूणेश मल्होत्रा अनुपस्थित पाए गए इस कारण मशीन को सील कर संचालक जब्बार को उसी कक्ष में रखकर सुपूर्द कर दी गई है। पी.सी.पी.एन.डी.टी. नियमो के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। 2.9.2025 को डा. अतुल बसंल द्वारा यथ मेडिकेयर जलालाबाद का निरीक्षण किया गया जिसमें सभी व्यवस्था ठीक पाई गई, डा. यशपाल शर्मा सेवा प्रदाता चिकित्सक ही मरीजो का अल्ट्रासाउण्ड कर रहे थे। डा. यशपाल शर्मा ए.एन.सी. मरीजो का अल्ट्रासाउण्ड नही करते है। डा. शर्मा को निर्देशित किया कि वह उ.प्र. मेडिकल काउंसिल में एम.बी.बी. एस. पंजीकरण पर अपनी अतिरिक्त शैक्षिक योग्यता एम.डी. मेडिशियन को चढ़वाकर 15 दिन के अन्दर उसकी प्रति मुख्य चिकित्सा अधिक. री कार्यालय शामली में उपलब्ध कराए। दिनांक 02-09-2025 को गंगा अमृत मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल शामली में ईको कार्डियोग्राफी मशीन एव अल्ट्रासाउण्ड मशीन का निरीक्षण किया गया जहां पर दोनो सेवा प्रदाता चिकित्सक डा. सुनील पवार एव डा. मन्जू मलिक मरीजो का ईकोकार्डियोग्राफी एव अल्ट्रासा. नोलोजी परीक्षण कर रहे थे। अल्ट्रासाउण्ड कक्ष में लिंग निर्धारण न करने सम्बन्धी चेतावनी बोर्ड नही लगा है। संचालक को निर्देशित किया गया कि तत्काल बोर्ड लगवाकर उसकी फोटो मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय शामली में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## कालागढ़ डैम की वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कालागढ़ डैम की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। इस संवेदनशील मामले को लेकर शिवसेना के पदाधिकारी आक्रोशित हो गए हैं और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

शिवसेना के जिला अध्यक्ष संजय राणा ने कहा कि डैम जैसे संवेदनशील स्थल की वीडियो वायरल करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। इस हरकत के पीछे शामिल व्यक्ति का तुरंत पता लगाया जाए और उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को हल्के में लेना देशहित के खिलाफ है और दोषियों पर कठोर कार्रवाई जरूरी है। इस मौके पर जिला महासचिव डॉ. सी.पी. सिंह, तहसील अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, विधानसभा अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सरोही, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राठौर, नगर भवानी सेना से नगर अध्यक्ष राधा देवी, लक्ष्मी देवी, मंदीप कौर सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में मांग की कि वायरल वीडियो बनाने और फैलाने वालों की पहचान कर उन्हें जेल भेजा जाए। पदाधिकारियों का कहना है कि डैम जैसे महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा से समझौता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की हरकतें भविष्य में बड़े खतरे को जन्म दे सकती हैं। शिवसेना नेताओं ने चेता. वनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

## नवमी आरती का आयोजन पूर्ण



**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति की मासिक माह की नवमी आरती का आयोजन नगर के गंगा मंदिर में किया गया आरती के मुख्य यजमान डॉ अनिल कुमार बंसल पत्नी परवीन बंसल के साथ सपरिवार रहे पंडित मांगेराम शर्मा के मार्गदर्शन में माता रानी की पूजा अर्चना की गई नवमी के शुभ पावन अवसर पर माता रानी की विशेष पूजा अर्चना की गई समिति द्वारा आरती के पश्चात प्रसाद व माता का श्रृंगार का सामान और फल सब्जी भक्तों को वित. रित किया गया आरती में आसपास के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया तथा सभी श्रद्धालुओं ने मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति का दिल से आभार व्यक्त किया गणेश उत्सव के अवसर पर भगवान गणेश की भी विशेष आरती और पूजा अर्चना की गई अंत में समिति के अध्यक्ष रॉबिन गर्ग ने सभी भक्त जनों को धन्यवाद दिया आरती में शुभम कार्तिकेय प्रियांशु कविता संगल पूजा लता विकास चौधरी निलेश वशिष्ठ कुमुद शर्मा अर्चना गोयल शशि संगल विशाल शर्मा आदि शामिल रहे।

## महिला को बदनाम करने का प्रयास

**नहटौर।** मौहल्ला सराय रजब अली निवासी एक महिला ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि अज्ञात व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर उसके नाम से फर्जी खाता बनाते हुए उसका फोटो व मोबाईल डालकर अभद्र भाषा लिखते हुए बदनाम कर रहा है। उसका काफी पता लगाने की कोशिश की लेकिन कोई अता पता नहीं लग सका।

# विभिन्न मामलों में 21 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शामली।** थाना कोतवाली शामली कांधला आदर्शमण्डी बाबरी झिंझाना गढीपुख्ता कैराना थानाभवन पुलिस द्वारा वांछित वारण्टी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 21 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली कांधला आदर्शमण्डी बाबरी झिंझाना गढीपुख्ता कैरानाध्थानाभवन पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 21 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना कोतवाली शामली कांधला आदर्शमण्डी बाबरी झिंझाना गढीपुख्ता कैराना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त शकील उर्फ किल्ला पुत्र इनाम निवासी ग्राम गंगेरू थाना कांधला जनपद शामली, हेमन्त उर्फ शिवम उर्फ काला पुत्र यशवीर निवासी ग्राम भभीसा थाना कांधला जनपद शामली, फारुख पुत्र अख्तर निवासी ग्राम गंगेरु थाना कांधला जनपद शामली, यासीन पुत्र रशीद निवासी ग्राम हाजीपुर दुगड्डा थाना कांधला जनपद शामली, अरशीद पुत्र जमील निवासी ग्राम माल्हीपुर थाना कांधला जनपद शामली, अब्दुल गफ्फार पुत्र फैय्याज निवासी ग्राम सिक्का थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली, मनीष पुत्र महावीर निवासी ग्राम महरमपुर थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली, सुनील पुत्र सुखवीर निवासी ग्राम महरमपुर थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली, रविन्द्र पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम महरमपुर थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली हाल निवासी मौहल्ला अटल विहार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, हनीफ पुत्र अजीज निवासी ग्राम कैडी थाना बाबरी जनपद शामली, नफीस पुत्र बन्दा निवासी ग्राम कैडी थाना बाबरी जनपद शामली, अब्बास उर्फ छोटा पुत्र महफूज उर्फ फूजा निवासी ग्राम नंगलाराई थाना कैराना जिला शामली, कासिम पुत्र जिंदा हसन निवासी ग्राम सादात बिडौली थाना झिंझाना जनपद शामली, अनिकेत पुत्र श्यामवीर निवासी ग्राम पेलखा थाना गढीपुख्ता जनपद शामली, सुनील पुत्र नर सिंह, दीपक पुत्र हेमराज, पपली पुत्र शीतल, वीरसैन पुत्र तिलकराम, महबूब पुत्र दलेल, सियाराम कश्यप पुत्र राजपाल कश्यप निवासी मौहल्ला आर्यनगर थाना थानाभवन जनपद शामली व हारुन पुत्र शौकीन निवासी ग्राम भैसानी इस्लामपुर थाना थानाभवन जनपद शामली हैं।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र तालिब जुआरी शराबी किस्म का है । तंग व परेशान होकर मैंने तालिब से अपने संबंध विच्छेद कर उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया ।भविष्य में तालिब के किसी कार्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

जुबैदा पत्नी स्व. मौ.हनीफ
निवासी मौहल्ला अब्दुल हक
हाल निवासी तल्हेड़ी चुंगी सईदा का
गोहर थाना देवबंद (सहारनपुर)

● विश्व प्रत्यारोपण खेल

# भारतीय एथलीटों ने जीते 63 पदक

**सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने भाग लिया, जिन्होंने एथलीटों की उपलब्धियों की सराहना की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑर्गन इंडिया, गैर सरकारी संगठन पाराशर फाउंडेशन और भारतीय दल के टीम प्रबंधकों की एक पहल, ने जर्मनी के ड्रेसडेन में विश्व प्रत्यारोपण खेल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों को गर्व से आज सम्मानित किया।

भारत की भागीदारी के पीछे प्रेरक शक्ति के रूप में, ऑर्गन इंडिया टीम ने खेलों में देश के अब तक के सबसे बड़े दल की तैयारी, प्रशिक्षण, प्रायोजन की व्यवस्था और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने भाग लिया, जिन्होंने एथलीटों की उल्लेखनीय उपलब्धियों और उनके जज्बे की सराहना की। इस वर्ष, 57 एथलीटों (49 अंग प्राप्तकर्ता और 8 जीवित दाता) ने 17 खेलों में 51 देशों के 1,600 प्रतिभागियों के बीच भारत का प्रतिनिधित्व किया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा मान्यता प्राप्त, ये खेल एथलेटिक उत्कृष्टता का उत्सव और प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं और दाताओं की ताकत का एक वैश्विक प्रमाण हैं। भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 63 पदक (16 स्वर्ण, 22 रजत, 23 कांस्य) हासिल किए, जो पर्थ 2023 में जीते गए 35 पदकों से लगभग दोग..ना है और कुल मिलाकर 13वां स्थान प्राप्त किया। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिन्हित करते हुए, तीरंदाजी, फुटबॉल, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल में पहली टीमों ने विशिष्टता के साथ प्रतिस्पर्धा की, जिसमें तीरंदाजी ने दो पदक जीते। एथलीट राजस्थान, कर्नाटक, केरल, हरियाणा, गोवा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तराखंड और दिल्ली से आए थे। वैश्विक मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करके, भारत के एथलीटों ने अपने गृहनगरों और पूरे देश में चर्चाओं को जन्म दिया है, परिवारों को अंगदान करने और एक ऐसी बुनियादी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया है जहां अंगदान को जीवन बचाने वाले उदारतापूर्ण कार्य के रूप में देखा जाता है। यह उपलब्धि दिनेश व्यास पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के लगातार दूसरी बार दिए गए अटूट समर्थन और सुब्रोस के बहुमूल्य सहयोग से संभव हुई, जिनके योगदान से यह आयोजन नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। गीके लवलडग, ट्र द न्यू, ऑर्गन ट्रांसप्लांट ट्रस्ट, मैकलॉड फार्मा, डॉ. ओ.पी. भल्ला फाउंडेशन और प्यूमा जैसे समर्थकों के आभारी हैं जिन्होंने एथलीटों के लिए सभी किट प्रायोजित करने में योगदान दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि, स्पेशल ओलंपिक भारत के अध्यक्ष डॉ. मलिक नड्डा, विशिष्ट अतिथि एनओटीटीओ के निदेशक डॉ. अनिल कुमार और दिनेश व्यास ट्रस्ट की अध्यक्षा सुश्री कुंती झावेरी, मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (प्रशिक्षण भागीदार) के एमडी और सीईओ राजीव कपूर सहित अन्य प्रायोजकों और समर्थकों ने भाग लिया और एथलीटों और उनके उल्लेखनीय यात्रा का जश्न मनाया। मुख्य आकर्षण में, अपनी पत्नी को किडनी देने वाले जसकरन सिंह ने चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीते, और खेलों के उत्कृष्ट दाता एथलीट का खिताब अर्जित किया। राजस्थान के रामदेव सिंह, जिन्होंने 2012 में अपनी मां से किडनी ट्रांसप्लांट करवाया था।

# महिला एशिया कप में विश्व कप टिकट दांव पर

**● एशिया कप प्रमुख हॉकी महिला टूर्नामेंट 5 से 14 सितम्बर तक चलेगा, इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** गांगशु, चीन महिला एशिया कप 2025 की मेजबानी करेगा। एशिया का प्रमुख हॉकी महिला टूर्नामेंट, जो 5 से 14 सितंबर तक चलेगा, जिसमें चैंपियन टीम एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 के लिए अपनी टिकट बुक करेगी।

टूर्नामेंट प्रारूप- इस टूर्नामेंट में 8 टीमें होंगी, जिन्हें पूल ए और बी में विभाजित किया गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर 4 पूल चरण में आगे बढ़ेंगी, जहां टीमें एक द्वितीयक पूल में प्रतिस्पर्धा करेंगी और एक से चार तक रैंक प्राप्त करेंगी। सेमीफाइनल लाइन-अप द्वितीयक पूल के परिणामों के आधार पर तय किया जाएगा, जबकि पहले पूल चरण में प्रत्येक पूल से नीचे की दो टीमें वर्गीकरण और विश्व रैंकिंग अंकों के लिए खेलेंगी।

**पूल ए:** चीन, चीनी ताइपे, कोरिया, मलेशिया

पूल बी: भारत, जापान, थाईलैंड, सिंगापुर

**मैच कार्यक्रम-** टूर्नामेंट की शुरुआत 5 सितंबर को पूल बी के मुक..बलों से होगी, जहां जापान का पहला मैच सिंगापुर से होगा और उसके बाद भारत का मुकाबला थाईलैंड से होगा। इसके बाद पूल ए के मैच होंगे, जहां सभी 8 टीमें पहले दिन मैदान में उतरेंगी। कोरिया बनाम चीनी ताइपे के मैच से पूल ए की शुरुआत होगी और फिर दिन का अंतिम मैच मेजबान चीन और मलेशिया के बीच होगा। महिलाओं की प्रतियोगिता का प्रारंभिक पूल चरण 5 से 8 सितंबर तक खेला जाएगा, उसके बाद द्वितीयक पूल चरण, पोज़ीशन प्लेऑफ और पदक मैच 10 से 14 सितंबर तक खेले जाएंगे।

**विश्व कप योग्यता-** महिला प्रतियोगिता की विजेता टीम को 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड्स के बीच होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप में एक प्रतिष्ठित स्थान मिलेगा।

एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 की महिला प्रतियोगिता के लिए अब छह टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड्स, इस आयोजन के मेजबान होने के कारण, सीधे क्वालीफाई कर गए हैं। जर्मनी और अर्जेंटीना ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पिछले दो संस्करणों के माध्यम से क्वालीफाई किया था। अमेरिका ने पैन अमेरिकन कप के माध्यम से और स्पेन ने यूरोहॉकी चैंपियनशिप के माध्यम से क्वालीफाई किया। एशिया के साथ-साथ, अफ्रीका और ओसनिया में होने वाली महाद्वीपीय चैंपियनशिप इस आयोजन के लिए तीन सीधे क्वालीफायर तय करेंगी, जबकि शेष सात टीमें 2026 में एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के माध्यम से क्वालीफाई करेंगी। पैन अमेरिकन कप और यूरो हॉकी चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन के आधार पर, निम्नलिखित महिला टीमों ने एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर 2026 के लिए क्वालीफाई किया है: उरुग्वे, चिली, कनाडा, आयरलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस, इटली, वेल्स, स्कॉटलैंड, ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड, इसके अलावा आगामी एशिया कप से चार और ओसनिया कप से एक टीम क्वालीफाई करेगी।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

## कमिंस को लगी चोट न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ मैचों से बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** पैट कमिंस को नवंबर में शुरू होने वाली घरेलू एशेज श्रृंखला की तैयारी के दौरान आराम मिलेगा, क्योंकि स्कैन में उनकी पीठ में 'काठ की हड्डी में खिंचाव' का पता चला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि इस ऑलराउंडर को 'और अधिक प्रबंधन की आवश्यकता होगी', और उन्हें न्यूजीलैंड (अक्टूबर में) और भारत (अक्टूबर-नवंबर में) के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। यह समस्या ऑस्ट्रेलिया के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज दौरे के बाद नियमित जांच के दौरान सामने आई थी।

## न्यूजीलैंड ने क्रेग मैकमिलन को कोच नियुक्त किया

**वेलिंगटन, वार्ता।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने की कोशिश में न्यूजीलैंड ने अपने कोचिंग कौशल को मजबूत किया है और क्रेग मैकमिलन को पूर्णकालिक आधार पर कोच नियुक्त किया है। मैकमिलन पिछले साल अंशकालिक अनुबंध पर टीम में शामिल हुए थे और उन्होंने व्हाइट फर्न्स को यूएई में महिला टी-20 विश्व कप में सफलता दिलाने में मदद की थी। ब्लैक कैप्स के पूर्व ऑलराउंडर मुख्य कोच बेन सॉयर के नेतृत्व में महिला टीम को बैटिंग व क्षेत्ररक्षण, दोनों विभागों में सहयोग देंगे। इस घोषणा पर मैकमिलन ने कहा कि व्हाइट फर्न्स के साथ इस भूमिका को पाकर मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का खेल लगातार बेहतर होता जा रहा है और मैं अपनी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ काम करना जारी रखने और उन्हें अपने लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद करने के लिए उत्साहित हूं।

# युकी-वीनस अहम मुकाबले को तैयार



**● पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में नोवाक का सामना टेलर से सुबह छह बजे होगा**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** यूएस ओपन एक महत्वपूर्ण दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां आगे कई बड़े मुक..बले होने वाले हैं। जिरी लेहेका का सामना पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में कार्लोस अल्काराज से होगा, आज रात 10:30 बजे भारतीय समयानुसार। आर्यना सबालेंका का सामना महिला एकल क्वार्टर फाइनल में मार्केटा वोंद्रोसोवा से बुधवार, 3 सितंबर को सुबह 4:30 बजे भारतीय समयानुसार होगा, इसके बाद पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच का सामना टेलर फ्रिट्ज से सुबह 6:00 बजे होगा। पुरुष युगल में, माइकल वीनस और युकी भांबरी का सामना राउंड ऑफ 16 में टिम पुट्ज और केविन क्राविएट्ज से बुधवार, 3 सितंबर को सुबह 2:30 बजे भारतीय समयानुसार होगा।

यूएस ओपन 2025 के 9वें दिन कई उल्लेखनीय परिणामों के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर बुब्लिक पर सीधे सेटों में शानदार जीत हासिल की और कोर्ट पर असाधारण दबदबा दिखाया। अमांडा अनिसिमोवा ने एक बंधे जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। नाओमी ओसाका ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करते हुए कोको गॉफ को हराकर 2021 के बाद से अपने पहले बड़े क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। युगल में, वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। ऑगर-अलियासिमे भी आंद्रेई रुब्लेव पर सीधे सेटों में जीत के साथ आगे बढ़े। ऐश व लुई स्टेडियम में दिन भर के रोमांचक मुकाबलों ने टूर्नामेंट के रोमांचक दौर की नींव रखी।

# यूएई पर अफगानिस्तान की जीत

**● राशिद खान ने टी-20 विकेटों का विश्व रिकॉर्ड बनाया**



**शारजाह, वार्ता।** राशिद खान ने आधुनिक क्रिकेट के महान खिलाड़ी के रूप में अपनी साख और मजबूत कर ली है। वे संयुक्त अरब अमीरात पर अफगानिस्तान की जीत के साथ पुरुषों की टी-20 विकेटों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

लेग स्पिनर ने एक बार फिर अपने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया और सोमवार रात 38 रनों की जीत में चार ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लेकर अमीराती मध्यक्रम को ध्वस्त करने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह उन्होंने न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी को पीछे छोड़ते हुए इस प्रारूप में 165 विकेट अपने नाम कर लिए। शरफुद्दीन अशरफ ने खतरनाक बल्लेबाज मुहम्मद वसीम (37 गेंदों में 67 रन) को आउट किया था, और इसके बाद राशिद ने चार गेंद बाद ही साथी बल्लेबाज आसिफ खान (1) को आउट कर मैच मेजबान टीम से छीन लिया।

एथन डिसूज़ा (12) को आउट करने के बाद, आसिफ के विकेट ने राशिद को साउदी की बराबरी पर ला दिया। लेग स्पिनर ने अपने स्पेल की आखिरी गेंद पर ध्रुव पाराशर (1) की गेंद पर बाहरी किनारा लेते हुए रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। ध्रुव पाराशर को सब-फील्डर मोहम्मद इशाक ने कैच कर लिया। अफगानिस्तान की यह त्रिकोणीय श्रृंखला में पहली जीत है, क्योंकि पहले मैच में उसे पाकिस्तान से 39 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इससे पहले, इब्राहिम जादरान और सेदिकुल्लाह अटल के बीच 84 रनों की साझेदारी ने अफगानिस्तान की पारी को संभाला, जिसके बाद करीम जनत और 2024 आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अजमतुल्लाह उमरजई की धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम को 188 रनों तक पहुंचाया, जिसमें बैकएंड्स पर तीन ओवरों में बनाए गए 49 रन शामिल थे। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, राशिद और अफगानों के सामने यूएई को राहुल चोपड़ा के लिए कोई जोड़ीदार नहीं मिल पाया, जिन्होंने हार के दौरान 35 गेंदों में नाबाद 52 रनों की शानदार पारी खेली थी।

# सिनर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे



**● सिनर ने कजाकिस्तान के खिलाड़ी को 6-1, 6-1, 6-1 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की तरफ बढ़ाया कदम**

**न्यूयार्क, वार्ता।** प्रमुख सीजन में जैनिक सिनर ने कमजोरी के संकेत कम ही दिखाए हैं। यूएस ओपन के तीसरे दौर के मैच के दौरान, एक पल के लिए, इतालवी खिलाड़ी फ्री-स्विंगिंग डेनिस शापोवालो..व के सामने जोखिम में दिखे, जिन्होंने पहला सेट जीतकर तीसरे सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी। उस मुकाबले में संघर्ष करने के बाद, एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी ने सोमवार को शानदार वापसी की और शानदार प्रदर्शन करते हुए 23वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शानदार सिनर ने कजाकिस्तान के खिलाड़ी को 6-1, 6-1, 6-1 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाया। सिनर ने कहा कि कुल मिलाकर मैं बहुत-बहुत खुश हूं, इस साल पहली बार मैं यहां नाइट मैच खेल पा रहा हूं और इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ता है। मैं सभी का आने और उत्साहवर्धन करने के लिए शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। यह हम खिलाड़ियों के लिए एक बहुत ही खास मौका है, इसलिए आप सबका बहुत-बहुत शुक्रिया। यह सिनर की मेजर टूर्नामेंट में सबसे बड़ी जीत है। इस साल की शुरुआत में उन्होंने रौलां गैरौं में तीसरे दौर में जिरी लेहेका को 6-0, 6-1, 6-2 से हराया था। बुब्लिक आर्थर ऐश स्टेडियम के अंदर कोर्ट पर उतरे थे, जब उन्होंने तीन राउंड तक एक भी सर्विस गेम नहीं गंवाया था। लेकिन सिनर ने मैच के अपने पहले दो रिटर्न गेम तुरंत जीत लिए और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस आठ बार तोड़ी और सिर्फ एक ब्रेक पॉइंट का सामना करते हुए एक घंटे 21 मिनट में मैच जीत लिया। यह टूर्नामेंट का दूसरा सबसे कम समय में पूरा हुआ पुरुष एकल मैच था। सिनर ने कहा कि हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। हमारे बीच कुछ कड़े मुकाबले हुए हैं, खासकर इस साल, इसलिए अब हम एक-दूसरे को थोड़ा बेहतर जानते हैं कि हम कैसे खेलते हैं। उन्होंने बस बधाई दी और मुझे शुभकामनाएं दीं। पिछला मैच उनके लिए बहुत मुश्किल था, पांच सेट खेले और बहुत देर से खत्म हुआ।

# वनडे विश्व कप और टेस्ट पर फोकस रखने के लिए स्टार्क का टी-20 से संन्यास

**● 2027 के वनडे विश्व कप को प्राथमिकता देने के लिए लिया टी-20 से संन्यास**

**मेलबर्न, वार्ता।** मिचेल स्टार्क ने अगले साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के व्यस्त टेस्ट कार्यक्रम और 2027 के वनडे विश्व कप को प्राथमिकता देने के लिए टी20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की है। 35 वर्षीय स्टार्क ने 65 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं और यूएई में 2021 टी20 विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। उन्होंने आखिरी बार कैरेबियन में 2024 विश्व कप में इस प्रारूप में खेला था।

उनके 79 टी20 अंतर्राष्ट्रीय विकेट वर्तमान में उन्हें ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे स्थान पर रखते हैं, उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 20 रन देकर 4 विकेट लेना है जो उन्होंने 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था। स्टार्क ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट हमेशा से मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले गए हर टी20 मैच के हर मिनट का आनंद लिया है, खासकर 2021 विश्व कप में, सिर्फ इसलिए नहीं कि हम जीते, बल्कि इसलिए भी कि हम एक अविश्वसनीय ग्रुप में थे और उस दौरान जो मजा आया वह शानदार था। 2026 के मध्य से ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट क्रिकेट में एक व्यस्त दौर का सामना करना पड़ेगा जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज, द. अफ्रीका का दौरा, न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैचों की सीरीज, जनवरी 2027 में भारत में पांच टेस्ट मैच, एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र 150वां वर्षगांठ मैच और फिर 2027 के मध्य में विदेशी धरती पर एशेज सीरीज शामिल है।

## गॉफ को पस्त कर ओसाका क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयार्क, वार्ता।** नाओमी ओसाका ने सोमवार को कोको गॉफ को 6-3, 6-2 से हराकर यूएस ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जिससे घरेलू दर्शकों के सामने अमेरिकी खिलाड़ी का सफर खराब हो गया। स्टार कोर्ट पर गॉफ को एरर व सर्विस में दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जबकि चार बार की चैंपियन ओसाका ने अपनी नियंत्रित आक्रामकता और लगातार शॉट लगाने से प्रभावित किया। ओसाका ने कहा कि मैं बस यहां आकर खेलने का मौका चाहती थी। यह दुनिया का मेरा पसंदीदा कोर्ट है, और यहां वापस आना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। जापानी खिलाड़ी का सामना अब चेक गणराज्य की 11वीं वरीयता प्राप्त मुचोवा से होगा। महिलाओं के अन्य मुकाबलों में, दूसरी वरीयता प्राप्त इगा ने एलेक्जेंड्रोवा को 6-3, 6-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

# बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल ने रुख बदला, आगामी बीसीबी चुनाव लड़ने को तैयार



**ढाका, वार्ता।** आगामी चुनाव कराने के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष का पद संभालने वाले अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने अपना रुख बदल दिया है और उन्होंने अक्टूबर के पहले सप्ताह में होने वाले अगले चुनाव में भाग लेकर बोर्ड का हिस्सा बनने का फैसला किया है।

तमीम इकबाल द्वारा आगामी चुनाव में भाग लेने का फैसला करने के कुछ दिनों बाद बुलबुल ने आगामी बोर्ड चुनावों में भाग लेने के अपने इरादे की पुष्टि की। वर्तमान में बीसीबी अध्यक्ष के रूप में कार्यरत बुल..बुल ने मंगलवार को घोषणा की कि वह आगामी चुनावों में निद..शक पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। मंगलवार को सिलहट जिला स्टेडियम का निरीक्षण करने के बाद बुलबुल ने पत्रकारों से कहा कि मैं देश में क्रिकेट की जरूरतों के हिसाब से और ज्यादा काम करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा कि इंशाअल्लाह, हम अक्टूबर के पहले हफ्ते में चुनाव कराएंगे। हम निष्पक्ष चुनाव कराएंगे। उन्होंने कहा कि यहां अध्यक्ष का चुनाव सीधे तौर पर नहीं होता - बल्कि निदेशकों का चुनाव होता है। यही हमारा पहला उद्देश्य है और मैं इसका हिस्सा बनने की कोशिश करूंगा।

# अपने आपको बड़े मैच का खिलाड़ी मानता हूं: नीतीश राणा

**● राणा ने तीन प्लेऑफ मैचों में एक शतक और एक अर्द्धशतक के साथ तीन नाबाद मैच जिताऊ पारियां खेली हैं**



**नई दिल्ली, वार्ता।** नीतीश राणा के लिए साल 2024 कुछ खास नहीं रहा था। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिताबी जीत अभियान में पहले चोट और फिर टीम कॉम्बिनेशन के कारण उन्हें सिर्फ दो मैचों में खेलने का मौका मिला। इसके बाद जब घरेलू सीजन आया तो रणजी ट्रॉफी के शुरुआती चार मैचों की छह पारियों में सिर्फ एक अर्द्धशतक आने के कारण उन्हें उत्तर प्रदेश की रणजी टीम से बाहर कर दिया गया। इसके बाद वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नौ मैच जरूर खेले, लेकिन उसमें भी उनका औसत सिर्फ 13.88 और स्ट्राइक रेट 114.43 का रहा। विजय हजारे ट्रॉफी में भी एक मैच के बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया और जब रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण शुरू हुआ, तब भी वह टीम में नहीं थे।

आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए उनके नाम दो अर्द्धशतक जरूर थे, लेकिन 11 में से आधा दर्जन पारियों में वह दहाई के अंक को भी नहीं छू पाए थे। इसके बाद राणा ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए अपने घर लौटने का फ़ैसला किया और कहा कि 2025-26 का घरेलू सीज़न वह दिल्ली की तरफ से खेलेंगे। अब राणा ने इस घर वापसी का जश्न दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन-2 की खिताबी जीत से मनाया है, जहां वह वेस्ट दिल्ली राइडर्स टीम के कप्तान थे। उन्होंने तीन प्ले ऑफ मैचों में एक शतक और एक अर्द्धशतक के साथ तीन नाबाद मैच-जिताऊ पारियां (135', 45', 79') खेलीं और बताया कि वह बड़े मैच के खिलाड़ी हैं। इस खिताबी जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राणा ने कहा कि बड़े मैच में बड़े खिलाड़ियों का चलना बहुत जरूरी होता है।

## दृष्टिबाधित महिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में इंडिया येलो और इंडिया ऑरेंज का जलवा

**बेंगलुरु, वार्ता।** एनटीटी डेटा महिला टी-20 दृष्टिबाधित क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के दूसरे दिन बारिश के कारण हुई देरी के बावजूद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) द्वारा दिव्यांगों के लिए समर्थनम ट्रस्ट के साथ मिलकर आयोजित और एनटीटी डेटा द्वारा समर्थित, इस टूर्नामेंट में नवंबर 2025 में नई दिल्ली, काठमांडू और बेंगलुरु में होने वाले पहले महिला टी-20 दृष्टिबाधित विश्व कप के लिए भारत की शीर्ष 16 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। दूसरे दिन के मुख्य अंश: शिवानी के 35 गेंदों में 71 रन बनाए, गए शानदार 56 रनों की बदौलत इंडिया येलो ने 141/5 का स्कोर बनाया। इंडिया ब्लू ने सलोनी (38) और अन्नू शर्मा (38) के दम पर वापसी की, लेकिन 11 रन से चूक गई।

# आसिफ अली ने लिया अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास



**● पाक की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है: आसिफ अली**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान के मध्य क्रम बल्लेबाज आसिफ अली ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। 2021 टी 20 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ रोचक मुकाबले में उनकी 7 गेंदों पर 25 रनों की पारी उनके अंतर्राष्ट्रीय करियर की सबसे यादगार पारी है। आसिफ ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अपने जीवन का एक गर्व करने योग्य अध्याय करार देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। आसिफ ने कहा कि आज मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। अलहम्दुलिल्लाह, पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और क्रिकेट के मैदान पर अपने देश की सेवा करना मेरे लिए सबसे गौरव की बात रही है। मेरे प्रशंसकों, साथियों और कोचों, हर उतार-चढ़ाव में आपके प्यार, विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद। मेरे परिवार और दोस्तों, जो खुशी के पलों में और मुश्किल हालातों में, जिसमें विश्व कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी का निधन भी शामिल है, मेरे साथ खड़े रहे।

# म्हाड़ी स्थल पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बरसात के बीच आज श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज कि स्मृति में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय छड़ी मेले का आज शुभारंभ हो गया ढोल नगाड़ों के साथ छड़िया आज नेजे की अगुवाई में म्हाडी स्थल पर पहुंची मध्य रात्रि से ही श्रद्धालुओं का म्हाड़ी स्थल पर आगमन शुरू हो गया था और पूरी आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने म्हाडी स्थल पर मत्था टेक श्री गोगा जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। पुलिस बल के साथ अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़िया लगायी गयी है। सीसीटीवी कैमेर से निगरानी की जा रही है। मेले को शांति पूर्ण सम्पन्न कराये जाने के लेकर पुलिस प्रशास. निक अधिकारी लगातार भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की स्मृति में ग्राम मानकमऊ स्थित गोगामाड़ी पर आज से तीन दिवसीय छड़ी मेले का आयोजन आरंभ हो गया है। मध्यरात्रि से ही म्हाड़ी स्थल पर श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था, लम्बी-लम्बी कतारों में लगाकर श्रद्धालुओं ने मत्था टेक आर्शीवाद प्राप्त किया। मेले आयोजन को लेकर नगर निगम ने पूरी व्यवस्था की है ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न कराना पड़ा। भीड़ देखते हुए म्हाड़ी स्थल को जाने वाले वाहनों को मार्गो में फेरबदल कर दिया गया। जिन्हें अन्य मार्गो से निकाला जा रहा है ताकि यात्रा मार्गों पर किसी भी प्रकार की दिक्कतें ना। सामना करना पड़े। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल के साथ-साथ अर्द्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है ओर सादी वर्दी में पुरूष व महिला पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया, जिससे छेड़छाड़ की घटना न हो और असामाजिक तत्वों को कार्रवाई की जा सके। श्री जहार वीर गोगा जी महारज का आशीर्वाद लेने के लिये भारी संख्या में श्रद्धालु उमर रहे है।



पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बरसात में श्रद्धालुओं के लिये बाधा नहीं बन सकी। बरसात के बीच भी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है जिससे बरसात पर आस्था भारी पड़ती दिख रही है। भीड़ के चलते नगर निगम की व्यवस्था भी ध्वस्त दिखाई पड़ रही है। बेरीकेटिंग को लोगों ने हटाया दिया है।

आज ढोल नगाड़ों के साथ सभी छड़ी नेजे की अगवाई में अपने-अपने स्थान से चलकर अंबाला रोड पुल के नीचे बड़ पर एकत्रित हुई और वहां से श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज द्वारा प्रदत्त नेजे की अगुवाई में म्हाड़ी स्थल की ओर प्रस्थान किया। इस दौरान ग्राम मानकमऊ पहुंचने पर श्री गोगा म्हाड़ी सुधार सभा द्वारा ड्रोन कैमरे के माध्यम से पुष्प वर्षा की गई। इस मंजर को देखने के लिए श्रद्धालुओं का भारी उमड़ी थी। भारी बारिश के बीच मंगलवार को छड़ियों की अन्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। 26 छड़ियों का भव्य श्रृंगार और पूजा-अर्चना के बाद सभी छड़ियां अपने-अपने स्थानों से होकर शुगर मिल चौकी के पास इकट्ठा हुई। वहाँ सभी छड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि विवेक गुप्ता समाजसेवी व श्री गुग्घा म्हाड़ी सुधार सभा के चौधरी अनिल प्रताप सैनी द्वारा पूजा-अर्चना की गई। उसके उपरांत सभी छड़िया वहाँ से नेजे के साथ म्हाड़ी स्थल पर पहुंची।

# बाढ़ पीड़ितों की करें मदद: मौलाना फरीद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामा मस्जिद कलां प्रबन्धक मौलाना फरीद मजाहिरी ने कहा कि बाढ पीड़ितों की मदद करने के लिए जाति धर्म व सम्प्रदाय की भावनाओं से ऊपर उठकर आगे आना चाहिए।

मौलाना फरीद आज यहां जामा मस्जिद में आयोजित एक दुआईया बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाब, हिमाचल व अन्य प्रदेशों में आई भीषण बाढ ने चारो तरफ त्राहि-त्राहि मचाई हुई है। ऐसे में सभी का फर्ज बनता है बाढ जदगान की जाति, धर्म व सम्प्रदाय से ऊपर उठकर हमें बाढ पीडितों की मदद को आगे आना चाहिए। इस मौके पर बाढ पीडितों के लिए विशेष दुआ भी कराई। इस दौरान मौलाना गुलाम रब्बानी, हाजी एम शाहिद जुबैरी, हाजी नवाब अंसारी, मोहम्मद आसिफ नबी, मोहम्मद आलम, डॉक्टर शाहकार खान, डॉक्टर सलीम अहमद, आलिम बख्शी, मास्टर महमूद, नौशाद सिद्दीकी, अफजल कुरैशी, बिलाल अहमद आदि मौजूद रहे।

# अनियमितताओं के लिए बनी जांच समिति के सदस्य बने शाहनवाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा एमएलसी शाहनवाज खान को उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिलापंचायत व नगर निगमों में व्याप्त अनियमित. ताओं के लिए बनी जांच समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।



विधान परिषद में एमएलसी शाहनवाज खान की शैली को देखते हुए यह जिम्मेदारी सरकार द्वारा दी गयी है। शाहनवाज खान को उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिलापंचायत व नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं के लिए बनी जांच समिति का सदस्य बनाये जाने से शासन की जीरो टोलरेंस नीति को आगे बढाने में सफलता मिलेगी। शाहनवाज खान की सियासी सफलता पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है।

# मेयर व विधायक ने किया छड़ी मेले का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगर विधायक राजीव गुंबर द्वारा जनमंच में छड़ी पूजन के साथ जाहरवीर गोगाजी महाराज की स्मृति में लगने वाले छड़ी मेले का आज शुभारंभ किया गया।

सरदार छड़ी के मुख्य पुजारी विनोद प्रकाश ने विधि विधान के साथ छड़ी पूजन कराया। महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त शिपू गिरि, उपसभापति मयंक गर्ग, दल नेता दिग्विजय चौहान, मेला संयोजक नीरज शर्मा, कार्यक्रम संयोजक गौरव जैन, उपसंयोजक के के बत्रा व नूतन तोमर ने छड़ी परिधान गोगाजी को अर्पित करते हुए संपूर्ण मेला निर्विघ्न व शांति से सम्पन्न होने और महानगर में खुशहाली की प्रार्थना की। इस अवसर पर निवर्तमान महापौर संजीव वालिया, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, समाजसेवी पाल्ली कालड़ा, संघ परिवार के कवीन्द्र जी व अशोक बंसल, भाजपा नेता अनेश शर्मा, मण्डल अध्यक्ष गोपाल मेहंदीरत्ता, ललित कटारिया, सागर वर्मा के अलावा बड़ी संख्या में पार्षदगणों ने भी छड़ी पूजन किया। कार्यक्रम संयोजक गौरव जैन, सहसंयोजक विजय वर्मा, उपसंयोजक अहमद मलिक व पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी ने सभी अतिथियों एवं पार्षदों का पटके पहनाकर स्वागत किया। सिद्धार्थ जैन मुख्य यजमान रहे और समाजसेवी व निर्यातक मयंक अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित किया।महापौर डॉ. अजय कुमार ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने माँ भारती को परम वैभव देकर 2047 में विकसित भारत की जो संकल्पना की है, वह अपनी संस्कृति को पुनर्जीवित करके, पुनर्स्थापित करके ही संभावित है।



सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को प्रखर रुप से व्यक्त करने के लिए, मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि मेला गुघाल एकता, सद्भाव और परस्पर सहयोग का सांस्कृतिक महापर्व है। उन्होंने सबसे इस महापर्व को एक साथ मिलकर मनाने की अपील की। कार्यक्रम में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव, निगम के सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरि प्रकाश कसाना व प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे। संचालन डॉ. वीरेन्द्र आजम व विजय वर्मा ने किया।

# बाढ़ प्रभावित किसानों को मिले राहत: फरहाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा. जवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा ने कहा कि नकुड विधानसभा क्षेत्र में आई बाढ से प्रभावित किसानों को तत्काल राहत मिलनी चाहिए।



फरहाद ने कहा कि शिवालिक पर्वतीय श्रंखला में हो रही भारी वर्षा के चलते यमुना नदी का भारी जलस्तर बढ़ने से नकुड विधानसभा क्षेत्र के गाँव ढिक्का टपरी के युवक सोनू की यमुना में डूब कर मृत्यु होने व क्षेत्र के गयाजुद्दीननपुर, सांधेबास, टोडरपुर, टाबर, नसुल्लागढ आदि गाँव में आई बाढ़ से क्षेत्र के हजारों किसानों की फसलें बर्बाद हुई है जिसकी वजह से किसान को बड़ी हानि हुई हैं। बाढ़ संकट से घिरे किसान की हालत पर समा. जवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाड़ा ने सरकार से तत्काल मृतक सोनू के परिजनों व बाढ़ प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा देने की मांग करते हुए कहा है कि यमुना से आई बाढ़ आपदा से नकुड़ क्षेत्र का किसान बड़ा ही प्रभावित हुआ है हजारों किसानों की फसलें बर्बाद हुई है ऐसे में सरकार को बाढ़ प्रभावित किसानों व मृतक सोनू के परिजनों को उचित मुआवजा देने चाहिए।

# आरोपी नशा तस्कर चरस सहित गिरफ्तार

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने एक शातिर आरोपी नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 113 ग्राम नाजायज चरस बरामद की गई है।

मंगलवार को थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा नशीले पदार्थो की तस्करी करने वाले एक शातिर आरा. पी नशा तस्कर फारूख पुत्र मकसूद निवासी ग्राम दूधगढ थाना चिलकाना को कच्चा पक्का रास्ते पर ग्राम नल्हेड़ा की ओर से गिरफ्तार किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी ने बताया है कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# रालोद से जुड़ रहा है हर वर्ग: चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी से हर वर्ग को जोड़ने का काम बखूबी किया जा रहा है।

चौ. नीरपाल सिंह ने यह बात म्यूर विहार में सदस्यता अभियान में कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक. दल खेल प्रकोष्ठ की टीम जबरदस्त तरीके से पार्टी को मजबूत करने में लगी हुई है। मयूर विहार में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। हर वर्ग के लोगों को, महिलाओं को, युवाओं को पार्टी का सदस्य बनाया जा रहा है। चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि जनता रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी पर विश्वास कर रही है। हमारे कार्यकर्ता झुग्गी झोपड़ियों में, रेडी ठेले वालों से व खिलाड़ियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। आने वाले समय में राष्ट्रीय लोकदल बहुत बड़ी ताकत बनेगा। खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रेयान त्यागी व प्रभारी अजीत चौधरी ने कहा कि अक्टूबर में हर जिले में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं खेलों की प्रतियोगिताएं कराई जाएगी।

इस दौरान प्रदेश महासचिव शमशाद मलिक, जयप्रकाश,फैसल चौधरी, डॉ नरेंद्र, तुषार कुमार, अजय कुमार, आलोक चौहान,धान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विधायक चौ. किरत ने बाढ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विधायक गंगोह किरत सिंह द्वारा यमुना के किनारे बसे तहसील नकुड़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सनौली, नाईमजरा, हलवाना, रसूलपुर उर्फ बल्ला मजरा, बानूखेड़ी, शाह अलीपुर उर्फ हमीरपुर, कल्लरहेड़ी, दौलतपुर घाट पर बाढ़ के दृष्टिगत हालात का जायजा लिया।

विधायक ने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों से संवाद कर राहत सामग्री, स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षित स्थानों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों को घबराने की जरूरत नहीं है।



चौ. किरत सिंह ने मौके पर उपस्थित सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि तटबंधों को कमजोर न होने दिया जाए। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक थाना गंगोह को निर्देशित किया कि यमुना किनारे बसे ग्रामों में मुनादी कराकर अवगत कराएं कि कोई भी व्यक्ति यमुना में बहकर आ रहीं लकड़ियां को न पकड़े। यदि लकड़ी/ईंधन इत्यादि की आवश्यकता हो तो बाजार या अधिकृत स्थान से प्राप्त करें, बच्चों व बुजुर्गों को यमुना नदी के किनारे जाने से रोके एवं उन्हें यमुना नदी के किनारे न जाने के लिए कड़ाई से मना करें। इस हेतु तहसीलदार, नकुड़/नायब तहस. लिदार व राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को निर्देशित कर दिया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में निरन्तर बाढ़ चौकियों पर उपस्थित रहते हुए यमुना नदी के किनारे के ग्रामों में सम्पर्क स्थापित कर क्षेत्रीय जनता को आवश्यक सावधानी बरतने के लिए सूचित करते रहें।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, उप जिलाधिकारी नकुड़ सुरेंद्र कुमार अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग राम बाबू, लेखपाल अमित चौधरी आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण मंत्री से मिला हस्तशिल्प निर्यातकों का डेलिगेशन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लकडी के हस्तशिल्प निर्यातकों के एक प्रति. निधि मंडल ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात करते हुए भारतीय लकड़ी के हस्तशिल्प निर्यात की सुरक्षा के लिए यूरोपीय संघ के वन विनाश नियमों (ईयूडीआर) पर सरकार के हस्तक्षेप की मांग की।

ईपीसीएच के उपाध्यक्ष सागर मेहता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में एमओईएफसीसी सचिव तन्मय कुमार, वन महानिद. शक सुशील कुमार अवस्थी, ईपीसीएच सीओए सदस्य हंसराज बाहेती, सहारनपुर वुडकार्विंग मैन्युफैक्चर एसोसिएशन महासचिव मोहम्मद औसाफ गुड्डू, निर्यातक सदस्य अनवर अहमद, हस्तशिल्प निर्यातक संघ नरेश बोथरा, ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर.के. वर्मा, अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक राजेश रावत, सचिन राज व रौनक पारख शामिल रहे। पर्यावरण मंत्री ने धैर्यपूर्वक उठाए गए मुद्दे को सुना और आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं की उचित जांच की जाएगी।

# मुठभेड़ में वांछित दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराध हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सरसावा पुलिस ने गो. कशी के मामले में वांछित अभियुक्त को ढीक्का कलां के जंगल में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर दो जिंदा दो खोखा कारतूस 315 बोर एक बिना नंबर की स्पलेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

मंगलवार को थाना अध्यक्ष विनोद कुमार पुलिस टीम के साथ ढीक्का मंधौर जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रहे थे तभी उन्हें काले रंग की स्पलेंडर मोटरसाइकिल आती दिखाई दी जैसे ही पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो वह वापस भागने लगा तभी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो नीचे गिर गई। जिसके बाद बदमाश ने यमुना नदी के जंगल की ओर भागते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दिए।पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लग गई।

पुलिस ने उसे घायलावस्था में गिरफ्तार कर पुलिस पूछताछ में नाम भूरा उर्फ नफीस पुत्र अयूब मूल निवासी ग्राम रायपुर शादीपुर थाना सदर जनपद यमुनानगर हरियाणा हाल निवासी पभारी थाना जठलाना जनपद यमुनानगर बताया उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर दो जिंदा दो खोखा कारतूस 315 एक काले रंग बिना नंबर की स्पलेंडर मोटरसाइकिल बरामद की पुलिस द्वारा बताया गया कि पकड़ा गया अभियुक्त थाना सरसावा से गोकशी के मुकदमे में वांछित चल रहा था।

# डिप्टी सीएम से गौशाला में भ्रष्टाचार की शिकायत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजसेवी टीपू सुलतान ने उपमुख्यमंत्री व नगर विकास मंत्री से मिलकर नगर पंचायत बेहट द्वारा किये जा रहे गौशाला निर्माण में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत की है। शिकायत पर कार्यवाही के लिए उपमुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिये।

बेहट के मौहल्ला सडकपार निवासी टीपू सुलतान ने उपमुख्यमंत्री व नगर विकास मंत्री को दी गयी शिकायत में बताया कि पूर्वी यमुना नदी से सटी भूमि पर गौशाला का निर्माण किया जा रहा है। जलास्तर बढने के कारण जल नवनिर्मित गौशाला की दीवार तक पहुंच गया जिसके चलते कभी भी गौशाला के दीवारें गिर सकती है। नगर पंचायत चेयरमैन अब्दुल रहमान उर्फ शालू कुरैशी एवं नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी व कर्मचारियों की मिली भगत के कारण इस गौशाला का निर्माण पूर्वी यमुना नदी से मिलाकर किया जा रहा है। नदी में पानी आया तो गौशाला की बुनियादों को हिला दिया। उन्होने कहा कि सरकार की इस योजना का लाभ इससे जनता को नही मिलेगा यदि नदी में पानी आयेगा तो गौशाला पूरी तरह प्रभावित होगी इसलिए उच्चाधिकारियों द्वारा मौके का निरीक्षण कर तत्थों की जांच करने के साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये। टीपू सुलतान की शिकायत पर उपमुख्यमंत्री ने कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी को निर्देश दिये।

## रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की क्षेत्रीय प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न

# सर्वसम्मति से अनिल चुने गए क्षेत्रीय अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की क्षेत्रीय प्रबंध समिति के चुनाव में अनिल कुमार क्षेत्रीय अध्यक्ष चुने गये।

समिति कार्यालय पर आयोजित चुनाव पर्यवेक्षक प्रमोद कुमार शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा की देखरेख में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। जिसमें अनिल कुमार को क्षेत्रीय अध्यक्ष, विपिन कुमार सैनी को क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुधीर कुमार को क्षेत्रीय मंत्री एवं बाबूराम को प्रांतीय प्रतिनिधि पद पर निर्वाचित किया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है उसका बखूबी निर्वहन करते हुए कर्मचारी हित में काम किया जायेगा।



क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की ताकत कर्मचारियों की एकता है और हमें इस एकता को मजबूत करते हुए संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाना होगा, तभी हम अपनी बात को सक्षम अधिकारी तक रख सके पूरी करवा सकते है। उन्होंने आपसी एकजुटता का आह्वान किया। विपिन कुमार, सुधीर कुमार व बाबूराम ने भी सभी का आभार जताया। इस दौरान नीरज कुमार, सलेखचंद, सतीश कुमार, केसर, चंद्रशेखर, जितेंद्र कुमार, भोपाल सिंह, विनोद कुमार, दिनेश कुमार, निखिल कुमार, सचिन, राकेश कुमार, अरविंद कुमार, नीरज कुमार, श्याम सुंदर, बाबूराम, अजित सिंह, रामपाल सिंह, नरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# आशुतोष रामलीला समिति का बल्ली पूजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एलईडी मंचन के लिए प्रसिद्ध आशुतोष रामलीला समिति, गुरुद्वारा रोड द्वारा श्रीरामलीला एवं दशहरा महोत्सव की तैयारियों का शुभारम्भ परंपरागत बल्ली पूजन के साथ किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ पंडित काशी राम द्वारा पूजा-अर्चना से हुआ। इसके उपरांत समिति पदाधिकारियों ने बल्ली पूजन किया और प्रभु श्रीराम की आरती कर महोत्सव की सफलता की मंगलकामना की। इस अवसर पर समिति के प्रधान गौरव चौधरी, महामंत्री राकेश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष मोहित छाबड़ा, प्रबंधक विनय दुग्गल, स्वागताध्यक्ष एम.पी. सिंह चावला, दशहरा प्रधान नरेश कुमार, प्रभु राम जी के सारथी संजीव टंडन सहित अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष भी भव्य मंचन और दशहरा महोत्सव का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहेगा। समारोह में राकेश राणा, राजन कक्कड़, विजय खुराना, मनोज शर्मा, राजा छाबड़ा, तरुण, विजय भाटिया, संगम अरोड़ा, सन्नी शर्मा, आनंद भाटिया, राघव सेठ, विपिन सलूजा, वेद प्रकाश पोपली, ज्योति आदि ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# कथा में जुटी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के श्री कंकरों वाला मंदिर में सिद्धि विनायक सेवा दल के नेतृत्व में हो रही शिव महापुराण की कथा के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य विजयकांत ने भगवती जगदम्बा सती द्वारा शिव को प्राप्त करने के लिए पार्वती अवतार लेने की कथा का सुंदर वर्णन किया।

आचार्य ने बताया कि दक्ष प्रजा. पति के यज्ञ में प्राण त्यागने पर भगवान शिव के परम भक्त राजा हिमालय के घर में मैना देवी के गर्भ से आदि शक्ति माता पार्वती का जन्म हुआ। भगवान शिव के अति प्रिय मंत्र पंचाक्षरी मंत्र ओम नमः शिवाय का कठोर तप करके मां भगवती पार्वती ने भगवान शिव को वर के रूप में प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि जिस गृहस्थी के जीवन में गुरु की कृपा हो जाती है वह गृहस्थी भगवान की कृपा से सुखों को प्राप्त करता है।

# अमेरिका की बौखलाहट

चीन के शहर तियानजिन में शंघाई शिखर सम्मेलन की सफलता को लेकर अमेरिका की भौहें तनी हुई दिखाई दे रही हैं, जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि जिस तरह सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन व चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच जिस तरह कैमिस्ट्री देखने में आई, इससे अमेरिका का नाराज होना स्वाभाविक ही था। वह अमेरिका से आई प्रतिक्रिया से छिपा भी नहीं है। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत ने कारोबार एकतरफा आपदा शून्य टैरिफ की पेशकश अमेरिका से की थी, लेकिन अब देर हो चुकी है, तो ट्रम्प के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो भारत के मामले में हस्तक्षेप करते दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने एक टीवी साक्षात्कार में यहां तक कह दिया कि रूस के तेल से ब्राह्मण मुनाफाखोरी कर रहे हैं और यह सब भारतीय जनता की कीमत पर हो रहा है। ब्राह्मण मुनाफा कमा रहे हैं, इसे रोकने की जरूरत है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी महान नेता हैं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के नेता हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वह पुतिन व जिनपिंग के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं। हालांकि कांग्रेस ने नवारो की यह कहकर आलोचना की है कि वह भारत के मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। यह वही नवारो हैं जो रूस-यूक्रेन युद्ध को यूक्रेन-मोदीवार की संज्ञा दे चुके हैं। वह कह चुके हैं कि पीएम मोदी की ही वजह से रूस यूक्रेन से युद्ध कर पा रहा है, क्योंकि अगर वह रूस से तेल लेना बंद कर दें, तो रूस यूक्रेन के साथ जंग बंद कर देगा, मतलब साफ है कि वह रूस से तेल व सैन्य उत्पाद लेकर रूस की आर्थिक मदद कर रहे हैं, जिसके बल पर रूस यूक्रेन के लोगों को मार रहा है। यह बेतुका तर्क है और पुतिन ने साफ भी कर दिया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए भारत नहीं बल्कि यूरोप और अमेरिका जिम्मेदार है। बात सही भी है नाटो देशों की जिद के चलते ही यह युद्ध भड़का हुआ है। नाटो देश खुलकर यूक्रेन की मदद कर रहे हैं, जबकि पीएम मोदी ने शंघाई शिखर सम्मेलन में भी रूसी राष्ट्रपति से खुलकर मानवता के आधार पर इस युद्ध को रोकने की अपील की है। जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी व रूसी राष्ट्रपति पुतिन व चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की तिगड़ी की इस सम्मेलन में जुगलबंदी दिखाई दी, उससे अमेरिका का तिलमिलाना स्वाभाविक ही कहा जाएगा, लेकिन इसके लिए कोई और नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की जिद व अहंकारी रवैया ही अधिक जिम्मेदार है। भारत ने अपनी तरफ से अमेरिका के साथ हर संभव सहयोग करने की नीति पर काम किया। यहां तक कि अमेरिका को अपने रणनीतिकार का दर्जा दिया, लेकिन बदले में अमेरिका ने क्या दिया। यूं भी अमेरिका ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अमेरिका दोहरे आचरण वाला देश है। एक तरफ वह भारत व उसके पीएम मोदी को अपना मित्र भी बताता है, दूसरी तरफ वह मनमाना टैरिफ भी ठोकता है। जाहिर है, जिस तरह के बयान अमेरिका की तरफ से आ रहे हैं वह बताते हैं कि अमेरिका का रवैया भारत के प्रति बैर का रूप लेता जा रहा है, ऐसे में भारत को भी बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## मतदाता सूची में सुधार का काम चुनाव आयोग का



वोटर सूची में अगर दो जगह उनका नाम है, तो इसमें चुनाव आयोग की गलती है और आयोग को ये बताना चाहिए कि उनके नाम पर किससे वोट दिलवाया जा रहा है, वह नौ साल पहले नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से जंगपुरा शिफ्ट हो चुके हैं और यदि उनका नाम अब भी वहां की वोटर लिस्ट में है, तो यह आयोग की गलती है, मैं नई दिल्ली से 9 साल पहले जंगपुरा गया हूं और मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म-7 भी भरा है, इसके बावजूद यदि अब भी मेरा नाम मतदाता सूची में है, इसमें मेरी कोई गलती नहीं है, मतदाता सूची में सुधार का काम उसके बाद कई बार हुआ है, इसके बावजूद मेरा नाम नहीं हटाया गया है, तो इसके लिए आयोग जिम्मेदार है।

**-पवन खेड़ा, प्रमुख, कांग्रेस संचार विभाग**

# रेड कार्पेट, चियर्स गर्ल्स और कूटनीति



आया तो पुतिन भी था। चुपचाप हवाई जहाज से उतरा। कार में बैठा। जहां जाना था चला गया। काम की बातें कीं। न दांत चियारा। न गले पड़ा। एक और आया। ढोल बजवाता, चियर गर्ल्स नचवाता, कैमरा, ऐक्शन ड्रामा। भारतीय मीडिया को आल्हा और भजन गाने लायक फुटेज भिजवा दिए गए। यह रेड कार्पेट और चियर्स गर्ल्स और दांत चियर्स की देश अब और क्या कीमत अदा करेगा, पता नहीं?

झालर व ऐप विरोध के बीच का सच यह है कि वित्त वर्ष 2024-25 में चीन व भारत के बीच व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 8,70,000 करोड़ रुपये) हो गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में चीन के साथ व्यापार घाटा भारत के कुल व्यापार घाटे का लगभग 35 फीसदी था। भारत का कुल व्यापार घाटा 283 अरब अमेरिकी डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-24 में यह अंतर 85.1 अरब अमेरिकी डॉलर था।

भारत के जबरदस्त प्रभुत्व वाले सार्क देशों के गठबंधन को चीन ने भोथरा कर डाला है। हाल ही में चीन के कुनमिंग शहर में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश के बीच एक त्रिपक्षीय बैठक हुई थी। कहा यह जाता है कि यह बैठक भारत के प्रभाव को छोटे-मोटे एशियाई देशों में भी चौपट करने पर कूटनीतिक का हिस्सा थी। यहां यह बता दूं कि सार्क की बैठक 2016 के बाद से नहीं हुई है। बता दें कि कभी दक्षिण एशियाई देशों का शक्तिशाली संगठन रहा सार्क आज नाम मात्र का संगठन रह गया है। 2014 में काठमांडू में हुए अंतिम शिखर सम्मेलन के बाद से इसका द्विवार्षिक शिखर सम्मेलन नहीं हुआ है। हुआ यूं कि 2016 का सार्क शिखर सम्मेलन पाकिस्तान के इस्लामाबाद में होना था। 18 सितंबर, 2016 को जम्मू-कश्मीर के उरी में भारतीय सेना के शिविर पर जबरदस्त आतंकवादी हमला हो गया। यह हमला सार्क सम्मेलन को निपटाने के लिए हुआ था या कोई और कारण था इस पर मैं पुख्ता तौर पर कुछ नहीं कह सकता। फिलहाल भारत ने इसके बाद सार्क सम्मेलन में हिस्सा लेने से मना कर दिया। परिणामस्वरूप, बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान ने भी इस्लामाबाद में आयोजित होने वाले इस सार्क सम्मेलन में आने से मना कर दिए। पाकिस्तान, चीनी इशारे पर जो चाहता था, वह उसने कर दिया। सार्क सम्मेलन रद्द हुआ और फिर आज तक न हुआ।

दक्षिण एशिया के राजनीतिक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान और बांग्लादेश अब चीन के साथ मिलकर एक नया कूटनीतिक खेल करने की तैयारी पूरी कर चुके हैं। पाकिस्तान, चीन व

दक्षिण एशिया के राजनीतिक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान और बांग्लादेश अब चीन के साथ मिलकर एक नया कूटनीतिक खेल करने की तैयारी पूरी कर चुके हैं। पाकिस्तान, चीन व बांग्लादेश अब एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसका उद्देश्य नया क्षेत्रीय संगठन बनाना है। यह नया संगठन दक्षिण एशियाई देशों के संगठन भारत के प्रभुत्व वाले सार्क SAARC यानी कि South Asian Association for Regional Cooperation को लगभग नष्ट करके बनाया जाने वाला है।

बांग्लादेश अब एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसका उद्देश्य नया क्षेत्रीय संगठन बनाना है। यह नया संगठन दक्षिण एशियाई देशों के संगठन भारत के प्रभुत्व वाले सार्क SAARC यानी कि South Asian Association for Regional Cooperation को लगभग नष्ट करके बनाया जाने वाला है। इस पूरे खेल को चीन खेल रहा है। देर सबेर चीन पाकिस्तान को इस नए संगठन का मुखिया बनाकर, वह सारे खेल खेलना चाहता है, जो चीन को प्रिय होंगे। भारतीय मीडिया, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को लेकर जो रक्कासा नृत्य कर रहा है और जिस तरह की खबरें प्लांट कराई जा रही हैं, उसका सच कुछ और ही है। भारत को एसेंबलिंग यूनिट बनाकर रख दिया गया है। हम यहां केवल पैकिंग वाले डिब्बे बना रहे हैं लेकिन असल चिप, मदरबोर्ड से लेकर मशीनों व उपकरणों का सारा भेजा चीन से आ रहा है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट का उल्लेख करना चाहूंगा, भारत में जुलाई 2015 से जून 2016 और अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र के 18 लाख असंगठित उद्यम बंद हो गए हैं। इस दौरान इन असंगठित उद्यमों में काम करने वाले 54 लाख लोगों की नौकरियां चली गईं। हाल में जारी असंगठित क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण की फैक्ट शीट और राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा 2015-16 में किए गए 73वें दौर के सर्वेक्षण के तुलनात्मक विश्लेषण से यह बात सामने आई है। अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में करीब 178.2 लाख असंगठित इकाइयां काम कर रही थीं, जो जुलाई 2015 से जून 2016 के बीच काम कर रहीं 197 लाख असंगठित इकाइयों की तुलना में करीब 9.3 प्रतिशत कम हैं। इसी तरह से इन प्रतिष्ठानों में काम करने वाले लोगों की संख्या भी इस दौरान करीब 15 प्रतिशत घटकर 3.06 करोड़ रह गई है, जो पहले 3.604 करोड़ थी। अनिगमित उद्यम में वे कारोबारी इकाइयां शामिल होती हैं, जो अलग कानूनी इकाइयों के रूप में निगमित नहीं



पवन सिंह

होती हैं। आमतौर पर इन उद्यमों में छोटे व्यवसाय, एकल स्वामित्व, साझेदारी और अनौपचारिक क्षेत्र के कारोबार शामिल होते हैं। सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी के फैसले के बाद पूरे देश में जबरदस्त हड़कंप मचा रहा। इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट भी भारत में जबरदस्त छंटनी कर चुकी है। फिलहाल, इस देश में अब तथ्यात्मक बात करना विशुद्ध अपराध है। चीन रेड कार्पेट और रेड ड्रेस चियर्स गर्ल्स नचवाकर भविष्य में क्या नोचने की फिराक में है, यह तो समय बताएगा। फिलहाल मेन स्ट्रीम मीडिया रक्कासा बना नक्कारे की धुन पर फुलटास मुजरे की भूमिका में है, इनज्वाय करिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक है ये उनके निजी विचार है)

# तैमारा घाटी में आते ही बदल जाता है मोबाइल का समय

**इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है। ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।**

झारखंड भारत का एक प्रमुख और खूबसूरत राज्य है। यह राज्य साल 2000 में बिहार से अलग होकर देश का 28वां राज्य बना था। आज झारखंड पूरे भारत का एक खनिज समृद्ध राज्य माना जाता है। झारखंड घने जंगलों, कोयला खदानों और बेहतरीन पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है। झारखंड की पतरानू घाटी, हुंडरू, टैगोर हिल और दशम वॉटरफॉल, नेतरहाट और तोपचांची झील जैसी खूबसूरत जगहों के बारे में हर कोई जानता है। इन खूबसूरत जगहों के बीच तैमारा घाटी के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। तैमारा घाटी झारखंड में श्मौत का हाइवेश के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तैमारा घाटी की डरावनी कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**तैमारा घाटी**

तैमारा घाटी एक डरावनी जगह मानी जाती है, जोकि रांची-जमशेदपुर हाईवे यानी एनएच-33 पर है। यह जगह राजधानी रांची से करीब 30 किमी की दूरी पर है। हाइवे पर होने के कारण तैमारा घाटी को श्मौत का हाइवेश के नाम से भी जानी जाती है। यह हाइवे घने जंगलों के बीच में है, जिसकी वजह से यह काफी डरावना लगता है।

**तैमारा घाटी की घटनाएं**

तैमारा घाटी की एक नहीं बल्कि कई घटनाएं प्रचलित हैं। यह घाटी देखने में तो काफी मनमोहक



लगती है। लेकिन यह घाटी कई मौतों की गवाह भी बन चुकी है। बताया जाता है कि इस घाटी गुजरने पर टाइम और तारीख अपने आप बदल जाती है।

तैमारा घाटी को लेकर एक अन्य कहानी है कि जंगलों के बीच से जब गाड़ी गुजरती है, तो उस गाड़ी की स्पीड मीटर खुद ब खुद बदल जाती है। वहीं माना जाता है कि रात के समय इस घाटी से अजीबो-गरीब आवाजें आती रहती हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि डर के कारण लोग रात में अकेले इस घाटी से गुजरना नहीं चाहते हैं।

**तैमारा घाटी की डरावनी कहानियां**

इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है।

ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।

**तैमारा घाटी घूमने जाते हैं पर्यटक**

बता दें कि झारखंड की राजधानी रांची से करीब 30 किमी दूर स्थित तैमारा घाटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर भीषण गर्मी में भी ठंडी-ठंडी हवाएं चलती हैं। ऐसे में पर्यटक भी तैमारा घाटी घूमने के लिए पहुंचते हैं। मानसून के समय पर्यटक दूर-दूर से यहां पर लॉन्ग ड्राइव के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस घाटी की खूबसूरती देखने लायक होती है।

# बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान से पनप रही बीमारियां

**राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर विशेष**

भारत में प्रतिवर्ष लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से एक से सात सितम्बर के बीच 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जाता है। भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत खाद्य और पोषण बोर्ड प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ इसका आयोजन करता है, जो पूरे सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों और कार्यक्रमों की दिशा निर्धारित करती है।

2025 के राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का विषय है 'बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें' जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और कुपोषण को रोकने के लिए सभी आयु समूहों के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ खाने की आदतों के महत्व पर जोर देता है। दरअसल स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार के सेवन की आवश्यकता है लेकिन आज की बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान के कारण लोगों में तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। एक स्वस्थ और संतुलित आहार हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को पोषण प्रदान करता है और हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होता है। पोषण सप्ताह के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को शरीर को पोषण देने वाली खानपान की चीजों के बारे में जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत द्वारा बेहतर कार्य करने के बावजूद लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता के अभाव के चलते रोगियों का आंकड़ा बढ़ रहा है, जो उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर बहुत भारी पड़ रहा है।

पोषण के महत्व को समझते हुए लोगों को खानपान, पोषण की पूर्ति और सेहत को लेकर जागरूक करने के लिए मार्च 1975 में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाए जाने की घोषणा सर्वप्रथम 'अमेरिकन डायटेटिक्स एसोसिएशन' द्वारा की गई थी, जिसे अब 'न्यूट्रिशन एंड डाइट साइंस एकेडमी' के नाम से जाना जाता है। 1980 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह एक सप्ताह के बजाय पूरे एक माह तक मनाया जाने लगा लेकिन 1982 में निर्णय लिया गया कि इसे पूरे एक महीने के बजाय सितम्बर महीने के पहले सप्ताह में ही मनाया जाएगा। तभी से एक से सात सितम्बर तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जा रहा है। पोषण सप्ताह के अवसर पर लोगों को शरीर को पोषण देने वाले फल, सब्जियों और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्रियों को आजमाने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुपोषण का मनुष्य के स्वास्थ्य और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता में कमी और आर्थिक पिछड़ेपन की समस्या भी उत्पन्न होती है।

पोषण स्वास्थ्य और कल्याण का केन्द्र बिंदु है, जो कार्य करने के लिए शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करता है और तंदुरुस्त एवं बेहतर महसूस करने में भी मददगार होता है। पर्याप्त पोषण का सेवन करने वाले व्यक्ति अधिक कार्य करते हैं जबकि खराब पोषण प्रतिरक्षा में




कमी, बीमारी के जोखिम को बढ़ाने, शारीरिक एवं मानसिक विकास को क्षीण करने तथा कार्यक्षमता में कमी पैदा करने का कार्य करता हैं। अच्छे पोषण का उत्पादकता, आर्थिक विकास तथा अंततः राष्ट्रीय विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है और अच्छा पोषण लोगों को स्वस्थ बनाए रखते हुए स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण भी करता है। इसीलिए नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ अच्छे पोषण को अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पोषण का संबंध शरीर की आवश्यकतानुसार आहार के सेवन को माना गया है और कुपोषण को अपर्याप्त या असंतुलित आहार द्वारा खराब पोषण के रूप में परिभाषित किया गया है।

अच्छे पोषण से स्वस्थ बच्चे बेहतर तरीके से सीखते हैं लेकिन आज के दूषित खानपान और फास्टफूड वाली जीवनशैली में कुपोषण खासकर विकासशील देशों की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। एक अनुमान के अनुसार दुनियाभर में एक तिहाई से भी ज्यादा बच्चों की मृत्यु में कुपोषण का बड़ा योगदान है और पूरी दुनिया में हर तीन कुपोषित बच्चों में से एक भारत में है। भारत को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए 8 मार्च 2018 को पोषण अभियान भी शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य खासतौर से 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार करना था और वर्ष 2022 के अंत तक देश से कुपोषण खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन पोषण अभियान फंड के इस्तेमाल में जिस तरह की उदासीनता देखी जाती रही है, उसे देखते हुए यह लक्ष्य हासिल करना अभी दूर की कौड़ी प्रतीत होता है। नीति आयोग की चौथी प्रगति रिपोर्ट से खुलासा हुआ था कि देश के 23 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों ने तो इस मद में आधे से भी कम फंड का इस्तेमाल किया। यदि हम वाकई देश को कुपोषण मुक्त राष्ट्र का दर्जा देना चाहते हैं तो उदासीनता की इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा।

हमारे भोजन में रंग और खुशबू देने वाले रासायनिक पदार्थ जैसे कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं, जो पोषक तत्व नहीं होते लेकिन कार्बोज, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज लवण, पानी इत्यादि प्रमुख पोषण तत्व हैं। यदि ए पोषण तत्व हमारे भोजन में उचित मात्रा में विद्यमान न हों, तो हमारा शरीर अस्वस्थ हो जाएगा। भोजन के वे सभी तत्व, जो शरीर में आवश्यक कार्य करते हैं, पोषण तत्व कहलाते हैं। यह आवश्यक तत्व जब हमारे शरीर की आवश्यकतानुसार सही अनुपात में उपस्थित होते हैं, तब उसे सर्वोत्तम पोषण या समुचित पोषण की संज्ञा दी जाती है लेकिन जब पोषक तत्व



योगेश कुमार गोयल

शरीर में सही अनुपात में विद्यमान नहीं होते या उनके बीच में असंतुलन होता है तो वह कुपोषण कहलाता है यानी अधिक पोषण या कम पोषण दोनों को ही कुपोषण कहा जाता है। कम पोषण का अर्थ है आहार में किसी एक या एक से अधिक पोषण तत्वों की कमी और अधिक पोषण का अर्थ है एक या अधिक पोषक तत्वों की भोजन में अधिकता।

शरीर में पोषक तत्वों की अधिकता और कमी दोनों ही समान रूप से हानिकारक हैं, शारीरिक जरूरतों को पूरा करने के लिए भोजन में उचित मात्रा में आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति होनी चाहिए। पोषक तत्वों के संतुलन और असंतुलन को इसी से समझा जा सकता है कि जब कोई व्यक्ति एक दिन में ऊर्जा खपत से अधिक ऊर्जा ग्रहण करता है तो वह वसा के रूप में शरीर में एकत्र हो जाती है, जिससे व्यक्ति मोटापे का शिकार हो सकता है। पौष्टिक भोजन स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण आधारशिला है और अच्छे पोषण के लिए जरूरी है कि फास्ट फूड के बजाय घर में बने पारंपरिक और पौष्टिक आहार के सेवन को ही प्राथमिकता दें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### रूसी सेंटर ग्रुप के हमले में 385 यूक्रेनी सैनिकों की मौत

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रूसी सुरक्षा बलों के 'सेंटर' समूह के हमले में पिछले 24 घंटे में 385 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस हमले में यूक्रेनी सशस्त्र बलों को 385 सैनिकों, पांच बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों, चार मोटर वाहनों और तीन तोपों का नुकसान हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि रूस के जैपद (प.) ग्रुप के सैनिकों ने 240 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया है तथा वोस्तोक (पूर्व) ग्रुप के साथ लड़ाई में विरोधी पक्ष के 225 सैनिक मारे गए।

### चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री बाबिस पर चुनावी रैली में हमला

**प्राग।** चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री आंद्रेज बाबिस पर सोमवार को एक चुनावी रैली के दौरान एक व्यक्ति ने उनके सिर पर किसी वस्तु से हमला कर दिया। चेक समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बाबिस की पार्टी एएनओ के एक प्रवक्ता के हवाले से बताया कि 2017 से 2021 तक चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री रहे बाबिस घटना के बाद जांच के लिए अस्पताल गए। उन्हें आई चोटों की गंभीरता के बारे में अभी पता नही चल पाया है। यह हमला पूर्वी शहर डोबरा में हुआ। चेक पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों ने हमले के तुरंत बाद उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और मामले की जांच की जा रही है।

### वियतनाम ने राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ मनाई

**हनोई।** वियतनाम समाजवादी गणराज्य ने अगस्त क्रांति और राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ मनाई। वियतनाम समाचार एजेंसी के अनुसार राजधानी हनोई के बा दीन्ह स्क्वायर पर एक भव्य सैन्य परेड के साथ मंगलवार को अगस्त क्रांति और राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ समारोह को आयोजित किया गया। समारोह का आरंभ 21 तोपों की सलामी के साथ हुआ, जिसके बाद सशस्त्र बलों और पुलिस की टुकड़ियों के साथ एक सैन्य परेड हुई। परेड में सैन्य वाहनों, तोपों और हथियारों को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित किया गया।

### डॉ. दीपक मित्तल यूएई में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी डॉ. दीपक मित्तल को संयुक्त अरब अमीरात में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि डॉ. मित्तल विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी हैं और उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। वह कतर में भारत के राजदूत रह चुके हैं। डॉ. मित्तल संजय सुधीर की जगह लेंगे जो अब तक संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत थे।

# फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी में बेल्जियम

## फैसला नौ सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक रूप से पेश किया जाएगा

**बेल्जियम ने यह कदम ऐसे समय में उठाया जब गाजा पर इजरायल की सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है**



**ब्रुसेल्स।** बेल्जियम ने घोषणा की है कि वह फलस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यह एलान बेल्जियम के विदेश मंत्री ने किया।

उन्होंने कहा कि यह फैसला नौ सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक रूप से पेश किया जाएगा। हालांकि, इसके लिए दो शर्तें रखी गई हैं। गाजा में बंदी बनाए गए सभी इजरायली नागरिकों की रिहाई और हमास को राजनीतिक सत्ता से हटाना। विदेश मंत्री प्रेवोट ने साफ किया कि बिना इन दो शर्तों के यह मान्यता संभव नहीं है।

इसका मतलब है कि फिलहाल यह फैसला तुरंत लागू नहीं हो सकेगा। बेल्जियम ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब गाजा पर इजरायल की सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है और दुनिया के कई देश फलस्तीन को मान्यता देने की प्रक्रिया में हैं। अब तक 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र मान चुके हैं, जिनमें दर्जनभर यूरोपीय देश भी शामिल हैं। प्रेवोट ने मंगलवार को यह भी कहा कि बेल्जियम वेस्ट बैंक में इजरायली बस्तियों से आने वाले सामान पर बैन लगाएगा। साथ ही हमास नेताओं, हिंसक यहूदी बसने वालों और दो अतिदक्षिणपंथी इजरायली मंत्रियों को पर्सोना नान ग्राटा यानि देश में प्रवेश न करने योग्य घोषित करेगा। प्रेवोट ने कहा कि यह कदम इजरायली जनता को दंडित करने के लिए नहीं है, बल्कि सरकार पर अंतर्राष्ट्रीय और मानवीय कानून का पालन कराने के लिए उठाया गया है। प्रेवोट ने यूरोपीय संघ से भी अपील की कि वह इजरायल पर और दबाव बनाए। उन्होंने कहा कि ईयू को इजरायल के साथ व्यापार समझौते यानि एसोसिएशन एग्रीमेंट को निलंबित करना चाहिए। गाजा युद्ध ने यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों में मतभेद बढ़ा दिए हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड जैसे देशों में यह मसला राजनीतिक गठबंधनों को भी प्रभावित कर रहा है। हालांकि, इजरायल और यूरोप के बीच सैन्य, व्यापारिक और शैक्षणिक रिश्ते अब भी काफी मजबूत बने हुए हैं। बेल्जियम की घोषणा पर इजरायल के दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन गवीर ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देश हमास के बहकावे में आ रहे हैं और अंततः उन्हें भी आतंकवाद का सामना करना पड़ेगा। उनके अलावा इजरायल के वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच भी संभावित प्रतिबंधों की जद में आ सकते हैं। दूसरी ओर, फ्रांस और ब्रिटेन ने भी फलस्तीन को मान्यता देने की योजना बनाई है, जिससे इजरायल पर कूटनीतिक दबाव और बढ़ गया है। आस्ट्रेलिया, कनाडा और कुछ यूरोपीय देशों ने भी फलस्तीन को मान्यता देने की इच्छा जताई है, लेकिन वे इसे फलस्तीनी प्राधिकरण के सुधारों पर निर्भर बता रहे हैं।




नई दिल्ली। देश की राजधानी में लगातार हो रही भारी बारिश के बाद लोहा पुल पर भरे पानी के बीच से गुजरते रिक्शा चालक।

## बाढ़ का पानी टबों और बर्तानों में जमा करें: पाक मंत्री

**पाक को बड़े बांध बनने का इंतजार करने की बजाय छोटे बांध बनाना चाहिए, वो जल्दी तैयार हो सकें**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब बाढ़ से 24 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और एक हजार से ज्यादा गांव पानी में डूब गए हैं। इस बीच, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बाढ़ से निपटने के लिए एक अजीब सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि लोग बाढ़ का पानी नालियों में बहाने की बजाय इसे अपने घरों में टबों या बर्तनों में जमा करें। पाकिस्तान के न्यूज चैनल से बात करते हुए आसिफ ने कहा: जो लोग बाढ़ का विरोध कर रहे हैं, उन्हें यह पानी अपने घर ले जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को इस पानी को टबों और बर्तनों में रखना चाहिए। हमें इस पानी को आशीर्वाद मानकर जमा करना चाहिए। आसिफ ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को बड़े बांध बनने का इंतजार करने की बजाय छोटे बांध बनाना चाहिए, जो जल्दी तैयार हो सकें। पाकिस्तान में इस साल से जून से अब तक बाढ़ और लैंडस्लाइड की वजह से 197 बच्चों समेत करीब 770 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 990 से ज्यादा घायल हुए हैं। जबकि 4000 से ज्यादा घर डैमेज हुए हैं।

## अजरबैजान के राष्ट्रपति का भारत पर आरोप

**पाकिस्तान से संबंधों का बदला ले रहा, रिपोर्ट: भारत ने अजरबैजान की एससीओ में एंट्री रोकी**

**तियानजिन।** अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने भारत पर आरोप लगाया है कि वह, अजरबैजान की पाकिस्तान से नजदीकी का बदला वैश्विक मंचों पर ले रहा है।

यह बयान उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात में दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत नेएससीओ की सदस्यता के लिए अजरबैजान की दावेदारी को खारिज कर दिया था। इसके पीछे उसकी पाकिस्तान से नजदीकी को वजह बताया जा रहा है। दरअसल मई में आपरेशन सिंदूर के दौरान अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। अलीयेव ने कहा कि भारत के रुख के बावजूद उनका देश पाकिस्तान के साथ रिश्तों को प्राथमिकता देता है। पाकिस्तानी पीएम शरीफ ने भारत के साथ हुए सैन्य टकराव के दौरान अजरबैजान के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान में आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। इस आपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। आपरेशन के बाद अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया और भारत के एक्शन की निंदा की।

## रूसी नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त नीति का परीक्षण करेगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने 15 सितम्बर, 2025 से 14 सितम्बर, 2026 तक सामान्य पासपोर्ट धारक रूसी नागरिकों के लिए वीज़ा-मुक्त नीति का परीक्षण करने का निर्णय लिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सामान्य पासपोर्ट धारक रूसी नागरिक जो व्यापार, पर्यटन, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलने या 30 दिनों से अधिक समय के लिए चीन आते हैं, वे बगैर वीज़ा के चीन में प्रवेश कर सकते हैं। गुओ ने कहा कि चीन दोनों देशों के बीच लोगों के आने-जाने को सुगम बनाने को बहुत महत्व देता है और द्विपक्षीय लोगों के बीच आने-जाने को मजबूत करने का समर्थन करता है।

# अमेरिका को नागवार गुजरा मोदी, पुतिन और जिनपिंग का मिलन

## मोदी को पुतिन-जिनपिंग के साथ देखना शर्मनाक: पीटर नवारों



**ट्रम्प के सलाहकार ने कहा: उन्हें रूस के बजाय अमेरिका के साथ होना चाहिए, यूएस वित्त मंत्री बोले: एससीओ बैठक दिखावा**

**वाशिंगटन।** ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और चीन के नेताओं के साथ नजदीकियों पर आपत्ति जताई है। नवारो ने कहा कि मोदी का शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन के साथ खड़ा होना शर्मनाक है। उन्होंने सवाल उठाया कि पता नहीं मोदी क्या सोच रहे हैं, हमें उम्मीद है कि वे समझेंगे कि उन्हें रूस की बजाय हमारे साथ होना चाहिए।

इसके अलावा नवारों ने सोमवार को भारतीय ब्राह्मणों पर रूसी तेल खरीद कर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि भारत के ब्राह्मण रूसी तेल से मुनाफा कमा रहे हैं, जिसकी कीमत पूरा भारत चुका रहा है। नवारो ने कहा कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे यूक्रेन पर हमला करने के लिए पैसे दे रहा है। इसलिए सबसे ज्यादा टैरिफ झेल रहा है। इससे रूस और अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है, बल्कि आम भारतीयों को हो रहा है। यह बात उन्हें समझनी चाहिए। नवारो ने भारत को 'रूस की धुलाई मशीन' कहा और आरोप लगाया कि भारत न सिर्फ व्यापार असंतुलन बढ़ा रहा है, बल्कि ऐसे गठजोड़ भी मजबूत कर रहा है, जो अमेरिका के हितों के खिलाफ हैं। अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे मास्को की जंग मशीन को ताकत मिल रही है। उन्होंने भारत को बुरा खिलाड़ी करार दिया। बेसेंट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया एससीओ बैठक को दिखावा बताया। हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत मजबूत लोकतंत्र हैं और मतभेद सुलझा सकते हैं। बेसेन्ट ने ट्रेड डील पर धीमी बातचीत को भारत पर टैरिफ की एक प्रमुख वजह बताया। चीन के तियानजिन मेंएससीओ की बैठक हुई। बैठक से पहले फोटो सेशन के दौरान भारतीय पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन एक साथ नजर आए।

## जिनपिंग व उज्बेक राष्ट्रपति शावकत की हुई मुलाकात

**एससीओ सम्मेलन 2025 में शामिल होने चीन आए हैं शावकत मिर्जियोयेव**

**बीजिंग।** शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन 2025 (एससीओ) में शामिल होने के लिए चीन आए उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मंगलवार को मुलाकात हुई।

इस दौरान जिनपिंग ने कहा कि चीन उज्बेकिस्तान की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की रक्षा में उसका समर्थन करता है। मिर्जियोयेव एससीओ के साथ ही जापानी आक्रमण के विरुद्ध चीनी जन प्रतिरोध युद्ध और विश्व फासीवाद-विरोधी युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मरणोत्सव में भी भाग लेंगे। जिनपिंग ने कहा कि चीन विकास रणनीतियों के समन्वय में तेज़ी लाने, चीन-किर्गिज़स्तान-उज्बेकिस्तान रेलवे परियोजना के निर्माण को आगे बढ़ाने, संयुक्त वैज्ञानिक अनुसंधान, हरित ऊर्जा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा, आपातकालीन प्रबंधन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, गरीबी उन्मूलन और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को मज़बूत करने के लिए उज़्बेकिस्तान के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि साथ ही चीन सांस्कृतिक, शैक्षिक, पर्यटन और स्थानीय आदान-प्रदान का विस्तार भी करेगा।

## पूर्व अमेरिकी एनएसए ने ट्रम्प को घेरा

### टैरिफ को लेकर कहा: भारत को रूस से दूर करने के प्रयास ध्वस



**ट्रम्प पर अपने आर्थिक दृष्टिकोण से रणनीतिक लाभ को खतरे में डालने का आरोप लगाया**

**वाशिंगटन।** टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने ही घर में घिरते नजर आ रहे हैं। अब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जान बोल्टन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका की टैरिफ नीति ने भारत को रूस से दूर करने और चीन से बढ़ते खतरे से निपटने के पश्चिमी प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है। एक्स पर पोस्ट में बोल्टन ने ट्रम्प पर अपने आर्थिक दृष्टिकोण से रणनीतिक लाभ को खतरे में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि टैरिफ नीति ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पूर्व में भू-राजनीतिक परिदृश्य को नया रूप देने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम ने दशकों से भारत को रूस से दूर करने की कोशिश की है और चीन द्वारा उत्पन्न खतरे के प्रति भारत को आगाह किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी विनाशकारी टैरिफ नीति से दशकों के प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा कूटनीतिक कदमों को व्यापक रणनीतिक संदर्भ में देखने की अनिच्छा ने शी जिनपिंग को पूर्व को फिर से स्थापित करने का अवसर दिया है। जान बोल्टन एक पूर्व अमेरिकी सरकारी अधिकारी हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (2018-19) के रूप में कार्य किया। बाद में उन्होंने विदेश नीति पर ट्रम्प के साथ मतभेदों को लेकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बोल्टन की टिप्पणी चीन के तियानजिन में 25वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन के बाद आई है।

## वैश्विक मामलों में डॉलर का दुरुपयोग कर रहे पश्चिमी देश

**विरोधी देशों की आर्थिक नीतियों को प्रभावित कर रहे हैं पश्चिमी देश: लावरोव**

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पश्चिमी देशों पर आरोप लगाया कि कि वे अपने विरोधी देशों को दबाने के लिए डॉलर पर अपनी पकड़ का दुरुपयोग कर रहे हैं तथा प्रतिबंधों, आयात शुल्क और अन्य माध्यमों से अपने विरोधी देशों की आर्थिक नीतियों को प्रभावित कर रहे हैं।

यह जानकारी रूसी समाचार एजेंसी तास ने मंगलवार को दी। तास की रिपोर्ट के अनुसार, लावरोव ने टिप्पणी किया कि पश्चिम एक नई बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के उदय का विरोध कर रहा है तथा इसे रोकने की हरसंभव कोशिश कर रहा है यहां तक कि बातचीत एवं निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के बजाय प्रत्यक्ष ब्लैकमेल, दबाव एवं प्रतिबंधों का सहारा ले रहा है। रूसी विदेश मंत्री ने सरकारी प्रसारक वीजीटीआरके के टेलीग्राम चैनल पर एक साक्षात्कार में कहा कि पश्चिमी देश वैश्विक मामलों में डॉलर का दुरुपयोग कर रहे हैं तथा अपने आसपास के सभी देशों पर टैरिफ युद्ध थोप रहे हैं। उन्होंने यह टिप्पणी चीन के तियांजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन तथा भारतीय, चीनी और रूसी राष्ट्राध्यक्षों के बीच त्रिपक्षीय बैठक के दौरान की है जिनमें सभी ने अमेरिकी आयात शुल्क के विरोध में सामूहिक विरोध की भावना व्यक्त की।

# नेस्ले CEO की नौकरी गई, कर्मचारी के साथ रिलेशन में थे

## एस्ट्रोनामर सीईओ भी एचआर के साथ रोमांस करते वायरल हुए थे, इस्तीफा देना पड़ा



**मैं लारेंट को उनकी कई सालों की सेवा के लिए धन्यवाद देता हूं: पाल बल्के**

**मुंबई।** एफएमसीजी कंपनी नेस्ले ने अपने चीफ एग्जीक्यूटिव आफिसर (सीईओ) लारेंट फ्रीक्स को नौकरी से निकाल दिया है। फ्रीक्स का एक साथी कर्मचारी के साथ अफेयर के चलते यह कार्रवाई की गई है। कंपनी ने सोमवार को एक नोटिफिकेशन में इसकी जानकारी दी।

इसमें बताया कि फ्रीक्स ने इस रिश्ते की जानकारी भी कंपनी को नहीं दी। यह नियमों का उल्लंघन है। कंपनी ने अब उनकी जगह सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और नेस्ले के काफी स्ट्रैटजिक बिजनेस यूनिट के हेड फिलिप नवरातिल को नया सीईओनियुक्त किया है। नेस्ले ने कहा कि फ्रीक्स को निकालने का फैसला एक जांच के बाद लिया गया, जिसमें पता चला कि उनका अपनी डायरेक्ट सबआर्डिनेट (पीए) के साथ रोमांटिक रिश्ता था। इस जांच को कंपनी के चेयरमैन पाल बल्के और लीड इंडिपेंडेंट डायरेक्टर पाब्लो इस्ला ने देखा, जिसमें बाहर के वकीलों की भी मदद ली गई। पाल बल्के ने कहा कि ये फैसला जरूरी था। नेस्ले के मूल्य और नियम हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। मैं लारेंट को उनकी कई सालों की सेवा के लिए धन्यवाद देता हूं। लारेंट फ्रीक्स को पिछले साल ही चीफ एग्जीक्यूटिव बनाया गया था। उस समय नेस्ले का स्टाक 2022 की शुरुआत के मुकाबले करीब 40 प्रतिशत गिर गया था। उस वक्त यूरोप और अमेरिका में वेट-लास ड्रग्स की वजह से लोगों की खाने की आदतें बदल रही थीं। फ्रेक्स ने कंपनी में करीब 40 साल काम किया था और मार्क नाइडर की जगह ली थी। नए सीईओने कहा: कंपनी के काम को सपोर्ट करूंगा। फिलिप नवरातिल के कंपनी का नया सीईओबनाया गया है। उन्होंने 2001 में नेस्ले में इंटरनल आडिटर के तौर पर शुरुआत की थी और 2009 में नेस्ले होंडुरस के कंट्री मैनेजर बने। 2013 में उन्होंने मेक्सिको में कंपनी के काफी और बेवरेज बिजनेस को संभाला। पिछले साल वे नेस्ले नेस्प्रेसो के चीफ एग्जीक्यूटिव बने और इस साल एग्जीक्यूटिव बोर्ड में शामिल हुए थे। नवरातिल ने कहा कि मैं कंपनी की स्ट्रैटजिक दिशा और परफार्मेंस को बेहतर करने के प्लान को पूरी तरह सपोर्ट करता हूं।

## ऑस्ट्रेलिया में अपमानजनक पहुंच वाली तकनीकों पर लगेगा प्रतिबंध

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया की सरकार ने मंगलवार की घोषणा की है कि वह अपमानजनक पहुंच वाली तकनीकों को प्रतिबंधित करने जा रही है, इनमें एआई टूल भी शामिल हैं, जो अश्लील चित्र बनाने की क्षमता रखते हैं।

संचार मंत्री एनिका वेल्स ने कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी उद्योग के साथ मिलकर काम करेगी, ताकि छिपे हुए ऑनलाइन स्टॉकिंग टूल्स और एआई ऐप तक पहुंच को प्रतिबंधित किया जा सके। ये टूल्स और ऐप्स स्पष्ट रूप से अश्लील डीपफेक सामग्री बना सकते हैं। सुवेल्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया में एआई और वैध ट्रैकिंग तकनीक के लिए एक जगह है, लेकिन ऐसे किसी भी ऐप्स और तकनीकों के लिए कोई जगह नहीं है, जिनका उपयोग केवल लोगों, विशेषकर हमारे बच्चों को हानि पहुंचाने वाले, अपमानित करने और नुकसान पहुंचाने के लिए किया जाता है। यह इतना महत्वपूर्ण है कि हम इस पर कार्रवाई किए बिना नहीं रह सकते। अपमानजनक तकनीकें व्यापक रूप से और आसानी से उपलब्ध हैं और अब वास्तविक और अपूरणीय क्षति का कारण बन रही हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई मौजूदा कानूनों की पूरक होगी, जो पीछा करने और यौन सामग्री के बिना सहमति के वितरण पर रोक लगाती है। नए कानून भी अपमानकारी टूल तक पहुंच को सीमित करने की ज़िम्मेदारी तकनीकी कंपनियों पर डालेंगे। संघीय सरकार की ई-सुरक्षा आयुक्त जूली इनमैन ग्रांट ने जून में कहा था कि पिछले 18 महीनों में 18 वर्ष से कम आयु के लोगों की डिजिटली बनाई गई अंतरंग तस्वीरों की घटनाओं की संख्या पिछले सात सालों की तुलना में दोगुनी हो गई है।

